**आज का दिन**

08 अगस्त 1942 को मुंबई के ग्वालिया टैंक मैदान में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की बैठक में महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन को भारत छोड़ने का संदेश देते हुए ''करो या मरो'' का नारा दिया। इस आंदोलन ने देशभर में आजादी की लड़ाई को नई ऊर्जा दी और लाखों भारतीयों ने स्वतंत्रता के लिए संघर्ष में हिस्सा लिया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खंबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 12 | पृष्ठ 12 | अंक 153 | रांची, शनिवार ,08 अगस्त 2026 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com







# पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार नहीं, हर नागरिक की जिम्मेदारी : हेमन्त सोरेन

एजेंसी

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वन महोत्सव कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक और सामाजिक दायित्व है। जब तक आमजन इस दिशा में सक्रिय भागीदारी नहीं निभाएंगे, तब तक जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौती का प्रभावी समाधान संभव नहीं होगा। उन्होंने सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने और हरित एवं समृद्ध भविष्य के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री शुक्रवार को रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित 77 वें राज्यव्यापी वन महोत्सव-2026 में बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन व उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की बढ़ती चुनौतियों के बीच पौधारोपण पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने ने राज्यवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन विश्व की सबसे गंभीर और चिंताजनक चुनौतियों में से एक बन चुका है। इसके प्रभाव अब केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन, कृषि, जल संसाधनों, जैव विविधता और समग्र विकास प्रक्रिया पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसके संरक्षण एवं देखभाल का संकल्प भी ले। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जनभागीदारी सबसे प्रभावी माध्यम है। यदि राज्य का प्रत्येक नागरिक एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी निभाए, तो आने वाले समय में झारखंड हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक मिसाल बन सकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में विभिन्न अभियान के तहत लगाए गए पौधों की स्थिति का वे स्वयं जायजा लेंगे। साथ ही, पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं और समुदायों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित भी किया जाएगा।




## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को ब्रह्माकुमारी बहनों ने बांधी राखी, दिया सद्भावना का संदेश



रांची। झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की निदेशक ब्रह्माकुमारी निर्मला, सहयोगी इंदु साबू, प्रदीप कुमार एवं सुनैना कुमारी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी निर्मला ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को रक्षासूत्र (राखी) बांधकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सावन मास एवं रक्षाबंधन के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए पवित्रता, प्रेम, भाईचारे, सद्भावना एवं मानवीय मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। साथ ही राज्य की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ब्रह्माकुमारी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए शुभकामनाओं के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने समाज में नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के संवर्धन तथा सकारात्मक जीवन मूल्यों के प्रसार के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

## नेहा बोरा ने आरएसएस पर लगाए आरोप, कहा- उनके सदस्य ने फेंकी स्याही



रांचीः झारखंड में आंदोलनकारी छात्रों के आंदोलन के समर्थन में आज अक्रअ और अन्य जनवादी छात्र संगठनों के विधानसभा मार्च के दौरान अक्रअ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा पर एक युवक ने स्याही फेंका. विधानसभा मार्च के बाद न्यू एमएलए आवास में संवाददाता सम्मेलन कर अक्रअ की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा ने बताया कि उनके ऊपर जिस युवक ने स्याही फेंका, वह आरएसएस का सदस्य है. नेहा बोरा ने कहा कि छात्रों की मांग के समर्थन में हमलोग आज मार्च कर रहे थे, उस मार्च के दौरान मेरे साथ मेरे अन्य साथी भी थी. नेहा बोरा ने कहा कि जिस व्यक्ति ने उनपर स्याही फेंकी है उसका नाम अमरनाथ पांडेय है और वह आरएसएस का सदस्य है. नेहा बोरा ने कहा कि पुलिस उससे तहकीकात कर रही है लेकिन जहां तक पता चला है कि वह हजारीबाग का रहने वाले हैं और विनोबा भावे विश्वविद्यालय से हिंदी प्रतिष्ठा का छात्र है.

## ब्रिक्स सम्मेलन- 2026: आज भागीदार देशों के संस्कृति मंत्री पहुंचेंगे भोपाल, शाम को होगा सांस्कृतिक महोत्सव

एजेंसी

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय ब्रिक्स संस्कृति सम्मेलन-2026 का आज तीसरा दिन है। आज ब्रिक्स देशों के संस्कृति मंत्री भोपाल पहुंचेंगे। वहीं, शाम को 'ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव 2026' आयोजित होगा। जनसम्पर्क विभाग के अनुसार, भोपाल के रविन्द्र भवन में आयोजित 'ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव 2026' भारत और सदस्य ब्रिक्स देशों के प्रख्यात संगीतकारों और कलाकारों को एक साथ लाने वाला एक विशेष रूप से तैयार किया गया सहयोगात्मक संगीतमय कार्यक्रम है। कार्यक्रम की शुरूआत 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के आह्वान के साथ होगी, जिसके बाद हिंदुस्तानी और कर्नाटक शास्त्रीय परंपराओं का उत्सव मनाता हुआ 'कलर्स ऑफ इंडियन म्यूजिक' प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'ब्रिक्स पीस सॉन्ग - पीस इज द लैंग्वेज ऑफ द लैंड' होगा, जो भाग लेने वाले ब्रिक्स देशों की एक संगीतमय यात्रा प्रस्तुत करेगा। इसमें बेलारूस, ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात की संगीतमय परंपराओं का समावेश होगा।



## 12 अगस्त से संसद में एफसीआरए बिल पर चर्चा संभव

एजेंसी

नई दिल्लीः संसद के चल रहे मानसून सत्र में विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 (एफसीआरए बिल) को लेकर चर्चा तेज हो गई है. सरकार इस विधेयक को सत्र खत्म होने से पहले पारित कराने की कोशिश में है, जबकि अल्पसंख्यक संगठनों ने इसका विरोध जताया है और संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग की है. गुरुवार को इस संबंध में मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद बताया कि बिल पर संसद में 12 अगस्त को चर्चा शुरू होने की संभावना है. उन्होंने कहा कि शाह ने आश्वासन दिया है कि यह प्रावधान पूर्वव्यापी तरीके से लागू नहीं होगा. मानसून सत्र 13 अगस्त को समाप्त होने वाला है, इसलिए सरकार इसे दोनों सदनों में पारित कराने को प्राथमिकता दे रही है. एफसीआरए बिल मार्च 2026 में लोकसभा में पेश किया गया था. इसमें उन संगठनों की विदेशी अंशदान से बनी संपत्तियों के प्रबंधन के लिए एक नामित प्राधिकरण बनाने का प्रावधान है, जिनका एफसीआरए पंजीकरण रद्द, सरेंडर या समाप्त हो जाता है. सरकार का कहना है कि इसका उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना, जवाबदेही सुनिश्चित करना और विदेशी फंडिंग के दुरुपयोग को रोकना है. हालांकि, ईसाई संगठनों और अल्पसंख्यक मंचों जिनमें मुस्लिम और ईसाई दोनों से जुड़े फोरम शामिल हैं।



## आईआईटी दिल्ली का दीक्षांत समारोह कल, प्रधानमंत्री अलंकृत करेंगे मेधावी विद्यार्थियों को

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को दिल्ली स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के 57वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर मेधावी छात्रों को सर्वोच्च सम्मान प्रदान करेंगे। इस दौरान वो सोनीपत परिसर में स्थापित एआई-संचालित उच्च-प्रदर्शन सुपरकंप्यूटिंग सुविधा परम प्रज्ञा का उद्घाटन भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी समारोह के दौरान डिग्री प्राप्त करने वाले 587 पीएचडी शोधार्थियों सहित तीन हजार से अधिक स्नातक छात्रों को संबोधित करेंगे। साथ ही, मेधावी छात्रों को संस्थान के सबसे प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान करेंगे। इनमें राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक, निदेशक का स्वर्ण पदक, शंकर दयाल शर्मा स्वर्ण पदक और परफेक्ट टेन स्वर्ण पदक शामिल हैं। प्रधानमंत्री आईआईटी दिल्ली के सोनीपत परिसर में स्थापित कृत्रिम बुद्धिमत्ता से संचालित उच्च-प्रदर्शन सुपरकंप्यूटिंग सुविधा 'परम प्रज्ञा' का उद्घाटन करेंगे। इस अत्याधुनिक सुविधा से संस्थान की कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा विज्ञान, उन्नत कंप्यूटिंग और अंतःविषयक अनुसंधान क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

## 10 लाख के इनामी नक्सली के साथ दो महिला माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

रांचीः पश्चिमी सिंहभूम में माओवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे लगातार अभियान के बीच झारखंड पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के जोनल कमेटी सदस्य और लंबे समय से सक्रिय कुख्यात नक्सली सालुका कायम उर्फ भुवनेश्वर उर्फ मरु उर्फ डांगिल उर्फ विक्रम उर्फ तुबई उर्फ जयराम ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है. सालुका के साथ दो महिला नक्सलियों पिंकी और एक इनामी कोदोमुनी ने भी सरेंडर किया है. पुलिस मुख्यालय ने तीनों के आत्मसमर्पण की पुष्टि की है. सारंडा और कोल्हान के जंगलों में पुलिस, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियान ने माओवादी संगठन की गतिविधियों को काफी हद तक सीमित कर दिया है. लगातार घेराबंदी, सुरक्षित ठिकानों की कमी और संगठन के कमजोर पड़ते नेटवर्क के कारण कई सक्रिय माओवादी अब मुख्यधारा में लौटने का रास्ता चुन रहे हैं. इसी कड़ी में सालुका कायम ने भी आत्मसमर्पण का फैसला लिया और दो महिला साथियो के साथ हथियार डाल दिए. पुलिस के अनुसार मिसिर बेसरा की गिरफ्तारी के बाद से ही सालुका बेहद तनाव में था. सालुका कायम के साथ दो महिला माओवादियों ने भी आत्मसमर्पण किया है. इसी आत्मसमर्पण अभियान के तहत दो महिला माओवादी पिंकी और कोदोमुनी ने भी हथियार छोड़ दिए. पुलिस रिकॉर्ड में पिंकी के खिलाफ आठ मामले दर्ज हैं और वह वर्ष 2019 में वन विभाग के विश्रामगृह को विस्फोट से उड़ाने सहित कई मामलों में वांछित रही है.



## जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म को लेकर सरकार और छात्रों के बीच वार्ता

एजेंसी

रांचीः जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से जारी छात्र आंदोलन के बीच अब सरकार और आंदोलनकारी छात्रों के बीच वार्ता का रास्ता साफ हो गया है. जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में चल रहे आंदोलन के बीच कुछ ही देर में राज्य सरकार के प्रतिनिधियों और छात्र डेलिगेशन के बीच बैठक शुरू होने वाली है. दोनों पक्षों के बीच होने वाली इस वार्ता पर आंदोलनकारी छात्रों के साथ-साथ पूरे राज्य की नजर है. सरकार की ओर से वार्ता में मंत्री संजय प्रसाद यादव, दीपिका सिंह पांडेय, चमरा लिंडा, सुदिव्य कुमार और स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह के शामिल होने की जानकारी दी गई है. वहीं, जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म मंच की ओर से सरकार से बातचीत के लिए 10 सदस्यीय डेलिगेशन की अंतिम सूची तैयार कर ली गई है. छात्र डेलिगेशन में रवीन्द्र पासवान, पीयूष कुमार, राजेश प्रसाद, नीतू कुजूर, अंकित राज, कार्तिक सोरेन, शालू कुमारी, रवींद्र कुमार रवि, आनंद कुमार और अंकित कुमार शामिल हैं. यही प्रतिनिधि बैठक में छात्रों की ओर से अपनी मांगों और आंदोलन से जुड़े प्रमुख मुद्दों को सरकार के सामने रखेंगे. दरअसल, जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, परीक्षा प्रक्रिया में सुधार और भर्ती व्यवस्था को पारदर्शी बनाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर छात्र लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं. आंदोलनकारी छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस और संतोषजनक पहल नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा. वार्ता को लेकर सरकार और छात्रों के बीच पिछले कुछ समय से लगातार संवाद की प्रक्रिया चल रही थी. प्रशासन की ओर से छात्रों से डेलिगेशन के नाम मांगे गए थे. इसके बाद छात्रों ने अपने प्रतिनिधिमंडल को अंतिम रूप दिया है.



# हंगामे के बीच झारखंड विधानसभा में 8,399 करोड़ रुपये का प्रथम अनुपूरक बजट पेश

एजेंसी

रांची। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान शुक्रवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विपक्ष के हंगामे के बीच वित्तीय वर्ष 2026-27 का प्रथम अनुपूरक बजट पेश किया। अनुपूरक बजट का कुल आकार 8,399 करोड़ 31 लाख 11 हजार रुपये है। विधानसभा में बजट पेश किए जाने के दौरान विपक्षी सदस्य जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर लगातार नारेबाजी करते रहे। हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री ने अनुपूरक बजट सदन के पटल पर रखा। सरकार के अनुसार, अनुपूरक बजट पर सदन में विस्तृत चर्चा चालू सत्र के दौरान इसके पारित होने से पहले कराई जाएगी। इसके अलावा हंगामे के बीच विधानसभा की विभिन्न समितियों की रिपोर्ट भी सदन के पटल पर प्रस्तुत की गई। उल्लेखनीय है कि लगातार हंगामे और नारेबाजी के कारण विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।



**ग्रामीण विकास विभाग के लिए सबसे ज्यादा राशि क्यों**

अनुपूरक के जरिए ग्रामीण कार्य विभाग के लिए 885.83 करोड़, पंचायती राज विभाग के लिए 244.80 करोड़, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के लिए 946.30 करोड़ और गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के लिए 490.68 करोड़ की मांग रखी गई है. ग्रामीण विकास के लिए बड़ी राशि की मांग का एक प्रमुख कारण वीबी-जी रामजी यानी विकसित भारत-रोजगार गारंटी और आजीविका मिशन (ग्रामीण) का संचालन भी है. वित्त मंत्री पहले ही बता चुके हैं कि मनरेगा की तुलना में इस योजना में राज्य सरकार को अधिक राशि खर्च करनी होगी और इससे राज्य पर करीब 4,000 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ सकता है.

**झारखंड का CD रेशियो करीब 55 प्रतिशत**

SLBC की रिपोर्ट के अनुसार झारखंड के क्रेडिट-डिपॉजिट यानी CD Ratio में सुधार हुआ है. वित्त मंत्री ने बताया कि वर्ष 2024-25 में यह अनुपात 50.22 प्रतिशत था, जो 2025-26 में बढ़कर 54.97 प्रतिशत हो गया है. राज्य में बैंकों में कुल जमा राशि 4,04,979 करोड़ है, जबकि बैंकों की ओर से 2,22,613 करोड़ का ऋण अग्रिम किया गया है. बैंकर्स की वार्षिक ऋण योजना का आकार करीब 1.73 लाख करोड़ बताया गया है. वित्त मंत्री ने बताया कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड से 3,030 लोगों को ऋण मिला। रिपोर्ट में राज्य की अलग-अलग ऋण योजनाओं की प्रगति का भी उल्लेख किया गया है. गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अब तक 3,030 लोगों को करीब 276 करोड़ का ऋण दिया गया है. वहीं किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 13.58 लाख लाभुकों के लिए करीब 2,240 करोड़ के ऋण की स्वीकृति दी गई है. राज्य में स्वयं सहायता समूहों की संख्या 2.61 लाख बताई गई है और इनके लिए करीब 7,700 करोड़ के ऋण की स्वीकृति हुई है. इसके अलावा टरटए क्षेत्र में 52,885 करोड़ का ऋण वितरण किया गया है. प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में 88,405 करोड़ और गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में 93,862 करोड़ का ऋण अग्रिम किया गया है.

# जिंदल स्टील पतरातू में श्री ओ.पी. जिंदल की 96वीं जयंती सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ मनाई गई

उज्जवल दुनिया संवाददाता



पतरातू। जिंदल स्टील पतरातू में संस्थापक एवं प्रख्यात उद्योगपति स्वर्गीय श्री ओ.पी. जिंदल की 96वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह और जनसेवा की भावना के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में महाप्रबंधक संतोष कुमार ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संगठन से ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री ओ.पी. जिंदल का संपूर्ण जीवन राष्ट्र निर्माण, उद्योग, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समाज सेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि श्री ओ.पी. जिंदल का मानना था कि मजबूत उद्योग केवल आर्थिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि रोजगार, शिक्षा, कौशल विकास और समाज के समग्र उत्थान की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि श्री ओ.पी. जिंदल की दूरदर्शी सोच आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और आधुनिक औद्योगिक विकास की दिशा में उनके विचार सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उद्योग के साथ शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय सेवा को उन्होंने सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी, जिसे जिंदल समूह आज भी निरंतर आगे बढ़ा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत हनुमान मंदिर में श्री ओ.पी. जिंदल को श्रद्धांजलि अर्पित कर एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम के साथ हुई। इसके पश्चात जिंदल क्लब में जिंदल आशा के बच्चों के साथ केक काटकर उनकी जयंती मनाई गई। उपस्थित सभी लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने तथा राष्ट्र और समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कुरसे गांव में सिंचाई हेतु सोलर पंप का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर संतोष कुमार महाप्रबंधक ह फट& उङ्ख ने कहा कि किसानों को आधुनिक संसाधनों से जोड़कर कृषि को आत्मनिर्भर बनाना ही श्री ओ.पी. जिंदल के ग्राम विकास के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जयंती समारोह के दौरान जिंदल फाउंडेशन की गर्ल्स फुटबॉल टीम को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल सामग्री का वितरण किया गया तथा तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में स्थानीय लड़कियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं समाज के वरिष्ठ नागरिकों एवं बुजुर्गों के सम्मान में लंगर की विशेष व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। अपने संबोधन में श्री संतोष कुमार ने कहा कि श्री ओ.पी. जिंदल का जीवन इस बात का संदेश देता है कि सफलता केवल उद्योग स्थापित करने में नहीं, बल्कि समाज में विश्वास, अवसर और विकास की नई संभावनाएं पैदा करने में है। उन्होंने युवाओं से ईमानदारी, कठिन परिश्रम, नवाचार और राष्ट्र सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समर्पण का वातावरण बना रहा। अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्रामीणों, महिलाओं एवं युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर श्री ओ.पी. जिंदल के आदर्शों को आत्मसात करने तथा उद्योग, शिक्षा और सेवा के समन्वय से विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। इसके अलावा ओ.पी. जिंदल स्कूल एवं ओ.पी. जिंदल कम्युनिटी कॉलेज में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एच आर प्रमुख मीनू सिंह, आर.डी. शर्मा, प्रवीण कुमार, कुमार राहुल,अभय सिंह,अभय मित्तल, राजिव, रत्नेश कुमार, डाक्टर संजिव द्विवेदी, डाक्टर मंजु मिश्रा, डाक्टर अभिषेक कुमार, बिजेंद्र मलीक ,कुर्से मुखिया संदिप उरांव,अमबुज महतो, रामेश्वर गोप,सोमीया श्री जेना, दीपक, बिनोद सिंह, संतोष चौधरी, संबित साहू सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## नामकुम प्रखण्ड कांग्रेस मिलन समारोह में विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कांग्रेस का थामा दामन



रांची/नामकुम। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचारों, नीतियों एवं जनहितकारी कार्यों से प्रभावित होकर खिजरी विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप के नेतृत्व में विभिन्न राजनीतिक दलों के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नामकुम प्रखण्ड कांग्रेस मिलन समारोह में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित मिलन समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नए साथियों का कांग्रेस परिवार में स्वागत किया गया तथा उन्हें पार्टी की विचारधारा एवं संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दिलाया गया। मिलन समारोह के मुख्य अतिथि झारखण्ड कांग्रेस के सह प्रभारी श्रीबेला प्रसाद ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस परिवार में नये सदस्यों का स्वागत करते हैं। आज आप पार्टी का सदस्यता ग्रहण कर कांग्रेस पार्टी के हाथों को मजबूत किया है। केशव महतो कमलेश ने सभा को संबोधित करते हुए विभिन्न राजनीतिक दलों आये कार्यकर्ता को माला एवं कांग्रेस का पट्टा पहना कर स्वागत किया। झारखण्ड सरकार के मंत्री दिपिका सिंह पाण्डेय ने कहा कि हम एक एक कार्यकर्ता को जोड़कर पार्टी को मजबूत करेंगे।

## मैथन में सिकल सेल एनीमिया जागरुकता एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर का सफल आयोजन



एग्यारकुंड। दामोदर घाटी निगम, मैथन डैम परियोजना की नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) एवं बी.पी. नियोगी अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में एरिया नं.-6 मिडिल विद्यालय, मैथन में सिकल सेल एनीमिया एवं वेक्टर-जनित रोगों के प्रति जागरूकता एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर का सफल आयोजन किया गया।शिविर का मुख्य उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को सिकल सेल एनीमिया के कारणों, प्रारंभिक लक्षणों, बचाव के उपायों तथा समय पर जाँच एवं उपचार के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने विद्यार्थियों को सरल एवं वैज्ञानिक तरीके से रोग की जानकारी दी तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, संतुलित आहार लेने एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए प्रेरित किया।डीवीसी की सीएसआर एवं बी.पी. नियोगी अस्पताल के संयुक्त प्रयासों से इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर आसपास के विद्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जाते हैं, ताकि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके तथा विभिन्न बीमारियों की समय रहते पहचान एवं रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।शिविर में एरिया नं.-6 मिडिल विद्यालय के 40 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों के सिकल सेल एनीमिया की जाँच हेतु आवश्यक जाँच किट झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई। शिविर के दौरान सभी विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श प्रदान किए गए तथा रोग की रोकथाम एवं समय पर जाँच के महत्व से अवगत कराया गया।

## संयुक्त अभियान में सीआईएस एफ की बड़ी कार्रवाई, 218.900 मीट्रिक टन अवैध कोयला जब्त

दो मोटरसाइकिलें भी बरामद, कोयला तस्करों में मचा हड़कंप; चापापुर ओसीपी व आसपास के इलाकों में चला सघन अभियान



एग्यारकुंड। अवैध कोयला खनन एवं तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सीआईएसएफ को बड़ी सफलता मिली है। ईसीएल मुगमा क्षेत्र के चापापुर ओपन कास्ट प्रोजेक्ट (ओसीपी) एवं आसपास के संवेदनशील इलाकों में गुरुवार रात से लेकर शुक्रवार दोपहर तीन बजे तक चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान टीम ने 218.900 मीट्रिक टन अवैध कोयला जब्त किया।इसके अलावा अवैध गतिविधियों में प्रयुक्त दो पुरानी मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं। जब्त कोयले की अनुमानित कीमत करीब 13.20 लाख रुपये बताई गई है।कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सक्रिय कोयला तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार यह विशेष अभियान सीआईएसएफ के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र मुख्यालय, कोलकाता के पर्यवेक्षण एवं निर्देशन में चलाया गया।अभियान का मुख्य उद्देश्य एमएमडीआर अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ह्यजीरो कोल लीकेज प्लानह्ण के तहत अवैध खनन, कोयला चोरी और अवैध परिवहन पर प्रभावी रोक लगाना था।सीआईएसएफ ईसीएल शीतलपुर के कमांडेंट राहुल सिंह गौतम के समग्र निर्देशन में अभियान का नेतृत्व सहायक कमांडेंट खरडे मनोज भानुदास ने किया। वहीं फील्ड ऑपरेशन का समन्वय इंस्पेक्टर पी.एस. महापात्रा एवं इंस्पेक्टर एस.के. सिंह ने किया। अभियान में सीआईएसएफ ईसीएल शीतलपुर के मुगमा एवं मोहनपुर कैंप की क्यूआरटी, सीआईएसएफ आरटीपीएस पुरुलिया, सीआईएसएफ एमटीपीएस मेजिया, एनईजेड-II मुख्यालय कोलकाता की ऑपरेशनल एवं क्राइम इंटेलिजेंस विंग तथा ईसीएल सुरक्षा विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया। गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त टीमों ने चापापुर ओसीपी एवं आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक तलाशी, क्षेत्र प्रभुत्व एवं सघन अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में अवैध रूप से निकाला गया स्टीम कोयला बरामद किया गया। टीम ने मौके से दो पुरानी मोटरसाइकिलें भी जब्त कीं, जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर अवैध गतिविधियों में किया जा रहा था। सीआईएसएफ अधिकारियों के अनुसार, इस कार्रवाई से राष्ट्रीय संपत्ति को होने वाली संभावित बड़ी क्षति को रोका गया है और क्षेत्र में सक्रिय अवैध कोयला खनन एवं तस्करी के नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि एमएमडीआर अधिनियम के प्रभावी प्रवर्तन और ह्यजीरो कोल लीकेजह्ण नीति के तहत आगे भी खुफिया सूचना के आधार पर इस तरह के संयुक्त अभियान लगातार जारी रहेंगे। अवैध खनन, कोयला चोरी और तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## रांची के डोरंडा और रानी बगान के कई इलाकों में 08 को रहेगी विद्युत आपूर्ति बाधित

उज्जवल दुनिया संवाददाता



रांची। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, डोरंडा के अंतर्गत बिरसा फीडर और हिनू फीडर के कुछ ट्रांसफार्मर के एलटी नंगे तार को एबी- केबल से बदलने के लिए इलाके में शनिवार की सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान राजधानी के जिन इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी उनमें प्रकाश नगर, बंधु नगर, गांधीनगर, हिनू एयरपोर्ट रोड, खोखमा टोली, मौसम विभाग, स्टेट हैंगर और आसपास का क्षेत्र शामिल है। यह जानकारी विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल,डोरंडा ने शुक्रवार को प्रे?स विज्ञप्ति में माध्यम से दी। वहीं विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल अंतर्गत आरएमसीएच के अधीन (आरडीएसएस) कार्य शनिवार को किए जाएंगे। इसलिए रांची के रानी बगान, बूटी मोर फीडर, -पावर हाउस-पानी टंकी और बूटी मोर फीडर से सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। साथ ही पंचवटीपुरम पंकज मंडल (आईएएस) 01 नंबर ट्रांसफार्मर बंद रहेगा। बिजली विभाग की ओर से इन इलाकों में नंगे तार को कवर केबल किया जाएगा। इसके अलावा स्वामी सहजानंद नगर में सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे बजे तक 01 नंबर ट्रांसफार्मर बन्द रहेगा। इस दौरान एलटी के नंगे तार को कवर किया जाएगा।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए छात्र संकाय प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन दो सत्रों में

कुलपति राजीव मनोहर के द्वारा उपस्थित सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्ति शपथ दिलाई गई तथा स्वस्थ और नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया।

आज ही कुलपति डॉ राजीव मनोहर और डीएस डब्ल्यू डॉ सर्वोत्तम कुमार, प्रॉक्टर डॉ अजय चौधरी के द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पहचान पत्र यानि आईडी कार्ड वितरित किए गए।



उज्जवल दुनिया संवाददाता

डॉ आज दिनांक 7 अगस्त 2026 को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय , रांची में स्नातक के नव नामांकित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम सह छात्र प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन दो सत्रों में किया गया।प्रथम सत्र पूर्वाह्न 11 बजे से 12 बजे तक विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के अंतर्गत बीबीए विभाग और बीसीए के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए और दूसरा सत्र हिंदी, भूगोल, गणित और लोकप्रशासन के नवनामांकित विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। यह दोनों सत्र विश्वविद्यालय के नए प्रशासनिक भवन में स्थित रविन्द्र नाथ टैगोर सभागार में आयोजित किए गए। इन दोनों सत्रों की अलग अलग अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ राजीव मनोहर ने इन विभागों के उपस्थित विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज विश्वविद्यालय यहां से आपकी एक एक नयी यात्रा का साक्षी बनेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा का लक्ष्य सिर्फ डिग्री प्राप्त करना नहीं बल्कि शिक्षा के माध्यम से जीवन की सार्थकता को साबित करना होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों प्रेरित करते हुए डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के कथन को दोहराते हुए कहा कि, सपना वह होता है , जो आपको लक्ष्य की प्राप्ति के बिना सोने न दे। कुलपति डॉ राजीव मनोहर ने अपने प्रेरणादाई संबोधन में नए प्रवेश लिए विद्यार्थियों से नवाचार, अनुसंधान, सामाजिक संवेदनशीलता एवं उत्कृष्टता को अपने जीवन का लक्ष्य बनाने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को राज्य और देश का भविष्य बताया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ धनंजय द्विवेदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन , समयबद्धता और शैक्षणिक उत्कृष्टता को अपनाने की प्रेरणा दी। विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ सर्वोतम कुमार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, नैतिक मूल्यों और नियमित अध्ययन को अपनाने की सलाह दी। प्रथम सत्र के दौरान डॉ रजनी कुमारी, कार्यक्रम समन्वयक , सेंटर फॉर वोकेशनल स्टडीज के द्वारा अतिथियों का अभिनंदन और स्वागत किया गया। इसी सत्र में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के निदेशक डॉ जेपी शर्मा, बीसीए विभाग की सह समन्वयक डॉ नमिता लाल और सदस्य डॉ जाफर अब्बास द्वारा भी विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र के इंडक्शन कार्यक्रम के दौरान कुलानुशासक डॉ अजय चौधरी ने अनुशासन पर जोर दिया। मौके पर भूगोल के विभागाध्यक्ष डॉ अभय कृष्ण सिंह, परीक्षा नियंत्रक और लोक प्रशासन की समन्वयक डॉ शुचि संतोष बरवार, गणित की विभागाध्यक्ष और वित्त पदाधिकारी डॉ अनीता मेहता और हिंदी के विभागाध्यक्ष डॉ जिंदर सिंह मुंडा ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, पाठ्यक्रमों, नियमावली और इतिहास से परिचित कराया। आज ही इस इंडक्शन कार्यक्रम के समानांतर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के अन्य सभी पारंपरिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विभागों में भी उनके विभागाध्यक्ष और समन्वयकों के निर्देशन में इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन और नशा मुक्ति शपथ दिलायी गई। आज के इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को ठएढ के उनके मेजर और माइनर पेपर के चयन, क्रेडिट सिस्टम, विभिन्न सत्रों में विषयों के चयन से संबंधित तथ्य एक डिटेल पीपीटी के माध्यम से बताए गए तथा इस स्त्रस्त्रटी की सॉफ्ट कॉपी को उन सभी विद्यार्थियों को उपलब्ध करा देने के साथ यह विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगा ।यह जानकारी पीआरओ डॉ राजेश कुमार सिंह ने दी।

## एक नजर

### आशीर्वाद ने 'ओजी प्रोटीन सॉल्यूशन सैंड रोस्टेड चना सत्तू' किया लॉन्च

**जमशेदपुर।** भारतीय घरों तक रोजाना इस्तेमाल होने वाले पौष्टिक खाद्य पदार्थों की पहुंच बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करते हुए, 'आशीर्वाद' ने पूर्वी भारत में 'आशीर्वाद चना सत्तू' लॉन्च करके अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को और मजबूत किया। यह लॉन्च ब्रांड के उस बड़े लक्ष्य के अनुरूप है जिसके तहत ऐसे उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं जो प्राकृतिक रूप से प्रोटीन और फाइबर से भरपूर हों। साथ ही, यह किफायती दाम और असली स्वाद से समझौता किए बिना पौष्टिक और जरूरी खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग को भी पूरा करता है। पूर्वी भारत में पारंपरिक रूप से सेवन किया जाने वाला सत्तू लंबे समय से एक ऐसे पौष्टिक आहार के रूप में जाना जाता है, जो स्वाद, तृप्ति और पोषण का संतुलित मेल प्रदान करता है। क्षेत्रीय स्वाद को ध्यान में रखते हुए, आशीर्वाद चना सत्तू को दो अलग-अलग वैरिएंट्स में लॉन्च किया गया है, बिहार में चना सत्तू विद जीरा और पश्चिम बंगाल तथा झारखंड में प्लेन चना सत्तू। यह उत्पाद 47 ग्राम, 200 ग्राम, 250 ग्राम और 500 ग्राम के पैक में जनरल ट्रेड के माध्यम से उपलब्ध है तथा जल्द ही मॉडर्न ट्रेड और प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर भी उपलब्ध होगा।

### 'हमारी संस्कृति हमारी पहचान हमारा स्वाभिमान'को लेकर जागरूकता अभियान



रांची। 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस इंटरनेशनल डेट ऑफ द वर्ड्स इंडीजीनस पीपल्सॠ आदिवासी भारत के मूल निवासी है और माना जाता है कि भारत के पहले निवासी थे, आदिवासियों की अपनी विशिष्ट भाषाएं बोली धर्म और स्वशासन प्रणाली है साथ ही वह अपनी भूमि , पर्यावरण से गहरा जुड़ाव और प्रकृति के प्रति सम्मान रखते हैं, 9 अगस्त हमें यह दशार्ता है कि 'जल जंगल जमीन हमारा है' ''एक तीर एक कमान सारे आदिवासी एक समान' और 'हमारी संस्कृति हमारी पहचान हमारा स्वाभिमान' आदिवासी समुदायों के अधिकार की रक्षा करने, संस्कृति और परंपरा को सामान देने और उनके योगदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए है । वर्तमान में भी आदिवासी समुदायों को हर तरह की सरकारी आर्थिक एवं शैक्षणिक सहायता की आवश्यकता है, बेरोजगारी, विस्थापन तथा पलायन को अभिलंब रोकने का कदम उठाया जाए, आदिवासियों के प्रति भेदभाव तथा अत्याचार रोकने के लिए मौजूदा कानून को मजबूत बनाया जाए, समान नागरिकता, मौलिक अधिकार, बुनियादी हितों, लोकतांत्रिक अधिकारों की मांगों पर जल्द विचार किया जाए ताकि आदिवासी समाज हर क्षेत्र में विकास और उन्नति कर सके। झारखंड राज्य एवं पूरे विश्व के आदिवासियों को 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर बिशप काउंसिल की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलन को हिंसक रूप देने की कोशिश विफल रही : आलोक कुमार दूबे

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने कहा कि आज छात्रों द्वारा किए जा रहे शांतिपूर्ण प्रदर्शन को भाजपा और आरएसएस से जुड़े लोगों द्वारा हिंसक रूप देने की कोशिश की गई, लेकिन वे अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि झारखंड के छात्र पिछले 14 दिनों से अपने अधिकार, भविष्य और न्याय की मांग को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं और इस दौरान सरकार एवं प्रशासन ने जिस संवेदनशीलता का परिचय दिया है, उसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं।

### आरटीआई से सामने आई कथित गड़बड़ी, 38 लोगों के नाम गलत तरीके से ऑनलाइन दर्ज करने का आरोप



धनबाद। जिले में ऑनलाइन भूमि रिकॉर्ड और जमीन की कथित फर्जी एंट्री से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। गोविंदपुर अंचल के फेलाटांड़ मौजा में ऑनलाइन भूमि रिकॉर्ड में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप लगाया गया है। सूचना के अधिकार (फ्ळक) के तहत प्राप्त जानकारी के आधार पर शिकायतकर्ता रमेश राही ने आरोप लगाया है कि कई प्लॉटों की संख्या में अंतर के साथ-साथ कुछ लोगों के नाम कथित रूप से गलत तरीके से ऑनलाइन राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किए गए हैं। शिकायत के अनुसार, फेलाटांड़ मौजा के खाता संख्या 89 में दर्ज भूमि के ऑनलाइन रिकॉर्ड की जांच के दौरान बड़ी विसंगति सामने आई। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक संबंधित खाते में वास्तविक रूप से करीब 220 प्लॉट होने की बात कही जा रही है, जबकि ऑनलाइन रिकॉर्ड में 273 प्लॉट दर्ज पाए गए। इस तरह करीब 53 अतिरिक्त प्लॉट ऑनलाइन दर्ज किए जाने का आरोप है।, मामले में खाता संख्या 271 में दर्ज 4 एकड़ 10 डिसमिल भूमि को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उक्त जमीन पहले ही एक खारिज मुकदमे से संबंधित रिकॉर्ड में थी और उस पर खाता संख्या अंकित नहीं थी। इसके बावजूद कथित रूप से उसे ऑनलाइन भूमि रिकॉर्ड में शामिल कर दिया गया। यदि शिकायत में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह मामला महज रिकॉर्ड में तकनीकी त्रुटि तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इससे जमीन के स्वामित्व, खरीद-बिक्री और भविष्य में होने वाले भूमि विवादों पर भी गंभीर असर पड़ सकता है। शिकायत में वर्ष 2021 के दौरान भी कथित तौर पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी किए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक उस दौरान कई लोगों के नाम ऑनलाइन भूमि रिकॉर्ड में गलत तरीके से दर्ज किए गए। इसमें करीब 38 लोगों के नाम कथित रूप से गलत तरीके से जोड़े जाने की बात कही गई है। इस पूरे प्रकरण में तत्कालीन अंचल अधिकारी वंदना भारती के कार्यकाल को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र प्रशासनिक जांच और संबंधित रिकॉर्ड की विस्तृत पड़ताल के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि ऑनलाइन एंट्री में गड़बड़ी किस स्तर पर और किसकी जिम्मेदारी से हुई । शिकायतकर्ता रमेश राही का कहना है कि उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त दस्तावेजों और भूमि रिकॉर्ड के आधार पर इस मामले को सामने लाया है। उनका आरोप है कि राजस्व रिकॉर्ड में इस तरह की कथित गड़बड़ी से आम लोगों के लिए जमीन की खरीद-बिक्री और वास्तविक मालिकाना हक की पहचान करना मुश्किल हो सकता है। उन्होंने जिला प्रशासन और राजस्व विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। साथ ही यह भी मांग की गई है कि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों रिकॉर्ड का मिलान कर यह पता लगाया जाए कि कितने प्लॉटों की एंट्री में अंतर है और किन लोगों के नाम किस आधार पर ऑनलाइन दर्ज किए गए। सूत्रों के हवाले से यह भी जानकारी सामने आ रही है कि शिकायत में जिन लोगों को कथित भूमि रिकॉर्ड गड़बड़ी से जोड़कर देखा जा रहा है, उन्हीं लोगों द्वारा धनबाद की 8 लेन सड़क के समीप बिरसा मुंडा पार्क के पास कथित रूप से निर्माण कार्य शुरू किए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है।

# जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा में अनियमितता : आंदोलन के 14वें दिन तबियत बिगड़ने पर एक अनशकारी को भेजा गया अस्पताल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**रांची।** झारखंड में 14वें जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की जांच और परीक्षाएं रद्द करने की मांग को लेकर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम, रांची में छात्र-अभ्यर्थियों का आमरण अनशन और सत्याग्रह शुक्रवार को 14वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन के चौथे दिन दो अनशनकारियों की तबीयत बिगड़ने से आंदोलन स्थल पर स्थिति गंभीर हो गई। अनशनकारी छात्र राहुल कुमार की शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तत्काल सदर अस्पताल, रांची भेजा गया। इसके बाद अनशन पर बैठे छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो की भी तबीयत खराब हो गई। उनकी बोलने की गति धीमी होने पर चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों की टीम दोनों अनशनकारियों के स्वास्थ्य पर लगातार नजर बनाए हुए है। आंदोलन स्थल पर दिनभर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों का आना-जाना लगा रहा। कई संगठनों और लोगों ने आंदोलनकारियों की मांगों का समर्थन करते हुए उनके प्रति एकजुटता जताई और उनका उत्साह बढ़ाया। आंदोलन में शामिल छात्र रितेश सिंह, सुनीता कुजूर सहित अन्य अभ्यर्थियों ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में आंदोलन वापस नहीं लिया जाएगा। उन्होंने मांग की कि जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल सहित अन्य विवादित प्रतियोगी परीक्षाओं को रद्द कर पारदर्शी प्रक्रिया के तहत दोबारा आयोजित किया जाए। आंदोलनकारियों ने घोषणा की कि 10 अगस्त को राज्यभर के छात्र रांची में विधानसभा का घेराव करेंगे। उनका दावा है कि इस प्रदर्शन में झारखंड के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में छात्र और युवा शामिल होंगे। छात्र राजेश कुमार ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार छात्रों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि रोजगार और पारदर्शी भर्ती का वादा कर सत्ता में आई सरकार अब युवाओं की मांगों को अनदेखा कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में छात्रों को अपने अधिकारों की लड़ाई तेज करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। आंदोलन स्थल पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अलावा अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### इनर व्हील क्लब ने सदर अस्पताल में स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**रामगढ़।** विश्व स्तनपान सप्ताह (1 से 7 अगस्त) के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा आज सदर अस्पताल, रामगढ़ में स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवजात शिशुओं एवं माताओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा माताओं को सही जानकारी प्रदान करना था।कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने उपस्थित गर्भवती एवं धात्री माताओं को जन्म के प्रथम घंटे में स्तनपान शुरू करने, पहले छह माह तक केवल माँ का दूध पिलाने तथा दो वर्ष या उससे अधिक समय तक पूरक आहार के साथ स्तनपान जारी रखने के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही स्तनपान से जुड़े सामान्य भ्रमों का निराकरण भी किया गया। विश्व स्तनपान सप्ताह प्रत्येक वर्ष 1से7 अगस्त को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए स्तनपान को बढ़ावा देना है।इस अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ की पदाधिकारियों ने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव स्वस्थ माँ और स्वस्थ शिशु हैं। स्तनपान न केवल शिशु के संपूर्ण पोषण और रोग प्रतिरोधक क्षमता कोवो बढ़ाता है, बल्कि माँ के स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। क्लब भविष्य में भी स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से जुड़े ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को जागरूकता सामग्री वितरित की गई तथा माताओं से स्तनपान को अपनाने और अन्य महिलाओं को भी इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह किया गया।मौके पर क्लब अध्यक्षा श्वेता जैन, सचिव नवलजीत कौर,शर्मिष्ठा दत्ता,नीरू साहनी,रंजू अरोड़ा, जसमीत सोनी, हरमीत कौर आदि सदस्या मौजूद थी

### श्रमदान जागरूकता अभियान में समाजशाही कमल बगड़िया को सम्मानित किया गया



**रामगढ़।** छावनी परिषद द्वारा आयोजित जागरूकता अभियान - श्रमदान के अंतर्गत स्वच्छ रामगढ़ सुंदर रामगढ़ की कल्पना को साकार करने हेतु सुभाष चंद्र बोस क्रीडा स्थल, फुटबॉल मैदान छावनी परिषद में स्वच्छता कार्यक्रम में भागीदारी हेतु ब्रिगेडियर साजेश बाबू पी जी कमांडर पंजाब रेजीमेंट सेंटर रामगढ़ सह अध्यक्ष छावनी परिषद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में रामगढ़ विधायक माननीय ममता देवी एवं मुख्य अधिशासी अधिकारी सीईओ छावनी परिषद, विवेक सिंह रामगढ़ की उपस्थिति में उनके कर कमलों द्वारा मोमेंटो प्रदान कर कमल बगडिया को सम्मानित किया गया। पूर्व में भी स्वच्छता दूत के रूप में जिला स्तरीय एवं कैंटोनमेंट बोर्ड के सानिध्य में जयंत सिन्हा के द्वारा सम्मानित किया गया था। नगर परिषद रामगढ़ के द्वारा स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर के रूप में सम्मानित किया गया था।

## खेत में किसानों के साथ उतरीं मांडू की बीडीओ, रोपा कर बढ़ाया हौसला

**रामगढ़।** मांडू प्रखंड में धान रोपनी का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। इसी क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी रीना कुजूर और प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनीता सिंह ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान किसानों के बीच पहुंचकर खेत में उतरकर उनका उत्साहवर्धन किया। अधिकारियों को अपने बीच खेत में काम करते देख किसान भी उत्साहित नजर आए। बीडीओ रीना कुजूर ने किसानों एवं महिला कृषकों के साथ खेत में धान की रोपनी कर श्रम का सम्मान करते हुए उन्हें खेती के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी परवरिश भी ग्रामीण परिवेश में हुई है। बचपन में वे अपने परिवार के साथ खेतों में रोपनी और अन्य कृषि कार्यों में हाथ बंटाया करती थीं। गांव, खेत और हरियाली से उनका विशेष लगाव रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत ही देश की समृद्धि की आधारशिला है। प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनीता सिंह ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार आगामी तीन-चार दिनों तक अच्छी वर्षा होने की संभावना है। ऐसे में सभी किसान इस अवसर का भरपूर लाभ उठाते हुए समय पर धान की रोपनी का कार्य पूरा कर लें।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन कराएं अधिकारी : पीडीजे

**खूंटी।** 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय परिसर, खूंटी में समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) खूंटी, रसिकेश कुमार ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी, जिला परिवहन कार्यालय, वन विभाग, उत्पाद विभाग, विद्युत आपूर्ति विभाग, नगर पंचायत, बैंक ऑफ इंडिया के अग्रणी जिला प्रबंधक, बीएसएनएल, श्रम विभाग तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पदाधिकारी उपस्थित थे। अध्यक्ष रसिकेश कुमार ने राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी विभागों को अधिक से अधिक सुयोग्य मामलों की पहचान कर उनके समयबद्ध निष्पादन की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत विवादों के सौहार्दपूर्ण, त्वरित और व्यय रहित समाधान का प्रभावी माध्यम है, जिससे आम नागरिकों को न्याय सुलभ होता है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी और समन्वय आवश्यक है। बैठक में विशेष रूप से उत्पाद विभाग, वन विभाग, विद्युत विभाग तथा मोटरयान अधिनियम से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा की गई। संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि वे योग्य मामलों का चयन कर समय पर नोटिस की तामिला सुनिश्चित करें और लोक अदालत के दिन अधिकृत अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर पीठों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें, ताकि अधिकतम मामलों का निस्तारण हो सके।

## विहिप की बैठक में 11 हजार नए लोगों को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य

**रामगढ़।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) रामगढ़ जिला की बैठक शुक्रवार को रामगढ़ ब्लॉक स्थित एक होटल में जिला मंत्री छोटू वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों और अभियान को लेकर चर्चा की गई। बैठक में विहिप के प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन कुमार, प्रांत दुर्गा वाहिनी प्रमुख कृति गौरव और प्रांत मातृशक्ति प्रमुख अनिमा पांडेय मौजूद रहीं। बैठक की शुरूआत ओम के उच्चारण के साथ हुई। प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन कुमार ने लोहरदगा में आयोजित तीन दिवसीय प्रांत कार्यसमिति की बैठक में तय कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अशोक सिंघल की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर 27 सितंबर से चार अक्टूबर तक जिले के गांव-गांव में हित चिंतक अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत रामगढ़ जिले में करीब 11 हजार नए लोगों को विहिप और बजरंग दल से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में आठ से 15 अगस्त तक अखंड भारत संकल्प दिवस के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रन फॉर वंदे मातरम् कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। बैठक में हिंदू समाज को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से विहिप और बजरंग दल की ओर से हैदराबाद में नि:शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण दिए जाने की जानकारी दी गई। वहीं, 20 से 23 अगस्त तक रामगढ़ में झारखंड प्रांत का तीन दिवसीय मातृशक्ति वर्ग आयोजित होगा। इसमें राज्य के विभिन्न जिलों से करीब 100 माताओं के शामिल होने की बात कही गई।

## मैक्स इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में नशा मुक्ति अभियान एवं डी.एल.एड. सत्र (2026-28) के ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**रामगढ़।** मैक्स इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, बिजूलिया में गुरुवार दिनांक - 06-08-2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। साथ ही डी.एल.एड. सत्र (2026-28) के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में बी.एड. सत्र (2025-27) के छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव, सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन पर पड़ने वाले इसके नकारात्मक प्रभाव तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने 'नशा मुक्त भारत' के संदेश के साथ जागरूकता मार्च भी निकाला।द्वितीय सत्र में डी.एल.एड. सत्र (2026-28) के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की रूपरेखा, शैक्षणिक गतिविधियों, आंतरिक मूल्यांकन प्रणाली, प्रशिक्षण व्यवस्था, अनुशासन, राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) तथा संस्थान की विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें समर्पित, नैतिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षक बनने के लिए प्रेरित किया तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का संदेश दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद किशोर, प्रशासनिक अधिकारी प्रवेश शर्मा तथा शिक्षकगण रतन शर्मा,डॉ. बिंदु कुमारी, डॉ. अंजनी कुमारी, सुधा सिंह, चांदनी कुमारी, कृष्ण कुमार दांगी,सुधीर कुमार, धर्मेंद्र गुप्ता, रूणा मित्रा, नोरीन, स्वाति कुजूर, सुगापति मरांडी, हरिश्चंद्र साहू, गुलशन कुमार, स्वाती कुमारी, प्रियंका अग्रवाल, नीतू कुमारी एवं जितेन्द्र कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

## डुरंड कप: दिल्ली एससी की एकतरफा जीत, डिफेंडर्स एफसी को 7-0 से हराया



**रांची।** रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए डुरंड कप के चौथे मुकाबले में दिल्ली एससी ने डिफेंडर्स एफसी को 7-0 से करारी शिकस्त दी। दिल्ली एससी ने शुरूआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए और पहले 11 मिनट में तीन गोल दागकर मुकाबले पर मजबूत पकड़ बना ली। दिल्ली एससी ने पांचवें मिनट में गोल कर अपना खाता खोला। इसके दो मिनट बाद सातवें मिनट में दूसरा गोल किया, जबकि 11वें मिनट में तीसरा गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया। लगातार हमलों से दिल्ली की टीम ने डिफेंडर्स एफसी को दबाव में बनाए रखा। 34वें मिनट में चौथा गोल कर दिल्ली ने अपनी बढ़त 4-0 कर ली। पहले हाफ के समाप्त होने तक डिफेंडर्स एफसी की टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ में डिफेंडर्स एफसी ने वापसी की कोशिश की, लेकिन दिल्ली एससी की मजबूत रक्षापंक्ति और बेहतर तालमेल के सामने उसके प्रयास नाकाफी साबित हुए। दिल्ली ने मुकाबले के अंतिम क्षणों में गोलों की झड़ी लगा दी। 88वें मिनट में पांचवां गोल करने के बाद टीम ने 90वें मिनट में लगातार दो गोल दागे और स्कोर 7-0 कर दिया। पूरे मुकाबले में दिल्ली एससी के खिलाड़ियों के बीच शानदार तालमेल देखने को मिला। तेज पासिंग, गेंद पर बेहतर नियंत्रण और आक्रामक रणनीति के दम पर दिल्ली की टीम ने अधिकांश समय खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। डिफेंडर्स एफसी को मिले कुछ मौकों को दिल्ली के गोलकीपर और रक्षापंक्ति ने सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। दिल्ली एससी की एकतरफा जीत का खेलप्रेमियों ने तालियों के साथ स्वागत किया।

## लोक कलाकार ज्योति साहू ने जेपीएससी-जेएसएससी अभ्यर्थियों के आमरण अनशन को दिया समर्थन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में चल रहे छात्र-अभ्यर्थियों के आमरण अनशन को नागपुरी की प्रसिद्ध लोक कलाकार ज्योति साहू ने शुक्रवार को समर्थन दिया। वह जयपाल सिंह स्टेडियम स्थित आंदोलन स्थल पहुंचीं और अनशन पर बैठे अभ्यर्थियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। मीडिया से बातचीत में ज्योति साहू ने कहा कि राज्य के छात्र लंबे समय से रोजगार और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे समय में सरकार का ढुलमुल रवैया युवाओं की चिंता को और बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि बार-बार परीक्षाओं का आयोजन, फिर उन्हें रद्द किया जाना और परीक्षा परिणामों को लेकर लगातार उठ रहे सवाल गंभीर विषय हैं। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ज्योति साहू ने कहा कि सरकार को इस मामले को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए छात्रों की आशंकाओं का समाधान करना चाहिए। युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप नहीं है और न ही यह किसी सरकार को शोभा देता है। उन्होंने छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो समेत आमरण अनशन पर बैठे सभी अभ्यर्थियों के प्रति समर्थन जताते हुए कहा कि वह स्वयं एक मां हैं और उपवास की पीड़ा को समझती हैं। उन्होंने कहा कि तीज और जितिया जैसे व्रत के दौरान भी कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में चार दिनों से आमरण अनशन पर बैठे छात्रों की शारीरिक और मानसिक स्थिति का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। ज्योति साहू ने राज्य सरकार से संवेदनशीलता दिखाने की अपील करते हुए कहा कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और छात्रों के साथ न्याय सुनिश्चित किया जाए।

## महर्षि परमहंस कॉलेज में दो दिवसीय बॉटल आर्ट्स कार्यशाला का सफल आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रामगढ़।** महर्षि परमहंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हुहुआ, कोठार, रामगढ़ में दो दिवसीय बॉटल आर्ट्स कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया कार्यशाला का उद्देश्य छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को निखारना, अनुपयोगी वस्तुओं का पुनः उपयोग को बढ़ावा देना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना था।कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने कांच एवं प्लास्टिक की बोतलों को पेंटिंग, टेक्सचर आर्ट तथा डिकूपाज जैसी विभिन्न कलात्मक तकनीकों की सहायता से आकर्षक सजावटी वस्तुओं में परिवर्तित किया। प्रशिक्षुओं ने प्रतिभागियों को कला के विविध आयामों से परिचित कराया तथा उनकी रचनात्मकता को नए रूप में प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया इस कार्यक्रम का सफल आयोजन असिस्टेंट प्रोफेसर पिंकी कुमारी के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षु सानिया फिरदौस ने किया, जबकि स्वागत गीत शीला कुमारी, संदीप गुप्ता, आभा कुमारी एवं ऊषा कुमारी द्वारा प्रस्तुत किया गया समापन अवसर पर संस्थान के सचिव श्री मनोज अग्रवाल ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ विद्यार्थियों में सृजनात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित करती हैं उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. आर. चौरिया, विभागाध्यक्ष डॉ. नील कमल सिन्हा, असिस्टेंट प्रोफेसर चंचला कुमारी, अरविन्द कुमार महतो, राहुल सिंह, प्रकाश चन्द्र महतो, डॉ. राजेश महतो, अबोध चन्द्र महतो एवं मुकेश चन्द्र पोद्दार सहित गैर-शैक्षणिक कर्मचारी शमशेर आलम, आदित्य प्रियदर्शी, सगीर अहमद, विनीत पोद्दार एवं सुजाता कुमारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में नेहा कुमारी ने प्रथम, मोनिका कुमारी एवं शुभम कुमार ने द्वितीय तथा निकिता कुमारी एवं ऊषा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ममता कुमारी, अन्नू कुमारी, दशमी कुमारी एवं बिट्टू कुमार को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रतिभागियों की उत्कृष्ट कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसकी सभी उपस्थित अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने सराहना की कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़।
—: शुद्धि पत्र :—
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना सं0—23/2026—27 जिसका PR No. 386811 Building (26-27)D है। निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक 15.08.2026 को अपराह्न 3.00 बजे के स्थान पर निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक 17.08.2026 को अपराह्न 3.00 बजे एवं निविदा खोलने की तिथि 17.08.2026 को अपराह्न 3.30 बजे माह पढ़ा जाय। निविदा के अन्य शर्तें एवं सूचनाएँ यथावत् रहेगा।
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, रामगढ़।
PR 386913 Building(26-27)D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION NO. -02. RANCHI
NOTICE INVITING QUOTATION NO-12/2026-27
Sealed quotations are invited for the work

| S. No. | Name of Work | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of wifi System, Automatic Boom Barrier and 12v-42Ah UPS Battery at New Jharkhand Vidhan Sabha | 10,000.00 | 1 Month |
| 2 | SITC of Switches and Passive parts for completing Networking work for newly proposed NEVA in Assembly Hall of New Jharkhand Vidhan Sabha, Ranchi | 5,000.00 | 1 Month |

by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi sell of quotation paper will be on 21.08.2026 upto 1.00 pm, quotation paper received on dated-22.08.2026 at 3.00 p.m and will be opened on 22.08.2026 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-02, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Quotationers or their authorized representative, whosoever desire may remain present at the time of opening. Cost of Bid for work in shape of Demand draft (non refundable) from any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi (Code-0167) /any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi.
The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be *2%* of the quoted amount in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-02, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) PAN Card (4) Departmental registration certificate of contractor. (5) Quotationer having similar nature of work experience.
In the case of Gazetted holiday the quotation will be received/opened on the next working day.
नोट : कोटेशन की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No-02, Ranchi
PR 386866 Building(26-27)#D

Office of Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer,Ranchi
(Department of Health and Family Welfare)
Letter No Date –
EXPRESSION OF INTEREST (E.O.I)
Sadar Hospital, Ranchi is one of the premier govt. hospital in the state and India. The institute provides free medical services under AB-MMJAY and other govt. schemes. Expression of Interest (E.O.I) is invited for Specialist Medical officer's for providing specialized services at Sadar Hospital Ranchi.

| Sl. No | Name of Post | Min Qualification | No. of Posts | Emoluments |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Onco-Pathologist | 1. Postgraduate medical degree in MD/DNB (Pathology) 2. Minimum experience of 1 year in Onco- Pathologist/ 3years Senior Residency in pathology till the date of joining. | 1 | Negotiable |

Terms and Conditions
Relevant documents and information can be seen and downloaded from www.sadarhospitalranchi.org
- The desirous candidates having requisite qualifications and fulfilling other eligibility conditions may come for appearing in **walk-in-interview** along with filled application on prescribed format and all the certificates in original in support of their qualification, experience in office of **Civil Surgeon, Adminstrative Building, Sadar Hospital Campus, Puruliya Road Ranchi – 834 001 at 10th Aug 2026 11AM.**
- No TA/DA will be paid to candidates attending the interview.
- Chairman, Hospital Management Society, Sadar Hospital Ranchi will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
- Maximum age of applicant will be not more than 45 yrs as on 31-07-2026 .
- Candidate with higher qualification will be given preference for the post.
- The above meintioned post can be increased or decreased.
- This is a contractual position under Ayuhman Bharat - Hospital Management Society, Sadar Hospital Ranchi initially for the period of 1 year. Extension post expiry of initial period will be the sole discretion of the Ayuhman Bharat - Hospital Management Society, Sadar Hospital, Ranchi.

Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer
Ranchi
PR 386899 Health Med Edu and Family Welfare(26-27)#D

# बड़गांव मॉब लिंचिंग मामले में एसपी की बड़ी कार्रवाई, दो दारोगा समेत चार पुलिसकर्मी सस्पेंड

उज्जवल दुनिया संवाददाता




चतरा। जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के बड़गांव में भीड़ द्वारा पीट-पीटकर युवक मो. इमरोज की हत्या के मामले में पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। घटना के दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा मृतक इमरोज और उसके पिता सुल्तान मियां को भीड़ से बचाने के लिए प्रभावी प्रयास नहीं किए जाने के आरोप में दो दारोगा और दो सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। एसपी के गोपनीय कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार टंडवा थाना के एसआई सुनील सिंह, महिला एसआई दुलारी पूर्ति तथा आरक्षी दशरथ महतो और प्रदीप कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में चारों का मुख्यालय पुलिस केंद्र, चतरा निर्धारित किया गया है तथा इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू करने का भी आदेश दिया गया है। मामले मे एसपी नें बताया कि विगत दिनों टंडवा थाना क्षेत्र के बड़गांव में नाबालिग लड़की के अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोप को लेकर उग्र ग्रामीणों ने पिता-पुत्र के साथ मारपीट की थी। घटना कि सूचना मिलने पर टंडवा थाना मे तैनात दो दारोगा समेत चार पुलिसकर्मियों को मौके पर भेजा गया था। लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के अवलोकन से यह स्पष्ट हुआ कि इमरोज और उसके पिता को भीड़ से बचाने के लिए मौके पर तैनात पुलिस पदाधिकारी व जवानों के द्वारा अपेक्षित एवं सार्थक प्रयास नहीं किया गया। जिसके कारण मारपीट की इस घटना में पिता-पुत्र घायल हो गए थे। जिन्हे उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया था। जहाँ से गंभीर रूप से घायल मो. इमरोज को चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। एसपी नें बताया कि इमरोज के मौत के बाद मौके पर तैनात पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठनें लगे थे जिससे विभाग की छवि भी धूमिल हुई थी। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बड़वार को मामले के संपूर्ण जांच के आदेश दिए गए थे। टंडवा एसडीपीओ के अनुशंसा पर ही लापरवाह पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। एसपी नें बताया कि पुलिस ने मामले में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

### 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस भेज चुकी जेल, हर पहलू की जांच मे जुटी पुलिस

**कानून-व्यवस्था बनाए रखना और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी : एसपी**

इस पुरे मामले मे एसपी अनिमेष नैथानी नें कहा है कि कर्तव्य निर्वहन में किसी भी स्तर की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून-व्यवस्था बनाए रखना और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी, वहीं घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी है।

## हजारीबाग में राजस्व उप निरीक्षकों का तबादला, उपायुक्त ने जारी किया आदेश

उज्जवल दुनिया संवाददाता




हजारीबाग। उपायुक्त, हजारीबाग ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से राजस्व उप निरीक्षकों के स्थानांतरण एवं पदस्थापन का आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार तीन राजस्व उप निरीक्षकों का अलग-अलग अंचलों में तबादला किया गया है।

**स्थानांतरण सूची इस प्रकार है:**

विक्रम कुमार को दारू अंचल से सदर अंचल, हजारीबाग।जितेन्द्र कुमार दास को डाड़ी अंचल से कटकमसांडी अंचल और प्रेम शंकर प्रसाद को सदर अंचल से बरकट्ठा अंचल स्थानांतरण किया गया है। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी संबंधित कर्मचारी आदेश प्राप्त होते ही अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देना सुनिश्चित करें। साथ ही संबंधित अंचल अधिकारियों को कर्मचारियों को विधिवत विरमित (रिलीव) कर इसकी सूचना उपायुक्त कार्यालय को भेजने का निर्देश दिया गया है। आदेश के अनुसार अगस्त 2026 का वेतन संबंधित कर्मचारियों को उनके नए पदस्थापित अंचल कार्यालय से देय होगा। यह आदेश प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से जारी किया गया है।

## बरही एसडीपीओ ने की क्राइम मीटिंग, अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बरही। बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा पुलिसिंग व्यवस्था को और प्रभावी बनाने को लेकर बरही एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में बरही अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था एवं आपराधिक गतिविधियों की समीक्षा की गई। क्राइम मीटिंग में बरही, बरकट्ठा, चौपारण, पदमा, गोरहर एवं चलकुशा थाना के थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक के दौरान संबंधित थाना क्षेत्रों में घटित आपराधिक घटनाओं, दर्ज कांडों, लंबित मामलों तथा पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। एसडीपीओ ने थाना प्रभारियों से अपने-अपने क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विशेष रूप से लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, गंभीर आपराधिक मामलों में तेजी से अनुसंधान पूरा करने, फरार आरोपियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने पर जोर दिया गया। पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में नियमित गश्ती बढ़ाने और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस और आम लोगों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने थाना प्रभारियों को क्षेत्र में सक्रिय रहकर लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने तथा सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने असामाजिक तत्वों और अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने तथा किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने पर भी बल दिया। एसडीपीओ ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर अनिल कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार, महिला थाना प्रभारी कुमारी राधा रागिनी, बरकट्ठा थाना प्रभारी आशीष भगत, गोरहर थाना प्रभारी रवि रंजन, चलकुशा थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार पांडेय, पदमा थाना प्रभारी श्रवण कुमार, चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार, एएसआई दिनेश कुमार, उमेश यादव, अभय सिंह, प्रकाश कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## चोरी करते ग्रामीणों ने आरोपी को रंगेहाथ पकड़ा, नकदी व चांदी की पायल बरामद

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बड़कागांव। बड़कागांव सीकरी ओपी क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम देने पहुंचे एक युवक को ग्रामीणों ने शनिवार की अहले सुबह करीब चार बजे रंगेहाथ पकड़ लिया। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीकरी ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान मजीद आलम, पिता शमशेर आलम, ग्राम गर्री कलां,सीकरी ओपी, जिला हजारीबाग के रूप में हुई है। बताया गया कि आरोपी अनवर आलम, पिता अकबर अली के घर में चोरी करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ गई और ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए आरोपी के पास से करीब एक हजार रुपये नकद एवं चांदी की पायल बरामद की गई है। मामले को लेकर सीकरी ओपी में कांड संख्या 140/26, दिनांक 07/08/ 2026, धारा 303(2)/317 (2)/317(4) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने प्राथमिकी के आधार पर आरोपी मजीद आलम को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया है। पुलिस की कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को लेकर ग्रामीणों के बीच चर्चा बनी हुई है।

### सीकरी ओपी पुलिस ने प्राथमिकी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा

## चौपारण में सिक्सलेन निर्माण के कारण 12 घंटे से लगा भीषण जाम, 15 किलोमीटर तक फंसे वाहन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के जोकट में सड़क चौड़ीकरण और सिक्सलेन निर्माण कंपनी द्वारा वनवे व्यवस्था, डिवाइडर निर्माण और बीच-बीच में सड़क कटिंग कर गड्ढे छोड़ देने के कारण से भीषण जाम की स्थिति बनी हुई है। जाम करीब 12 घंटे से लगातार लगा हुआ है। निर्माण कार्य के दौरान सड़क को एकतरफा कर दिया गया है और डिवाइडर के साथ-साथ जगह-जगह सड़क काटकर गड्ढे कर दिए गए हैं। इन्हें समय पर नहीं भरा गया, जिससे भारी वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जानकारी के अनुसार चौपारण रोड की तरफ लगभग 5 किलोमीटर और बरही रोड की तरफ करीब 10 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लगी है। कुल मिलाकर 15 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र जाम की चपेट में है। इस कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत एंबुलेंस और मरीजों को हो रही है। जाम में फंसे लोगों का कहना है कि निर्माण कंपनी द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था नहीं किए जाने और काम अधूरा छोड़ देने से आए दिन इस तरह की स्थिति उत्पन्न हो रही है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार अपनी टीम के साथ रात 9:00 बजे से ही मौके पर डटे हुए हैं और जाम को खुलवाने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस जवान बारी-बारी से वाहनों को पास करा रहे हैं, लेकिन सड़क की खराब स्थिति के कारण राहत नहीं मिल पा रही है।

## बड़कागांव के पर्यटन स्थलों के विकास के लिए विधायक की बड़ी पहल, पर्यटन निदेशक को सौंपा मांग पत्र

**पर्यटन स्थलों का विकास होगा तो बढ़ेगा रोजगार, मजबूत होगी स्थानीय अर्थव्यवस्थाः विधायक रोशन लाल चौधरी**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



केरेडारी। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों को राज्य के पर्यटन मानचित्र पर विशेष पहचान दिलाने की दिशा में विधायक रोशन लाल चौधरी ने महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने झारखंड पर्यटन निदेशालय, रांची के निदेशक नमन प्रियेश लकड़ा को पत्र सौंपकर क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों के समग्र विकास तथा आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। विधायक रौशन लाल चौधरी ने अपने पत्र में महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव, मां अष्टभुजी मंदिर कंडाबेर, पांच वाहिनी, छत्तीसों वहन, बरसो पानी तथा इस्को गुफा जैसे प्राकृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन स्थानों में पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। यदि इनका योजनाबद्ध विकास किया जाए तो बड़कागांव न केवल झारखंड, बल्कि देशभर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन सकता है। उन्होंने विधायक श्री चौधरी ने बताया कि अधिकांश पर्यटन स्थल वन क्षेत्र में स्थित हैं, जिसके कारण विकास कार्यों को प्रशासनिक एवं विभागीय स्तर पर विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी वजह से सड़क, पेयजल, शौचालय, सामुदायिक भवन, प्रकाश व्यवस्था, विश्राम स्थल एवं अन्य आवश्यक पर्यटन सुविधाओं का समुचित विकास अब तक नहीं हो सका है। विधायक रौशन लाल चौधरी ने पर्यटन निदेशक से आग्रह किया है कि सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों के लिए एक विस्तृत मास्टर प्लान तैयार कर आवश्यक प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाए तथा संबंधित विभागों के समन्वय से विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए, ताकि पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। आगे विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि ₹बड़कागांव प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक विरासत से समृद्ध क्षेत्र है। यदि यहां के पर्यटन स्थलों का सुनियोजित विकास किया जाता है तो इससे बड़ी संख्या में पर्यटक आकर्षित होंगे। इसके साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। छोटे व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

## विशेष मतदाता शिविर में सभी मतदान केंद्रों पर जुड़ेंगे नाम : डीसी



रामगढ़। मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद अब नए मतदाताओं का नाम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू होगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ऋतुराज ने बताया कि योग्य नागरिक अब आसानी से मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करा सकते हैं। इसके लिए 08 एवं 09 अगस्त को सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष कैम्प का आयोजित होगा। शिविर के माध्यम से नया नाम जोड़ने, जिन युवाओं की उम्र अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2026 के अनुसार पूरी हो चुकी है, वे मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। वहीं पारिवारिक नाम स्थानांतरण, यदि किसी परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों पर हैं, तो वे पूरा नाम एक ही मतदान केंद्र पर ट्रांसफर करा सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि उक्त अवधि में, दिनांक 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले या 18 वर्ष पूर्ण हो चुका है और पात्र भारतीय नागरिक है एवं रामगढ़ जिला अंतर्गत किसी भी मतदान केन्द्र क्षेत्र के सामान्य निवासी है, तो वैसे नागरिक, मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए प्रपत्र-6 घोषणा पत्र सहित आवेदन कर सकते हैं। साथ ही, निवास स्थानांतरण या वर्तमान निर्वाचक नामावली में प्रविष्टियों में सुधार या बिना सुधार के ईपीक कार्ड निर्माण या दिव्यांगजन व्यक्तियों के रूप में चिन्हितीकरण के लिए प्रपत्र 08 घोषणा पत्र सहित के साथ अपना आवेदन अपने बीएलओ को जमा कर सकते हैं।

## एक नजर

### कोइरी विकाश मंच द्वारा 23 को मनाया जाएगा लव कुश जयंती

हजारीबाग। रविवार को चानो स्थित मैक्स हॉस्पिटल में कोइरी विकास मंच के द्वारा लव कुश जयंती मानने को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कोइरी विकास मंच के जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाहा ने किया। जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाहा ने कहा कि लव और कुश की पढ़ाई-लिखाई से लेकर विभिन्न कलाओं में निपुण होने के पीछे महर्षि वाल्मीकि का ही हाथ था। उन्होंने ही दोनों राजकुमारों को हर तरह की शिक्षा और विद्या में परंगत किया। जिला सचिव नारायण प्रसाद ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने लव और कुश को रामायण भी पढ़ाई थी। कहते हैं कि लव और कुश को बहुत समय तक यह ज्ञात नहीं था कि उनके पिता प्रभु श्रीराम हैं। मौके पर ओमप्रकाश, विनोद प्रसाद, शैलेंद्र कुमार कुशवाहा, देवदत्त प्रसाद, लोकनाथ प्रसाद, रंजन कुमार, अवधेश प्रसाद, लक्ष्मण कुमार, सुभाष प्रसाद, सीमा सिंह, रेखा देवी, सुषमा देवी शोभा देवी एवं समाज के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

### जोभिया घाटी में अज्ञात अपराधियों ने पिकअप वैन को किया आग के हवाले,पुलिस जांच में जुटी



बडकागांव। बड़कागांव तलसवार पंचायत के जोभिया घाटी में शुक्रवार अहले सुबह लगभग 4:30 बजे अज्ञात अपराधियों के द्वारा एक पिकअप वैन गाड़ी संख्या जेएच 02बी वाई 2244 को आग के हवाले करने की बात सामने आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक मोटरसाइकिल से तीन अज्ञात अपराधियों आया और पिकअप वैन को ओवरटेक कर के रोका तथा गाड़ी में लगे बैटरी को निकाला तथा गाड़ी में आग लगाकर बैटरी को अपने साथ ले भाग गया। वहीं सूचना के बाद स्थानीय पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंची और सभी बिंदुओं पर जांच तहकीकात शुरू कर दी। पिकअप वैन गाड़ी बड़कागांव बसरिया मोहल्ला निवासी विकास प्रजापति का बता जा रहा है।

### विभावि के भूगर्भ विभाग के तीन विद्यार्थियों का चयन EPIC Lab Tech Pvt. Ltd., रांची में



हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के स्नातकोत्तर भूगर्भ विभाग के शैक्षणिक सत्र 2024-26 के तीन विद्यार्थियों अभय कुमार राणा, अंकित कुमार एवं तिलोत्तमा भारती का चयन EPIC Lab Tech Pvt. Ltd., रांची में Laboratory Analyst के पद पर हुआ है। इस उपलब्धि से भूगर्भ विभाग में हर्ष और गौरव का वातावरण है। चयनित विद्यार्थियों की सफलता विभाग की रोजगारोन्मुख शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। भूगर्भ विभागाध्यक्ष डॉ. एच. एन. सिन्हा ने तीनों चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विभाग के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि तीनों विद्यार्थी अपनी प्रतिभा, परिश्रम एवं कार्यकुशलता से संस्थान और विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर भी गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने कहा कि विभाग भविष्य में भी विद्यार्थियों को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। भूगर्भ विभाग के शिक्षकों शोधार्थियों ने भी चयनित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएँ दी है।

### झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता स्व. ऋषुनाथ चौधरी की 12वीं पुण्यतिथि पर 9 अगस्त को श्रद्धांजलि सभा



**बड़कागांव।** बड़कागांव झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता, शिक्षित समाज के प्रबल पक्षधर एवं जननायक स्वर्गीय ऋषुनाथ चौधरी की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 9 अगस्त 2026 रविवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 10:00 बजे बड़कागांव गुरुचट्टी स्थित विधायक रोशन लाल चौधरी आवास में आयोजित होगा। जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी एवं बड़ी संख्या में आम लोगों के शामिल होंगे। श्रद्धांजलि सभा के बाद आम नागरिकों के बीच हजरों फलदार पौधे वितरण किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा एवं भाजपा के मंडल अध्यक्ष शिव शंकर उर्फ.शिबू कुमार मेहता प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

### बरही विधानसभा क्षेत्र की जर्जर सड़कों का मुद्दा विधानसभा में उठा, विधायक मनोज यादव ने शीघ्र मरम्मत की मांग की



बरही। बरही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चौपारण एवं बरही प्रखंड की कई प्रमुख सड़कों की बदहाल स्थिति को लेकर विधायक मनोज यादव ने विधानसभा सत्र के दौरान शून्यकाल में मामला प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि वर्षों से जर्जर पड़ी इन सड़कों के कारण आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। विधायक ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि चौपारण प्रखंड के चैथी मोड़ से चैथी अंतिम सीमा तक, जी.टी. रोड से अम्बाजीत, बेढ़ना दैहर मोड़ से दैहर तक तथा मुन्नम स्कूल मोड़ से नेवरीकर्मा तक की सड़कें अत्यंत जर्जर हो चुकी हैं। वहीं बरही प्रखंड के भंडारो मोड़ से बैरीसाल तक तथा ओरपरता मोड़ से डपोक तक की सड़कें भी बदहाल स्थिति में हैं, जिससे स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन मार्गों पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं और कई लोग घायल हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में जनहित को देखते हुए इन सड़कों की तत्काल मरम्मत कराना आवश्यक है। विधायक मनोज यादव ने सरकार से मांग की कि उक्त सभी सड़कों की अविलंब मरम्मत कराकर आम जनता को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए

### चुरचू में विद्यार्थियों के बीच स्कूल बैग, कापी प्रमुख के हाथों किया गया वितरण

चुरचू। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार, विद्यालय किट योजना अंतर्गत प्रारंभिक विद्यालयों में कक्षा 1-5, कक्षा 6-8 तथा उच्च विद्यालय में कक्षा 9 -12 तक वर्ष 2026-27 में कुल 807 अध्यनरत विद्यार्थियों को 'मेरा स्कूल मेरा अभिमान' के तहत पीएम श्री उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय चुरचू में स्कूल बैग एवं कॉपी का निःशुल्क वितरण चुरचू प्रखंड के प्रमुख, निरंजन प्रसाद नायक, चुरचू पंचायत के मुखिया, पूनम बेसरा, विधायक प्रतिनिधि प्रदीप यादव, पूर्व उप-मुखिया, सहदेव किस्कू, वार्ड सदस्य, रीता देवी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, चंद्रिका राम तथा प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद महथा द्वारा वितरित किया गया।

# बड़कागांव सीएचसी में जच्चा-बच्चा मौत मामले की जांच शुरू, टीम ने परिजनों का बयान दर्ज किया

**दोषियों पर कार्रवाई व स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार का दिया आश्वासन**

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बड़कागांव। बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बड़कागांव में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत के मामले की जांच शुक्रवार को शुरू हो गई। हजारीबाग सिविल सर्जन के निर्देश पर गठित जांच टीम ने अस्पताल पहुंचकर मृतका के परिजनों, आंदोलन में शामिल लोगों तथा अस्पताल प्रबंधन से अलग-अलग जानकारी ली। टीम ने मृतका के चाचा सीताराम राणा का बयान दर्ज किया और मामले से जुड़े तथ्यों को कलमबद्ध किया। वहीं समाजसेवी सह पत्रकार एवं बड़कागांव विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी से भी पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी ली गई।मामले में जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. एस.के. राजन के नेतृत्व में जांच की गई। टीम में हजारीबाग सदर प्रभारी डॉ. अमरेश कुमार, विष्णुगढ़ की महिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिवानी तथा डीएम दिवाकर अंबष्ठा शामिल थे। टीम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और स्वास्थ्य प्रबंधन से जुड़े बिंदुओं की समीक्षा की।

**क्या बोले जांच टीम के प्रमुख**

जांच टीम के प्रमुख डॉ. एस.के. राजन ने कहा कि मामला अत्यंत गंभीर है। सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था और प्रबंधन में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।जांच के दौरान मृतका के चाचा सीताराम राणा, समाजसेवी सह पत्रकार एवं सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर कुमार उर्फ शिबू, तथा सत्यजीत विद्या अलंकार उपस्थित थे।

**नौ घंटे चला था धरना**

गौरतलब है कि मंगलवार शाम जच्चा-बच्चा की मौत के बाद परिजनों के समर्थन में पत्रकार, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और ग्रामीण सीएचसी परिसर में धरने पर बैठ गए थे। प्रदर्शनकारियों ने दोषी चिकित्सक पर कार्रवाई, अस्पताल की लचर व्यवस्था में सुधार तथा अनियमितताओं पर रोक लगाने की मांग की थी। करीब नौ घंटे तक चले धरने का समापन देर रात प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल और अंचलाधिकारी मनोज कुमार की पहल पर प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं परिजनों के बीच हुई वार्ता के बाद हुआ।

**लिखित आश्वासन के बाद समाप्त हुआ था आंदोलन**

वार्ता के दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉ. अविनाश कुमार ने बीडीओ एवं सीओ की मौजूदगी में लिखित आश्वासन दिया था कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी चिकित्सक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पीड़ित परिवार के एक सदस्य को आउटसोर्सिंग के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने, आर्थिक सहायता दिलाने तथा अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं एवं प्रबंधन में शीघ्र सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिया गया। परिजनों ने कहा था कि यदि तय समय के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो वे दोबारा आंदोलन करेंगे।

**क्या है पूरा मामला**

महूदी गांव निवासी मुखलाल राणा अपनी पुत्री खुशबू कुमारी को प्रसव पीड़ा होने पर सोमवार को दामाद विकास राणा के साथ सीएचसी बड़कागांव लेकर पहुंचे थे। परिजनों के अनुसार चिकित्सकों ने शुरूआत में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने की बात कही थी। मंगलवार को खुशबू ने एक बच्चे को जन्म दिया, जिसकी जन्म के समय ही मौत हो गई। इसके बाद खुशबू की हालत गंभीर होने पर उसे रेफर किया गया, लेकिन अस्पताल से निकलने के कुछ ही देर बाद रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर वापस सीएचसी पहुंचे और कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

**परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप**

मृतका के चाचा सीताराम राणा ने जांच टीम को बताया कि प्रसव के दौरान चिकित्सक एवं कथित नर्स की लापरवाही से खुशबू को गंभीर चोटें पहुंचीं, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। उनका आरोप है कि बच्चे को निकालने के दौरान ही उसकी मौत हो गई और बाद में गंभीर स्थिति में रेफर किए जाने के कारण खुशबू की भी जान चली गई।

## एक नजर

### बीएड कॉलेज में प्रशिक्षुओं के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित



चतरा। चतरा कॉलेज, चतरा के शिक्षा विभाग में सत्र 2024-26 के प्रशिक्षुओं के सम्मान में भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम 'हर अंत एक नई शुरूआत' रही, जिसने जीवन के एक महत्वपूर्ण पड़ाव से नई संभावनाओं की ओर अग्रसर होने का सकारात्मक संदेश दिया।समारोह का शुभारंभ अतिथियों के पारंपरिक तिलक स्वागत, दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार झा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ डा. बलदेव राम, डॉ. एलविन बाखला, प्रो. अतुल अनुराग तिर्की प्रो. विवेक आशीष बाखला प्रो. बालेश्वर राम प्रो.हेमंत मिश्रा ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार झा ने कहा कि शिक्षण का पेशा केवल रोजगार नहीं, बल्कि समाज निर्माण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से संवेदनशीलता, सहानुभूति एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने शिक्षकीय दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।कार्यक्रम शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. नन्द किशोर कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा प्रेम बसंत बाखला, ग्लोरिया ग्रेस होरो, शोभा कुजूर, कंचन सोय मुर्मू, एवं अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। डॉ. नन्द किशोर कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज के सच्चे निमार्ता होते हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं से जीवन की चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करते हुए आदर्श शिक्षक एवं बेहतर इंसान बनने का आह्वान किया।

### समाजसेवी नेमीचंद राम को श्रद्धांजलि, प्रेमचंद राम बने समाज के मालिक एवं पोखन राम को मिली छड़ीदार की जिम्मेदारी



कटकमसांडी। कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के खुटरा गांव में दिवंगत समाजसेवी एवं टिस्को (टाटा कंपनी) के सेवानिवृत्त कर्मी नेमीचंद राम की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन श्रद्धा एवं सम्मान के साथ किया गया। सभा में बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बताया गया कि नेमीचंद राम का जन्म 23 जुलाई 1960 को हुआ था। वे समाजसेवा के साथ-साथ टिस्को (टाटा कंपनी) में कार्यरत रहे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने स्वयं को पूरी तरह समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उनका आकस्मिक निधन 28 जुलाई 2026 को हो गया। उल्लेखनीय है कि उनका जन्म 23 जुलाई को हुआ था और निधन भी इसी माह 28 जुलाई को हुआ। अपने पीछे वे तीन पुत्र एवं पांच पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। श्रद्धांजलि सभा के दौरान समाज की परंपरा के अनुसार प्रेमचंद राम को समाज का मालिक तथा पोखन राम को छड़ीदार की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार दास ने दोनों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया तथा समाज को सुचारू रूप से संचालित करने की जिम्मेदारी सौंपी।

### वार्ड 11 के पार्षद बदरी रविदास पर घिरा विवाद, पूर्व प्रत्याशी ने सदस्यता समाप्त करने की उठाई मांग



धनबाद नगर निगम के वार्ड नंबर 11 के पार्षद बदरी रविदास की सदस्यता रद्द करने की मांग अब खुलकर सामने आ गई है। वार्ड नंबर 11 के पूर्व पार्षद प्रत्याशी प्रहलाद कुमार ने प्रेस वार्ता कर पार्षद बदरी रविदास पर निशाना साधते हुए उनकी सदस्यता समाप्त करने की मांग की। प्रेस वार्ता के दौरान प्रहलाद कुमार ने दावा किया कि वर्ष 2011 के चर्चित मटकुरिया गोलीकांड मामले में धनबाद की जिला एवं सत्र अदालत ने 10 जुलाई 2026 को फैसला सुनाते हुए बदरी रविदास समेत कई लोगों को तीन-तीन वर्ष की सजा सुनाई थी। इसी फैसले का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि दोषसिद्धि के बाद संबंधित प्रावधानों के तहत पार्षद की सदस्यता पर कार्रवाई होनी चाहिए। प्रहलाद कुमार ने कहा कि इस मामले को लेकर वे नगर विकास मंत्री से भी मिल चुके हैं और पूरे घटनाक्रम से उन्हें अवगत कराया है। साथ ही धनबाद उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर बदरी रविदास की सदस्यता रद्द करने तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई की मांग करेंगे। उन्होंने यह भी मांग की कि जब तक सक्षम प्राधिकारी कोई निर्णय नहीं लेता, तब तक बदरी रविदास को नगर निगम की बोर्ड बैठकों में शामिल नहीं होने दिया जाए। हालांकि, इस पूरे मामले में नगर निगम प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं, पार्षद बदरी रविदास का पक्ष भी फिलहाल प्राप्त नहीं हो सका है। उनका पक्ष मिलने पर उसे भी प्रमुखता से प्रसारित किया जाएगा।

### राजगंज इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मासिक धर्म से संबंधित मिथक एवं एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम




धनबाद । राजगंज इंटर कॉलेज राजगंज के प्रांगण में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मासिक धर्म से संबंधित मिथक एवं एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्या वाणी देवी , डॉ मनीषाज मल्टीस्पेशलिटी होम्योपैथी क्लीनिक के डॉक्टर जी एल प्रसाद एवं डॉक्टर मनीषा प्रसाद , उपस्थित थे । विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत समिति सदस्य उर्मिला साव,समाजसेवी हलदार महतो एवं नवनीत मित्तल प्राचार्य प्रोफेसर संजीत कुमार महतो प्रोफेसर संजीव कुमार गुप्ता प्रोफेसर संजय कुमार प्रोफेसर सोमनाथ केसरी प्रोफेसर सुनीता टोप्पो प्रोफेसर डॉक्टर इरफान अहमद प्रोफेसर शकुंतला कुमारी प्रोफेसर स्वाति राय प्रोफेसर सुमन बाला प्रोफेसर बसंत कुमार महतो प्रोफेसर नेहा प्रियदर्शनी और प्रोफेसर प्रियंका कुमारी एवं शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मी भुवनेश्वर महतो, हीरालाल महतो आदि उपस्थित थे । यह जागरूकता कार्यक्रम विगत तीन दिनों से चल रहा था । जिसमें निबंध लेखन कोलाज मेकिंग चित्रकला मेहंदी एवं रंगोली आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं के बीच स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रचार प्रसार किया गया । विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं में प्रथम स्थान पाने वाले प्रहलाद रजवार , गोपाल साव , सोनाली कुमारी , अभिनव तिवारी , अर्चना कुमारी , निशा कुमारी , कुमकुम महतो , द्वितीय स्थान पाने वाले रोशनी कुमारी , सुनिधि कुमारी , जास्मीन परवीन , पूनम कुमारी एवं तृतीय स्थान पाने वाले विशेष कुमार दास , आंचल कुमारी , लैला परवीन , वर्षा कुमारी , संतोषी कुमारी एवं टॉप 10 छात्र-छात्राओं को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया।

## विहिप की बैठक में 11 हजार नए लोगों को जोड़ने का लक्ष्य

रामगढ़। विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ जिला की बैठक शुक्रवार को रामगढ़ ब्लॉक स्थित होटल लॉ मैरिटल में जिला मंत्री छोटू वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विहिप के प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन कुमार, प्रांत दुर्गा वाहिनी प्रमुख कृति गौरव और प्रांत मातृशक्ति प्रमुख अनिमा पांडेय मौजूद रहीं। बैठक की शुरूआत ओम के उच्चारण से हुई। प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन कुमार ने लोहरदगा में हुई तीन दिवसीय प्रांत कार्यसमिति की बैठक में तय कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अशोक सिंघल की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर 27 सितंबर से चार अक्टूबर तक जिले के गांव-गांव में हित चिंतक अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत रामगढ़ जिले में करीब 11 हजार नए लोगों को विहिप और बजरंग दल से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में आठ से 15 अगस्त तक अखंड भारत संकल्प दिवस के कार्यक्रम होंगे। वहीं, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रन फॉर वंदे मातरम् कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में हिंदू समाज को स्वावलंबी बनाने के लिए विहिप और बजरंग दल की ओर से हैदराबाद में निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण देने की जानकारी भी दी गई। वहीं, 20 से 23 अगस्त तक रामगढ़ में झारखंड प्रांत का तीन दिवसीय मातृशक्ति वर्ग आयोजित होगा।

## दारू बीडीओ कार्यालय में आउटसोर्सिंग कर्मियों का फूटा गुस्सा, 16 महीने से नहीं मिला मानदेय, भुखमरी की कगार पर परिवार

उज्जवल दुनिया संवाददाता



दारू। हजारीबाग जिले के दारू प्रखंड कार्यालय से एक चौंकाने वाला और गंभीर मामला सामने आया है। यहाँ आउटसोर्सिंग एजेंसी के तहत दिन-रात सेवा देने वाले कंप्यूटर सहायक, चालक और सफाईकर्मी पिछले 16 महीनों से बिना मानदेय के काम करने को मजबूर हैं। महीनों से पाई-पाई को तरस रहे पीड़ित कर्मियों का सब्र आखिरकार टूट गया और उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के समक्ष हुंकार भरते हुए बकाया मानदेय के अविलंब भुगतान की मांग की है।

**16 महीने से मानदेय ठप, भुखमरी और कर्ज के साए में घुट रही जिंदगी**

प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपे गए मांग पत्र में कर्मचारियों ने आउटसोर्सिंग एजेंसी की घोर लापरवाही और अपनी बदहाली का दर्द बयां किया है। कर्मी ग्रामीण विकास विभाग के तहत अधिकृत एजेंसी M/S Raider Security Pvt. Ltd., Ranchi के जरिए दारू प्रखंड कार्यालय में कार्यरत हैं।

**एजेंसी द्वारा कर्मियों का मानदेय निम्नलिखित तीन चरणों में अटका कर रखा गया है:**

नवंबर 2024 से फरवरी 2025, जुलाई 2025 से फरवरी 2026, मार्च 2026 से जुलाई 2026, कुल मिलाकर बीते 16 महीनों से आउटसोर्सिंग एजेंसी ने कर्मियों को फूटी कौड़ी तक नसीब नहीं होने दी है, जिससे उनके सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है।

**गंभीर मानसिक तनाव में कर्मी, बच्चों की पढ़ाई और रोटी के लाले**

कर्मियों ने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि लगातार 16 महीने से मानदेय न मिलने के कारण परिवार का पेट पालना और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना नामुमकिन हो गया है।

## बारिश में ढहा कच्चा मकान, मलबे से मिले प्राचीन चांदी के सिक्के

उज्जवल दुनियां संवाददाता



दारु। टाटीझरिया प्रखंड के अमनारी गांव में शुक्रवार सुबह एक अनोखी घटना ने पूरे इलाके में कौतूहल का माहौल पैदा कर दिया। लगातार बारिश के कारण एक पुराने मिट्टी का मकान ढह गया। मलबा हटाने के दौरान दीवार में छिपाकर रखा गया एक मिट्टी का कलश फूट गया, जिसमें वर्षों से सुरक्षित रखे गए प्राचीन चांदी के सिक्के बिखर गए। जानकारी के अनुसार, अमनारी निवासी बैजू महतो का पुराना कच्चा मकान बारिश के कारण कमजोर होकर अचानक गिर गया। राहत की बात यह रही कि उनका परिवार पास के पक्के मकान में रह रहा था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। मकान गिरने के बाद दीवार के भीतर रखा मिट्टी का कलश टूट गया और उसमें मौजूद दो किलोग्राम से अधिक वजनी चांदी के सिक्के मलबे में फैल गए। सिक्के दिखाई देते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते यह खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई। ग्रामीणों का मानना है कि यह चांदी के सिक्के बैजू महतो के पूर्वजों द्वारा सुरक्षित रखी गई पारिवारिक धरोहर हो सकते हैं। घटना के बाद गांव में यह चर्चा भी शुरू हो गई है कि परिवार के अन्य पुराने मिट्टी के मकानों की दीवारों में भी इस तरह की पुरानी धरोहर छिपी हो सकती है। हालांकि, सिक्कों की वास्तविक संख्या, उनकी ऐतिहासिकता और वर्तमान मूल्य की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। यह घटना फिलहाल पूरे टाटीझरिया क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है.

## भक्ति और उल्लास से सजा श्री रानी सती दादी का दरबार, महा मंगल पाठ में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**सिंझारा, चुनरी और आकर्षक श्रृंगार ने मोहा मन, रानीगंज की सुप्रसिद्ध पाठ वाचिका जुली खंडेलवाल और अमिता बूबना ने भजनों और मंगल पाठ से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर किया**

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। श्री रानी सती दादी जी के पावन आशीर्वाद से शुक्रवार को हजारीबाग के अग्रसेन भवन में आयोजित श्री रानी सती दादी का भव्य महा मंगल पाठ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के अद्भुत संगम का साक्षी बना। प्रातः से ही दादी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा परिसर ₹जय दादी की₹ के जयघोष से गूंज उठा।कार्यक्रम में सजे दादी जी के भव्य दरबार ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। रंग-बिरंगे सिंझारा, चुनरी और मनमोहक पुष्प श्रृंगार से सुसज्जित दरबार दिव्य आभा बिखेर रहा था। दादी जी का अलौकिक स्वरूप देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और बड़ी संख्या में भक्तों ने चुनरी अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की। इस अवसर पर रानीगंज की सुप्रसिद्ध पाठ वाचिका जुली खंडेलवाल और अमिता बूबना ने अत्यंत मधुर एवं भावपूर्ण शैली में महा मंगल पाठ का वाचन किया। उनके मुखारविंद से निकले भजनों, मंगल गीतों और दादी महिमा के वर्णन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु भक्ति की धुन पर झूम उठे और पूरा पंडाल दादी की भक्ति में सराबोर दिखाई दिया। कई श्रद्धालुओं की आंखें भावुक होकर नम हो गई।महा मंगल पाठ के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। दादी जी के जयकारों, भजनों और मंगलाचरण से पूरा अग्रसेन भवन आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम में दादी भक्तों ने परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और विश्व कल्याण की प्रार्थना की। आयोजन के सफल संचालन में समिति के सभी सदस्यों एवं स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में दादी जी की भव्य आरती संपन्न हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

# 203 कोबरा बटालियन में शौर्य, अनुशासन और राष्ट्रसेवा से रूबरू हुए श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी

**कमांडेंट पवन कुमार सिंह ने जवानों के साहस और समर्पण से कराया परिचित, विद्यार्थियों ने हथियारों, मॉक ड्रिल और जंगल में जीवित रहने की तकनीकों को जाना**

उज्जवल दुनिया संवाददाता




बरही। देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को बरही स्थित 203 कोबरा बटालियन का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की आंतरिक सुरक्षा में तैनात जवानों के जीवन, अनुशासन, साहस और कार्यशैली से परिचित कराना था। कोबरा बटालियन के अधिकारियों ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें सुरक्षा बलों की जिम्मेदारियों और प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी दी। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने फायरिंग रेंज, जिम, स्विमिंग पूल, जवानों के आवास, आधुनिक हथियारों और अन्य सैन्य उपकरणों का अवलोकन किया। जवानों ने मॉक ड्रिल के माध्यम से बताया कि नक्सल प्रभावित और दुर्गम क्षेत्रों में किस प्रकार योजनाबद्ध तरीके से अभियान चलाए जाते हैं। विद्यार्थियों को ऑपरेशन बैग (रक्सैक) में रखे जाने वाले आवश्यक सामान तथा जंगल में सीमित संसाधनों के बीच सुरक्षित रहने और अस्थायी कैंप स्थापित करने के तरीकों की भी जानकारी दी गई। कोबरा बटालियन के कमांडेंट पवन कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में धैर्य, अनुशासन और साहस ही एक जवान की सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने बटालियन के गठन, कार्यशैली और देश की आंतरिक सुरक्षा में उसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए अपने अभियानों के अनुभव भी साझा किए। उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी जवान राष्ट्र की सुरक्षा के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं।विद्यालय प्रमुख रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव उपलब्ध कराने के लिए निरंतर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। इस अवसर पर असिस्टेंट कमांडेंट शिवा कुमार, इंस्पेक्टर राजीव कुमार, सब-इंस्पेक्टर विवेक कुमार, हवलदार उम्मेद सिंह सहित कोबरा बटालियन के जवानों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। वहीं विद्यालय की ओर से विकास गुप्ता, स्नेहा प्रकाश, प्रियंका, विवेक सर सहित अन्य शिक्षक भी भ्रमण के दौरान उपस्थित रहे।

# संयुक्त अभियान में सीआईएस एफ की बड़ी कार्रवाई, 218.900 मीट्रिक टन अवैध कोयला जब्त

## दो मोटरसाइकिलें भी बरामद, कोयला तस्करों में मचा हड़कंप; चापापुर ओसीपी व आसपास के इलाकों में चला सघन अभियान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**एग्यारकुंड।** अवैध कोयला खनन एवं तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सीआईएसएफ को बड़ी सफलता मिली है। ईसीएल मुगमा क्षेत्र के चापापुर ओपन कास्ट प्रोजेक्ट (ओसीपी) एवं आसपास के संवेदनशील इलाकों में गुरुवार रात से लेकर शुक्रवार दोपहर तीन बजे तक चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान टीम ने 218.900 मीट्रिक टन अवैध कोयला जब्त किया।इसके अलावा अवैध गतिविधियों में प्रयुक्त दो पुरानी मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं। जब्त कोयले की अनुमानित कीमत करीब 13.20 लाख रुपये बताई गई है।कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सक्रिय कोयला तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार यह विशेष अभियान सीआईएसएफ के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (ठऐ-क्क) मुख्यालय, कोलकाता के पर्यवेक्षण एवं निर्देशन में चलाया गया।अभियान का मुख्य उद्देश्य एमएमडीआर अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ह्यजीरो कोल लीकेज प्लानह्ण के तहत अवैध खनन, कोयला चोरी और अवैध परिवहन पर प्रभावी रोक लगाना था।सीआईएसएफ ईसीएल शीतलपुर के कमांडेंट राहुल सिंह गौतम के समग्र निर्देशन में अभियान का नेतृत्व सहायक कमांडेंट खरडे मनोज भानुदास ने किया। वहीं फील्ड ऑपरेशन का समन्वय इंस्पेक्टर पी.एस. महापात्रा एवं इंस्पेक्टर एस.के. सिंह ने किया। अभियान में सीआईएसएफ ईसीएल शीतलपुर के मुगमा एवं मोहनपुर कैंप की क्यूआरटी, सीआईएसएफ आरटीपीएस पुरुलिया, सीआईएसएफ एमटीपीएस मेजिया, एनईजेड-क्क मुख्यालय कोलकाता की ऑपरेशनल एवं क्राइम इंटेलिजेंस विंग (उक्ह) तथा ईसीएल सुरक्षा विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया। गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त टीमों ने चापापुर ओसीपी एवं आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक तलाशी, क्षेत्र प्रभुत्व एवं सघन अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में अवैध रूप से निकाला गया स्टीम कोयला बरामद किया गया। टीम ने मौके से दो पुरानी मोटरसाइकिलें भी जब्त कीं, जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर अवैध गतिविधियों में किया जा रहा था। सीआईएसएफ अधिकारियों के अनुसार, इस कार्रवाई से राष्ट्रीय संपत्ति को होने वाली संभावित बड़ी क्षति को रोका गया है और क्षेत्र में सक्रिय अवैध कोयला खनन एवं तस्करी के नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि एमएमडीआर अधिनियम के प्रभावी प्रवर्तन और ह्यजीरो कोल लीकेजह्ण नीति के तहत आगे भी खुफिया सूचना के आधार पर इस तरह के संयुक्त अभियान लगातार जारी रहेंगे। अवैध खनन, कोयला चोरी और तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी से निरसा अनुमंडल क्षेत्र के कोयला चोरों में हडकंप मची है।

## एक नजर

### ड्रामा क्वीन किटी समारोह में महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव, दिखा उत्साह



**बोकारो।** शहर के डेफोडिल रेस्टोरेंट में गुरुवार को बेला पांडे के नेतृत्व में ड्रामा क्वीन किटी की ओर से सावन मिलन एवं किटी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम हंसी-खुशी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के बीच संपन्न हुआ। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजकर सावन के गीतों, खेलों और आपसी संवाद के माध्यम से उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बंटी रानी, अनामिका शिखा एवं अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह में स्वाति प्रीति सिंह, अनामिका सिंह, सुचित्रा सिंह, अरुणा सिंह, कुमकुम जायसवाल, गुंजन श्रीवास्तव, लिली प्रसाद, पुष्पा रानी, सीमा राज सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। आयोजक बेला पांडे ने कहा कि सावन मिलन जैसे आयोजन महिलाओं को अपनी व्यस्त दिनचर्या से कुछ समय निकालकर एक-दूसरे से जुड़ने, खुशियां साझा करने और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के रचनात्मक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि महिलाओं में आपसी सहयोग, आत्मीयता और सामाजिक सहभागिता की भावना और मजबूत हो सके। समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों ने एक-दूसरे को सावन की शुभकामनाएं दीं तथा स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते हुए कार्यक्रम को यादगार बनाया।

### अवैध बालू परिवहन पर कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर जब्त



**बोकारो।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर खान एवं खनन विभाग तथा सेक्टर-06 थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार तड़के अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान सेक्टर-06 बी रोड से अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त किए गए। जानकारी के अनुसार, 7 अगस्त 2026 की रात करीब 3 बजे संयुक्त टीम ने छापेमारी की। इस दौरान जे एच09 बीएफ -2743, जे एच 09 बी बी-3591 एवं जे एच 10 सी बी-6116 नंबर के तीन ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू का परिवहन करते पकड़े गए। जांच में तीनों वाहनों पर लदे बालू के लिए कोई वैध ई-परिवहन चालान (ई-चालान) प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद खान निरीक्षक, बोकारो ने नियमानुसार खनिज सहित तीनों ट्रैक्टरों को जब्त कर सेक्टर-06 थाना के अभिरक्षण में सुरक्षित रखा। खनन विभाग ने बताया कि अवैध खनन एवं खनिज परिवहन के विरुद्ध आगे भी संयुक्त अभियान लगातार जारी रहेगा।

### धनबाद जिला गतका चैंपियनशिप 2026-27 का आयोजन बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में




**धनबाद।** गतका एसोसिएशन के द्वारा धनबाद जिला गतका चैंपियनशिप सत्र 2026-27 का आयोजन बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मेमको मोड़ धनबाद में किया जाएगा, इसकी जानकारी देते हुए जिला सचिव रोहित प्रसाद ने बताया कि भारत की प्राचीन सिख मार्शल आर्ट शैली गतका खेल में धनबाद जिला के विभिन्न स्कूलों, क्लबों के सैकड़ों लड़के/ लड़कियां भाग लेंगे। चैंपियनशिप का उदघाटन गतका एसोसिएशन झारखंड के अध्यक्ष केशव हारोदिया, जिला अध्यक्ष बसंत हेलीवाल, धनबाद जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा , राज्य सचिव मति विद्या के द्वारा किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ स्कूल अथवा क्लब को ट्रॉफी सह बेस्ट फाइटर अवार्ड एक लड़के वा एक लड़की को प्रदान किया जाएगा। धनबाद जिला गतका चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी राज्य प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी विजेताओं को पदक एवं प्रमाणपत्र दे कर सम्मानित किया जाएगा।

### 44वीं ऐतिहासिक डाक कांवड़ यात्रा 8 अगस्त से, 501 डाक बम होंगे शामिल

**बोकारो।** चास डाक बम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित 44वीं ऐतिहासिक डाक कांवड़ यात्रा का शुभारंभ 8 अगस्त को संकट मोचन हनुमान मंदिर, जोधाडीह मोड़, चास से होगा। धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा-अर्चना के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो जोधाडीह मोड़ से महावीर चौक, धर्मशाला मोड़, बाईपास रोड, चेकपोस्ट और सेक्टर-1 तिरंगा पार्क होते हुए राम मंदिर, सेक्टर-1 पहुंचेगी। समिति के सचिव मुकेश राय ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि इस वर्ष यात्रा में 501 डाक कांवड़िया तथा करीब 200 सदस्यीय डाक सेवा दल भाग लेगा। सभी डाक बम 11 बसों से सुल्तानगंज के लिए रवाना होंगे। 10 अगस्त को उत्तरवाहिनी मां गंगा से पवित्र जल लेकर 105 किलोमीटर की निरंतर पदयात्रा शुरू की जाएगी और 11 अगस्त को बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक किया जाएगा। यात्रा के शुभारंभ समारोह में सांसद ढुल्लू महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं विधायक, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, महापौर, उपमहापौर, वार्ड पार्षद एवं अन्य गणमान्य नागरिक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर डाक कांवड़ियों के जत्थे को रवाना किया जाएगा। समिति के लिए इस वर्ष की यात्रा भावुक क्षण भी लेकर आई है। समिति के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय अजय राय का 1 अगस्त 2026 को निधन हो गया था। प्रेस वार्ता के दौरान समिति के सदस्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। समिति ने नगरवासियों एवं शिवभक्तों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर डाक कांवड़ियों का उत्साहवर्धन करने तथा यात्रा को सफल बनाने की अपील की। प्रेस वार्ता में टिंकू टपड़िया, धीरज सिंह, कर्ण सिंह, पिंकू मिश्रा, उत्तम डे, सुनील, चंदन, सिद्धेश्वर सेठ, संदीप, कुणाल, उमेश, टिंकू बरनवाल, टुल्लू, मोनू, अर्जुन, शानू, मिथुन, सोनल आर्या, राजा, पीयूष, छोटू यादव, रंजन गुप्ता, विनय, किशोर, ब्रज दुबे, माथुर मंडल, शुभाष महतो, दया तिवारी, मनोज राय, संदीप टुन्ना, राजा चौधरी, संजय सिंह, राजू मोदक, अरविंद राय, रितेश भगोड़िया, अंकुर ठाकुर, माणिक सिंह, प्रकाश सिंह, अभिषेक ध्रुव, बुलेट सिंह सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

# विश्व स्तनपान सप्ताह पर मुस्कान हॉस्पिटल में सेमिनार

### नवजात के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्तनपान को बताया जीवन की मजबूत नींव

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो।** प्रत्येक वर्ष दुनिया भर में 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है इसी कड़ी में आज 6 अगस्त गुरुवार को अपराह्न 12:00 बजे मुस्कान हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के सभागार में जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था झ्र ₹जीवन में एक स्थायी शुरूआत के लिए स्तनपानः जो प्रभावी है, उसे मजबूत करें₹। सेमिनार में चिकित्सकों ने स्तनपान के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए माताओं और स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ अस्पताल की वरिष्ठ प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उषा सिंह ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. सी. मुंशी सहित अस्पताल के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, इंटर्न, स्वास्थ्यकर्मी एवं निदेशक मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ. हर्षिता ने अपने व्याख्यान में कहा कि नवजात शिशु के मानसिक, शारीरिक और रोग प्रतिरोधक क्षमता के विकास के लिए स्तनपान सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने बताया कि जन्म के बाद शुरूआती छह माह तक शिशु को केवल मां का दूध ही दिया जाना चाहिए। इससे न केवल शिशु का समुचित विकास होता है, बल्कि कई गंभीर बीमारियों से भी सुरक्षा मिलती है। उन्होंने कहा कि माताओं को स्तनपान के प्रति प्रेरित करने और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रिय भूमिका बेहद आवश्यक है। सेमिनार के दौरान उपस्थित चिकित्सकों ने स्तनपान को लेकर समाज में व्याप्त गलत धारणाओं को दूर करने तथा अधिक से अधिक माताओं को जागरूक करने का संकल्प लिया। अस्पताल के निदेशकों ने डॉ. हर्षिता के व्याख्यान की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों और स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रिय भागीदारी से इस अभियान को घर-घर तक पहुंचाया जा सकता है। सेमिनार में एक बात बड़ी चौंकाने वाली आई कि पूरे देश में अंडमान निकोबार स्तनपान करने वाले राज्यों की श्रेणी में 85.6% के साथ सर्वश्रेष्ठ आंकड़े पर है, तत्पश्चात स्थान छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी का है ।साथ ही 34% के आंकड़े के साथ उत्तर प्रदेश का स्थान स्तनपान करने वाले राज्यों में सबसे निचले पायदान पर है। कार्यक्रम के अंत में मुस्कान हॉस्पिटल के उप चिकित्सा अधीक्षक वंदना सहाय ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। सेमिनार का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्तनपान को जन-आंदोलन का स्वरूप देना रहा।

## झारखंड के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : विधायक राज सिन्हा

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा में पार्टी के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने आज विधानसभा में राज्य के लाखों छात्र-युवाओं से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार का ध्यान युवाओं के भविष्य, स्वास्थ्य सेवाओं तथा चिकित्सा व्यवस्था की कमियों की ओर आकर्षित किया। विधायक राज सिन्हा ने विधानसभा में कार्यस्थगन सूचना के माध्यम से राज्य की संवैधानिक संस्थाओं खढरउ एवं खररउ द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे प्रश्नपत्र लीक, अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों की सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं ने राज्य के लाखों मेहनती एवं प्रतिभाशाली युवाओं का विश्वास तोड़ा है। वर्तमान में हजारों अभ्यर्थी सड़कों पर आंदोलनरत हैं, लेकिन सरकार उनकी आवाज सुनने के बजाय मौन बनी हुई है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 16 प्रत्येक नागरिक को समान अवसर एवं निष्पक्ष प्रतियोगिता का अधिकार प्रदान करते हैं, किंतु लगातार हो रही अनियमितताओं ने इन संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन किया है। सरकार को तत्काल सीबीआई जांच का आदेश देकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि युवाओं का विश्वास पुनः स्थापित हो सके। इसके साथ ही विधायक राज सिन्हा ने विधानसभा में राज्य के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों की बदहाल स्थिति का भी मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि धनबाद विधानसभा क्षेत्र सहित राज्य के लगभग 35,500 प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों को पिछले दो वर्षों से विकास अनुदान की राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है। विकास अनुदान नहीं मिलने के कारण विद्यालयों में मरम्मत, रंग-रोगन, सफाई, चॉक-डस्टर, बिजली, स्टेशनरी सहित अन्य आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से अविलंब विकास अनुदान की राशि जारी कर राज्य के सरकारी विद्यालयों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने की मांग की।

## केन्दुआडीह में धनबाद-बोकारो क्षतिग्रस्त सड़क की खुदाई शुरू

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**केन्दुआडीह।** भू-धंसान एवं गैस रिसाव से क्षतिग्रस्त हुई धनबाद-बोकारो मुख्य सड़क की खुदाई आज से भारत कोकिंग कोल लिमिटेड की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से शुरू कर दिया है। इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन ने बताया कि पिछले 6-7 महीनों से बंद पड़ी धनबाद-बोकारो सड़क को जनहित में दोबारा शुरू करने पर विगत 7 जुलाई 2026 को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, धनबाद, वरीय पुलिस अधीक्षक, जिले के माननीय जनप्रतिनिधि, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड तथा विभिन्न तकनीकी संस्थानों के साथ बैठक कर गहन विचार-विमर्श किया गया था। बैठक में सभी माननीय जनप्रतिनिधियों ने एकमत होकर प्रभावित क्षेत्र में वैज्ञानिक तरीके से खुदाई कर वास्तविक स्थिति का पता लगाने का सुझाव दिया था। इसके बाद भारत कोकिंग कोल लिमिटेड ने खुदाई कार्य के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार कर आज से जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क खुदाई कार्य शुरू किया है। वहीं खुदाई स्थल पर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड की तकनिकी टीम के साथ सुरक्षा बल, तकनिकी संस्थानों की टीम सहित सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पूरे कार्यक्षेत्र को सुरक्षा घेरे में लिया गया है। खुदाई के बाद, टेक्निकल रिपोर्ट आ जाने के बाद निर्णय लिया जाएगा कि बंद सड़क को चालू करना सुरक्षित है या जोखिम भरा है। उपायुक्त ने आमजनों से अपील की है कि वे खुदाई क्षेत्र से दूर रहें और सुरक्षित स्थान पर रहें।

# ईएसएल स्टील ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की

### कंपनी के दो प्रमुख इस्पात उत्पादों को प्रतिष्ठित सीआईआई ग्रीनप्रो इकोलेबल प्रमाणन मिला है। इसके साथ ही अब ईएसएल स्टील के तीन प्रमुख स्टील उत्पाद ग्रीनप्रो सर्टिफाइड हो गए हैं

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**बोकारो।** चंदनक्यारी के सियालजोडी स्थित ईएसएल स्टील ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी के दो प्रमुख इस्पात उत्पादों को प्रतिष्ठित सीआईआई ग्रीनप्रो इकोलेबल प्रमाणन मिला है। इसके साथ ही अब ईएसएल स्टील के तीन प्रमुख स्टील उत्पाद ग्रीनप्रो सर्टिफाइड हो गए हैं। बोकारो स्थित ईएसएल स्टील लिमिटेड ने अपने श-हक्रम्फ्ह वायर रॉड और श-उव्रउढक्व्हए डक्टाइल आयरन पाइप के लिए सीआईआई ग्रीनप्रो इकोलेबल प्रमाणन हासिल किया है। इससे पहले कंपनी के श-ल्ैं टीएमटी बार को भी यह प्रमाणन मिल चुका है। अब कंपनी के तीन प्रमुख फिनिश्ड स्टील उत्पाद ग्रीनप्रो प्रमाणित हो गए हैं। ग्रीनप्रो इकोलेबल भारतीय उद्योग परिसंघ यानी सीआईआई द्वारा दिया जाने वाला प्रतिष्ठित टाइप-1 इकोलेबल है। यह प्रमाणन उत्पादों के पूरे जीवनचक्र के दौरान उनके कार्बन फुटप्रिंट, पर्यावरणीय प्रभाव, संसाधनों के उपयोग और स्थिरता के मानकों के आधार पर दिया जाता है। यह प्रमाणन पर्यावरण-अनुकूल विनिर्माण प्रक्रिया की पहचान माना जाता है। कंपनी के सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक ने कहा कि₹ग्रीनप्रो प्रमाणन हमारे लिए गर्व का विषय है। यह जिम्मेदार विनिर्माण, संसाधनों के बेहतर उपयोग और सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमारा उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पादों के साथ ऐसे समाधान विकसित करना है, जो पर्यावरण संरक्षण और देश के हरित भविष्य में योगदान दें।₹ कंपनी का कहना है कि ग्रीनप्रो प्रमाणित उत्पादों की मांग हरित भवनों और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में लगातार बढ़ रही है। ईएसएल स्टील ऊर्जा दक्षता, नवाचार और पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों को अपनाकर टिकाऊ औद्योगिक विकास की दिशा में लगातार काम कर रही है।

# एसएसएलएनटी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (बालिका), धनबाद में गणित क्लब का गठन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**धनबाद।** राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान (डायट), गोविंदपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के आलोक में एसएसएलएनटी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (बालिका), धनबाद में गणित क्लब के गठन एवं उसके प्रभावी संचालन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या अंजना महतो ने की। बैठक में विद्यालय की छात्राओं में गणित के प्रति रुचि विकसित करने, तार्किक चिंतन, समस्या-समाधान क्षमता, रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा गणितीय कौशल को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विद्यालय में एक सशक्त एवं सक्रिय गणित क्लब का गठन किया जाए, जिससे छात्राओं को कक्षा शिक्षण के साथ-साथ विभिन्न गणितीय गतिविधियों, प्रतियोगिताओं, मॉडल निर्माण, पहेलियों, क्विज, परियोजनाओं एवं नवाचारों के माध्यम से सीखने का अवसर प्राप्त हो। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि गणित क्लब की बैठक प्रत्येक माह कम-से-कम एक बार नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। क्लब की सभी बैठकों एवं गतिविधियों का विवरण एक समर्पित क्लब पंजी में संधारित किया जाएगा तथा अधिक-से-अधिक छात्राओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। विद्यालय में गठित गणित क्लब के प्रभारी के रूप में प्रभात कुमार एवं सुश्री अंकिता कुमारी को नामित किया गया। मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप छात्राओं में से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह-सचिव एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का चयन भी सर्वसम्मति से किया गया। इस अवसर पर गणित क्लब के प्रभारी प्रभात कुमार ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि गणित केवल संख्याओं और सूत्रों का विषय नहीं, बल्कि सोचने की एक वैज्ञानिक एवं तार्किक पद्धति है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में गणित का महत्वपूर्ण योगदान है। गणित हमें सही निर्णय लेने, समस्याओं का विश्लेषण करने तथा उनका प्रभावी समाधान खोजने की क्षमता प्रदान करता है। यह विषय विद्यार्थियों में अनुशासन, धैर्य, आत्मविश्वास, तार्किक सोच तथा रचनात्मकता का विकास करता है। यदि छात्राएँ गणित को समझने और उसका आनंद लेने का प्रयास करें, तो यह विषय उनके लिए अत्यंत सरल और रोचक बन जाएगा। गणित क्लब का उद्देश्य छात्राओं में जिज्ञासा, नवाचार, टीम भावना तथा गणितीय प्रतिभा का विकास करना है, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। बैठक में विद्यालय के गणित शिक्षक शिव जन्म प्रसाद, प्रभात कुमार, अंकिता कुमारी, संगीता कुमारी तथा निखत सबा उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने गणित क्लब को प्रभावी एवं सक्रिय रूप से संचालित करने तथा छात्राओं में गणित के प्रति रुचि विकसित करने के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। बैठक के अंत में प्रभारी प्राचार्या अंजना महतो ने कहा कि विद्यालय का गणित क्लब छात्राओं में गणित के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने, उनकी प्रतिभा को निखारने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं गतिविधि-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं छात्राओं से गणित क्लब की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि गणित क्लब के माध्यम से छात्राओं में तार्किक क्षमता, विश्लेषणात्मक सोच, आत्मविश्वास तथा नवाचार की भावना का विकास होगा और वे भविष्य में शिक्षा एवं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह एवं मुद्रक एस. एच. प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची -835222 द्वारा झारखंड से मुद्रित एवं एसटी-663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ) : फोन नं. 8709022665, PRGI N0. - JHAHIN/2014/59794

# साहिबगंज रेलवे स्टेशन से आरपीएफ की टीम ने 9 लीटर विदेशी शराब के साथ दो शराब तस्करों को किया गिरफ्तार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**साहिबगंज:** रेलवे परिसर में अवैध रूप से शराब के परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आरपीएफ, सीआईबी मालदा एवं आरपीएफ पोस्ट साहिबगंज की संयुक्त टीम ने साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर कार्रवाई करते हुए दो शराब तस्करों को अवैध विदेशी शराब 12 बोतल रॉयल स्टैग के कुल 9 लीटर जब्त करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। जहां जब्त किए गए अवैध शराब की बाजार में अनुमानित कीमत ?9,840/- है। मिली जानकारी के अनुसार विश्वसनीय सूचना के आधार पर ट्रेन संख्या 13429 अप आनंद विहार टर्मिनल वीकली एक्सप्रेस से विदेशी शराब के अवैध परिवहन के संबंध में साहिबगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर संयुक्त टीम के द्वारा गुप्त निगरानी एवं जांच अभियान चलाया गया। जहां उक्त ट्रेन के लगभग 12 बजे प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर पहुंचने पर टीम ने एसी कोच में दो व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में अलग अलग बैग लेकर यात्रियों की भीड़ के बीच स्वयं को छिपाने का प्रयास करते हुए देखा। जहां दोनों व्यक्ति ह्वबोल बमह्व की वेशभूषा में थे, जिससे संदेह होने पर टीम के द्वारा उन्हें रोककर उनके बैगों की जांच की गई, जिसमें विदेशी शराब बरामद हुई। जहां पूछताछ के दौरान दोनों व्यक्ति शराब के परिवहन के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब अथवा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकें। उधर पूछताछ में गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान मुन्नी लाल साह उम्र 38 वर्ष पिता स्व. धुरखेली साह निवासी लखनपुर, थाना तारापुर, जिला मुंगेर (बिहार) तथा प्रकाश कुमार चौधरी उम्र 30 वर्ष पिता प्राण नाथ चौधरी निवासी पुरानी साहिबगंज, थाना नगर थाना, जिला साहिबगंज (झारखंड) के रूप में हुई। जहां पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि उन्होंने उक्त विदेशी शराब बरहरवा, झारखंड से खरीदी थी तथा उसे जमालपुर रेलवे स्टेशन की ओर ले जा रहे थे, जहां उसे अवैध रूप से बेचकर आर्थिक लाभ अर्जित करने का उनका उद्देश्य था।

वही तलाशी के दौरान मुन्नी लाल साह के कब्जे से काले नीले रंग के बैकपैक में रॉयल स्टैग व्हिस्की की 4 बोतलें, तथा प्रकाश कुमार चौधरी के कब्जे से ग्रे रंग के हैंड कैरी बैग में रॉयल स्टैग व्हिस्की की 8 बोतलें बरामद की गईं। इस प्रकार दोनों के कब्जे से कुल 12 बोतल विदेशी शराब बरामद कर विधिवत जब्त की गई। जहां दोनों आरोपियों को सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं का पालन करते हुए गिरफ्तार किया गया तथा उनके परिजनों को गिरफ्तारी की सूचना दी गई। उधर गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों एवं बरामद विदेशी शराब को आवश्यक दस्तावेजों सहित आरपीएफ पोस्ट साहिबगंज लाया गया, जहां उनके विरुद्ध लागू विधिक प्रावधानों के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### बरहेट स्थित झामुमो प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख ने की बैठक



**बरहेट:** झामुमो प्रखंड कार्यालय बरहेट में शुक्रवार को प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।जहां आयोजित बैठक में आगामी 9 अगस्त को आदिवासी दिवस को लेकर तैयारी पर चर्चा की गई। इस मौके पर श्री मरांडी ने बताया कि हाईस्कूल स्थित ऑडिटोरियम हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वही सर्वप्रथम हाईस्कूल मैदान से पैदल मार्च करते हुए सिदो कान्हू चौक बरहेट में अमर वीर शहीद सिदो कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद हाईस्कूल के ऑडिटोरियम हॉल में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ की जाएगी। इस बैठक के मौके पर प्रखंड सचिव मुजीबुर्र रहमान, पुसा टुडू, सुनीराम हांसदा, समदा सोरेन, विनय सोरेन, सामयल मुर्मू, सुरय हांसदा, सुनील मरांडी सहित अन्य झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मॉडल कॉलेज राजमहल में एसआईआर अभियान को लेकर विद्यार्थियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**राजमहल:** मॉडल कॉलेज राजमहल में शुक्रवार को जिला निर्वाचन कार्यालय साहिबगंज एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां इस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय के अंशु मिश्रा ने विद्यार्थियों को एसआईआर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तारपूर्वक प्रदान की। जहां उन्होंने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम एवं अन्य विवरणों में सुधार तथा मतदाता पहचान पत्र को अद्यतन कराने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। साथ ही साथ विद्यार्थियों के द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का समाधान भी किया। उधर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सिदाम सिंह मुंडा ने विद्यार्थियों से अपील किया कि वे अपने मतदाता पहचान पत्र एवं मतदाता सूची में दर्ज विवरणों को अवश्य जांचें और आवश्यकतानुसार उसे अपडेट कराएं। आगे उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों का अभी तक मतदाता पहचान पत्र नहीं बना है, वे पात्रता के अनुसार अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराकर मतदाता पहचान पत्र बनवाएं। वही उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में जागरूक एवं जिम्मेदार मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। वही कार्यक्रम का संचालन डॉ. रमजान अली ने किया। इस अवसर पर डॉ. अमित कुमार, उदय सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसी अवसर पर ब्रह्माकुमारी, साहिबगंज के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाशपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों ने नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया। उधर कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में एक ओर जहां मतदाता जागरूकता को बढ़ावा दिया गया तो वही दूसरी ओर नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश भी दिया गया।

### पाकुड़ विधायक निशात आलम ने मंत्री दीपक बिरुआ से की मुलाकात, मोटेशन में हो रही समस्याओं से कराया अवगत



**बरहरवा:** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक निसात आलम ने शुक्रवार को झारखंड सरकार में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के कैबिनेट मंत्री दीपक बिरुआ से मुलाकात कर साहिबगंज जिले के बरहरवा अंचल क्षेत्र में अपील मोटेशन में हो रही तकनीकी समस्या को अवगत कराया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बरहरवा अंचल में अपील मोटेशन लगभग 200 के आसपास पेंडिंग है जहां मोटेशन नहीं होने की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों के माध्यम से विधायक को प्राप्त हुई जिस पर विधायक ने अंचलाधिकारी तथा कर्मचारियों से बात किया तो जानकारी हुआ कि झारखंड सरकार के द्वारा जारी किया गया। वही अंचलाधिकारी के ऑनलाइन लोगिन में अपील मोशन में शुद्धि पत्र जो मोटेशन के बाद जारी होता है उस पत्र में क्रेता एवं विक्रेता का ऑप्शन नहीं आ रहा है, जिस कारण जमीन खरीद बिक्री करने वाले का नाम स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। इस कारण बरहरवा अंचल में पिछले 3 महीना से अपील मोटेशन लंबित पड़ा हुआ है हालांकि रेगुलर मोशन हो रहा है लेकिन अपील मोटेशन में अंचलाधिकारी के लोगिन की समस्या के कारण कई लोगों के मोटेशन नहीं हो रहे हैं जिसके कारण लोगों का जरूरी काम भी नहीं हो पा रहा है। जहां पूरे मामले को लेकर विधायक निसात आलम ने कहा कि विभागीय मंत्री ने संबंधित विभाग के सचिव को तुरंत निर्देश दिया कि इस समस्या को तुरंत समाधान करें ताकि यहां के लोगों को मोटेशन में समस्या ना हो। आगे विधायक ने बताया कि मंत्री के आश्वासन के बाद विभागीय सचिव को निर्देश दिया गया है की समस्या का समाधान जल्द से कराए, जहां उम्मीद है कि समस्या का समाधान ससमय कर लिया जाना चाहिए।

### हावड़ा गया एक्सप्रेस से 40 बीयर कैन बरामद, आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में अवैध शराब तस्करी का प्रयास विफल

**बरहरवा:** गुप्त सूचना के आधार पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रेन संख्या 13023 अप हावड़ा गया एक्सप्रेस से अवैध रूप से छिपाकर ले जाई जा रही बडवाइजर मैग्नम बीयर की 40 कैन बरामद की है। जहां बरामद बीयर की बाजार में अनुमानित कीमत करीब ?6,000 बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, आरपीएफ पोस्ट बरहरवा के निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में एएसआई सुरेश पासवान, कांस्टेबल अनिल कुमार साह एवं कांस्टेबल रमेश यादव की टीम ने बरहरवा रेलवे स्टेशन पर विशेष तलाशी अभियान चलाया। जहां ट्रेन के बरहरवा रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद आरपीएफ एस्कॉर्ट पार्टी के एएसआई प्रसेनजीत दास (साहिबगंज) एवं कांस्टेबल प्रवीण कुमार राय के साथ संयुक्त रूप से बरहरवा से तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन के स्लीपर कोच एस 2 एवं एस 3 की सघन जांच की गई।

### साहिबगंज जिले में प्लाज्मा थेरेपी व उपचार की हो व्यवस्था: एमटी राजा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** राजमहल विधायक मो. ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने शुक्रवार को विधानसभा सदन की कार्रवाई के दौरान तारांकित प्रश्न के तहत साहिबगंज जिला में प्लाज्मा थेरेपी एवं उपचार से जुड़ी मामले को प्रमुखता से उठाया। जहां उन्होंने सदन से कहा कि साहिबगंज जिला में गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को प्लाज्मा थेरेपी उपचार की आवश्यकता होने पर बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए रेफर कर दिया जाता है जहां ऐसे में मरीजों को एवं उनके परिजनों को आर्थिक एवं मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इसलिए, आवश्यक प्लाज्मा भंडारण की उपलब्धता करते हुए साहिबगंज जिला के सदर अस्पताल अथवा उपयुक्त अन्य अस्पताल में प्लाज्मा थेरेपी उपचार की व्यवस्था की जाए। जहां स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार ने प्रश्न पर उत्तर देते हुए कहा है कि साहिबगंज जिला में रक्त केंद्र सदर अस्पताल साहिबगंज में संचालित है एवं उक्त रक्त केंद्र में सभी ब्लड की सुविधा उपलब्ध है। जहां प्लाज्मा थेरेपी प्लाज्मा हेतु यूनिट स्थापना के आधारभूत संरचना एवं मशीन स्थापना की प्रक्रिया जारी है जहां जल्द ही इसका लाभ क्षेत्र के लोगों को मिल सकता है।

### एसबीआई मुख्य शाखा के कर्मियों ने 17 यूनिट रक्त किया रक्तदान डोनेट

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** शहर के चौक बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा में शुक्रवार को स्वेच्छा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जहां रक्तदान शिविर का विधिवत उद्घाटन शाखा प्रबंधक आलोक रंजन ने रक्तदान करके किया। वही रक्तदान करने के बाद ब्रांच मैनेजर ने कहा कि रक्तदान ही सबसे बड़ा महादान है। जहां स्टेट बैंक आपका फाइनेंशियल साथी ही नहीं बल्कि हमलोग समाज में ऑपरेट करते है, समाज से हमलोग उपार्जन करते है। उसको हमलोग किसी रूप में नहीं लौटाए सिर्फ फाइनेंस रूप में नहीं बल्कि समाज में हमलोग है, समाज में जो भी आवश्यकताएं है उसमें स्टेट बैंक सदैव हमेशा साथ रहा है, साथी के रूप में कार्य करती है। जहां सदर अपस्ताल से कहा गया था कि स्टेट बैंक में काफी कर्मी है रक्तदान किया जाए। जहां हमलोग सभी स्टेट बैंक कर्मी ने स्वेच्छा से रक्तदान किए है। वही यह रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता है, रक्तदान बढ़ चढ़कर करें और गंभीर स्थिति में जूझ रहे लोगों के जीवन बचाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। वही रक्तदान शिविर में बैंक मैनेजर आलोक रंजन, कमलेश यादव, अपूर्वा सिन्हा, अंबुज कुमार, संजीव कुमार, दीपक कुमार राय, कनक कुमारी, गणेश मुर्मू, प्रशांत भारती, सूरज मलिक, खुशी साह, राजेश राम, संजीव कुमार, कमलेश कुमार, अवधेश कुमार झा, पवन चौरसिया, शशि कुमार सहित 17 कर्मियों ने रक्तदान किया। इस मौके पर उमा अमृता फाउंडेशन के संचालक प्रशांत शेखर, पवन गुप्ता, ब्लड बैंक कर्मी मो अजहर, शुभम कुमार, चन्दन चौधरी, सुबोध कुमार हरि, सत्येंद्र कुमार, विजय कुमार सहित बैंक कर्मी उपस्थित थे।

### रक्सी स्थान के जंगल से मानव कंकाल बरामद, कपड़ों से हुई शिनाख्त

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**तालझारी:** थाना क्षेत्र के रक्सी स्थान के जंगल से ग्रामीणों ने एक मानव कंकाल बरामद किया है। जहां घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नर कंकाल को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया है। 15 जून से लापता थे इतवारी मालतो वही मृतक के कपड़ों के आधार पर उसकी पहचान थाना क्षेत्र के भतभंगा पंचायत के झिरकाडांगा पहाड़ निवासी इतवारी मालतो के रूप में की गई है। जहां मृतक के पुत्र थोमस पहाड़िया और गोतियारा भाई मोसेस पहाड़िया ने थाना पहुंचकर बताया कि इतवारी मालतो गत 15 जून को वृन्दावन में लगने वाले हाट (बाजार) जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन इसके बाद वे वापस नहीं लौटे। परिजनों ने की थी काफी तलाश वही परिजनों ने आसपास के गांवों और रिश्तेदारों के यहाँ उनकी काफी खोजबीन की थी लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया था। जहां इसके बाद बुधवार को जब परिजनों ने रक्सी स्थान स्थित जंगल में दोबारा तलाश की, तो वहाँ एक मानव नर कंकाल दिखाई दिया। जहां मौके पर मिले कपड़ों को देखकर परिजनों ने उसकी शिनाख्त इतवारी मालतो के रूप में की। पुलिस का बयान वही मामले की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी नितेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि जंगल से मानव नर कंकाल बरामद किया गया है, जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उधर ह्पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मानव नर कंकाल किसका है एवं मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा। जहां परिजनों के द्वारा कपड़ों के आधार पर मानव नर कंकाल इतवारी मालतो का बताया जा रहा है जहां पुलिस पूरे मामले की बारीकी से छानबीन कर रही है।

### बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष बने पप्पू रविदास, कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार ने पत्र जारी करके महादेवगंज जयंती ग्राम निवासी पप्पू रविदास को साहिबगंज का नया जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। जहां जिलाध्यक्ष बनने के बाद जयंती ग्राम पहुंचने पर पप्पू रविदास का स्थानीय लोगों व कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। वही जयंतीग्राम में स्वागत सम्मानित कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी अधिकारी व कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर बुके व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बसपा जिलाध्यक्ष पप्पू रविदास ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने उसपर जो भरोसा दिखाया है वे उसपर खरा उतरने का हर संभव कार्य करेंगें एवं बहन मायावती की बसपा पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। वही पूरे जिले में संगठन को मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाएंगे, सबके साथ मिलकर पार्टी को जिला में मजबूत करेंगे।

# राजमहल अनुमंडल अस्पताल में फाइलेरिया प्रभावित दिव्यांगजनों के बीच किया गया ट्राई साइकिल वितरित, आत्मनिर्भर जीवन की ओर बढ़ा महत्वपूर्ण कदम

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**राजमहल:** अनुमंडल अस्पताल राजमहल में शुक्रवार को फाइलेरिया (हाथीपांव) से प्रभावित दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित की गई जिन्हें चलने फिरने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। जहां इस पहल का मुख्य उद्देश्य ऐसे लाभार्थियों के दैनिक जीवन को अधिक सुगम, सम्मानजनक एवं आत्मनिर्भर बनाना है। उधर कार्यक्रम में राजमहल विधायक प्रतिनिधि मो. मारुफ उर्फ गुड्डू के द्वारा लाभार्थियों के बीच ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजमहल सीएचसी के उपाधीक्षक डॉ. उदय टुडू, बीपीएम अमित कुमार, केटीएस डेनियल किस्कू, मनीष, पिरामल फाउंडेशन से सीनियर प्रोग्राम लीड श्रवण कुमार झा, प्रोग्राम मैनेजर ऐमन दास, प्रोग्राम ऑफिसर श्रीकांत पंडित सहित स्वास्थ्य विभाग एवं पिरामल फाउंडेशन के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। जहां कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि फाइलेरिया केवल एक बीमारी नहीं, बल्कि समय पर उपचार और बचाव के अभाव में यह व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है इसलिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी और समय पर उपचार अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर लोगों को फाइलेरिया उन्मूलन के प्रति जागरूक करते हुए अपील की गई कि सामूहिक दवा सेवन अभियान के दौरान सभी पात्र व्यक्ति स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जाने वाली फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन अवश्य करें। साथ ही साथ मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए घर एवं आसपास साफ सफाई रखें, जलभराव न होने दें तथा मच्छरदानी का नियमित उपयोग करें। यदि किसी व्यक्ति के हाथ, पैर या अंडकोष में असामान्य सूजन दिखाई दे तो बिना देर किए निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच एवं उपचार कराएं। उधर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने फाइलेरिया मुक्त साहिबगंज के निर्माण के लिए जनसहभागिता बढ़ाने तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प भी लिया

## संपादकीय

### नशे के विरुद्ध एक अभियान

देश को नक्सलवाद-माओवाद के आतंक से मुक्ति दिलाने के बाद केंद्र सरकार ने दो नये अहम अभियान प्रारंभ किये हैं- पहला, भारत को घुसपैठियों से मुक्त करना और दूसरा, युवाओं को नशे की लत से मुक्ति दिलाना। भारत के किशोरों तथा युवाओं को हर प्रकार के नशे से मुक्ति दिलाने के लिए 2 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी ने ह्लनशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियानह्न का प्रारंभ करते हुए वीडियो संदेश जारी किया है। अपने सन्देश में प्रधानमंत्री ने कहा कि जो युवा नशे से लड़कर बाहर निकलते हैं वे कमजोर नहीं बल्कि असली योद्धा होते हैं। समाज को उनका सम्मान करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि भारत में ड्रग्स की सप्लाई दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का हिस्सा है। दुश्मन देश भारतीय युवाओं को नशे के जाल में धकेलना चाहते हैं ताकि भारत कभी भी एक सशक्त एवं विकसित देश के रूप में स्थापित न हो सके। इस साजिश को हम सबको मिलकर नाकाम करना होगा। विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब देश का युवा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होने के साथ नशे से भी दूर रहेगा। अगले 100 सप्ताह तक हर रविवार को कला, संस्कृति, खेल और अन्य गतिविधियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश देशभर में पहुंचाया जाएगा। नशे की लत युवाओं के सपनों और परिवार दोनों को ही तोड़ देती है। नशा केवल व्यक्ति या परिवार को नहीं बल्कि राष्ट्र की ताकत को भी कमजोर करता है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और उन्हें अपने समाज में बदलाव लाने के लिए आगे बढ़ाना है। प्रत्येक रविवार को देशभर में अलग-अलग कार्यक्रम होंगे जिसमें वॉकाथन और दौड़, खेल प्रतियोगिताएं, योग और ध्यान सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, नशा विरोधी जागरूकता अभियान, चर्चा और संवाद कार्यक्रम, पेंटिंग्स व आर्ट्स प्रतियोगिताएं तथा सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

### आज का राशिफल

**मेष –** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान- सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा।

**वृष –** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय- व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मिथुन –** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**कर्क –** लेनदेन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन- देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**सिंह –** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल- मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**कन्या –** विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतरू ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान- सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करे।

**तुला –** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**वृश्चिक –** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन- पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**धनु –** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मकर –** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन- देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**कुंभ –** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**मीन –** जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

### दैनिक पंचांग

**8 अगस्त 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.16 बजे से |
| चंद्र | वृष में | कन्या | 08.28 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | तुला | 10.39 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 12.54 ब.से |
| गुरु | कर्क में | धनु | 15.10 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मकर | 17.15 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 19.01 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 20.34 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 22.05 बजे से |
| | | वृष | 23.45 बजे से |
| | | मिथुन | 01.43 बजे से |
| | | कर्क | 03.56 बजे से |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

**शनिवार** 2026 वर्ष का 220 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** दशमी 14.00 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रोहिणी 16.51 बजे को समाप्त।
**योग** ध्रुव 09.02 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 14.00 बजे तदनन्तर बव 00.34 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 16° 11'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872795
**जूलियन दिन** 2461260.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1448
**महीना** सफर **तारीख** 24
**विशेष** रोहिणी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# भगवा का स्वांग और संसद की मयार्दा : सत्ता-विरोध के नाम पर हिन्दू आस्था से छल कब तक?



- डॉ. मयंक चतुर्वेदी




भारत एक ऐसी सभ्यता है जिसकी आत्म-चेतना उसके सांस्कृतिक प्रतीकों, आध्यात्मिक परंपराओं और लोकविश्वासों में बसती है। संविधान भारत को राजनीतिक एकता देता है, जबकि संस्कृति उसे वह ह्यस्वह्न की चेतना प्रदान करती है, जिसके माध्यम से राष्ट्र संचालित है, इसलिए जब ह्यराजनीतिह्न संस्कृति के प्रतीकों को अपने क्षणिक संघर्ष का औजार बना लेती है, तब यह किसी स्तर का विवाद न होकर सीधे राष्ट्रीय चेतना पर प्रहार हो जाता है। अभी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के दिल्ली आन्दोलन को बहुत समय नहीं बीता है, वहां सभी ने देखा कि कैसे हिन्दू मानबिन्दुओं को अपमानित किया गया। हिन्दू सभ्यता, सनातन संस्कृति न जाने कितने ही मुद्दे रहे जो नीट को छोड़कर थे और जिसके केंद्र में हिन्दू घृणा थी। यह कोई उम्मीद नहीं कर रहा था कि विरोध के नाम पर छात्र आन्दोलन के बहाने जो कीचड़ जंतर-मंतर पर उछाली जा रही थी, वही संसद में हिन्दू आस्था और प्रतीकों पर भद्र कहे जानेवाले कथित सांसदों द्वारा भी उछाली जाएगी ! वस्तुतः संसद परिसर में भगवा वस्त्र धारण कर विपक्ष के कुछ सांसदों द्वारा राम मंदिर के चढ़ावे की कथित अनियमितताओं को लेकर किया गया प्रदर्शन इसी दृष्टि से गंभीर प्रश्न खड़े करता है। किसी भी लोकतंत्र में सरकार से प्रश्न पूछना विपक्ष का धर्म है, किंतु धर्म निभाने और धर्म का प्रतीक पहनकर राजनीतिक अभिनय करने में मूलभूत अंतर है। राजनीति में अक्सर देखा गया है कि जब भी विचार समाप्त होने लगते हैं, तब प्रतीकों का नाटकीय उपयोग बढ़ने लगता है। तर्कों के स्थान पर दृश्य रचे जाते हैं, तथ्यों के स्थान पर अभिनय प्रस्तुत किया जाता है और फिर भावनाओं को झकझोरने का प्रयास होता है, जिसमें कि मूल विषय आधारित विमर्श कहीं बहुत पीछे छूट चुका होता है। संसद परिसर में दानपेटी रखकर, भगवा वस्त्र पहनकर और उस वेशभूषा को कथित भ्रष्टाचार के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करना इसी प्रवृत्ति का उदाहरण है। यदि किसी ट्रस्ट, संस्था या व्यवस्था पर वित्तीय अनियमितता का संदेह है तो उसका समाधान जांच, प्रमाण और विधिक प्रक्रिया से होगा। संसद में प्रश्न पूछे जा सकते हैं, दस्तावेज रखे जा सकते हैं, जांच की मांग की जा सकती है, किंतु नहीं, कथित भद्र सांसदों को तो संन्यासी के वेश को राजनीतिक नाटक का हिस्सा बनाना था, सो बना दिया गया! यहां एक प्रश्न विपक्ष से भी पूछा जाना चाहिए। यदि लोकतंत्र में समानता का सिद्धांत सर्वोपरि है, तो क्या वही राजनीतिक प्रयोग किसी अन्य धर्म के अत्यंत पवित्र धार्मिक परिधान के साथ भी किया जाता? यदि इस संदर्भ में उत्तर नकारात्मक है, तो यह हिन्दू और गैर हिन्दू के लिए मापदंड अलग-अलग क्यों है? कथित सांसद ये कैसे भूल गए, धर्मनिरपेक्षता का वास्तविक अर्थ सभी आस्थाओं के प्रति समान सम्मान है, न कि चयनात्मक संवेदनशीलता। क्योंकि किसी में हिम्मत नहीं है कि चर्च आधारित व्यवस्था- नन और पास्टर का चोंगा पहनकर इस तरह का नाटक किया जाता? क्या जालीदार टोपी लगाकर कुर्ता-पजामा पहनकर ऐसा नाटक संसद में किया जाना संभव है? क्या ईसाई एवं इस्लाम में अपराध नहीं घट रहे? क्या देश की दूसरी और तीसरी सबसे बड़ी जनसंख्या में सभी ईमानदार हैं? बिशप फ्रैंको मुलक्कल मामला, मलंकरा ऑर्थोडॉक्स चर्च ब्लैकमेल केस, फादर रॉबिन केस व सख्त रवैया, फादर अलीनी डी मेलो और फादर विक्टर रोड्रिगेज, जैसे अनेकों बड़े प्रकरण गिनाए जा सकते हैं, जो चर्च से, मिशनरी से जुड़े हुए हैं। इस्लाम और मुस्लिम समुदाय में भी मदरसों, मस्जिदों, मुल्ला-मौलवियों और वक्फ बोर्ड से जुड़े यौन शोषण, बलात्कार और बड़े पैमाने पर भूमि विवाद के संबंधित भ्रष्टाचार के कई गंभीर मामले हैं। तो क्या ये प्रबुद्ध कथित सांसद उनके प्रतीक बनाएंगे? यह समझना आवश्यक है कि भगवा रंग का महत्व किसी राजनीतिक दल ने निर्धारित नहीं किया। यह महत्व हिन्दू सनातन धर्म में हजारों वर्षों की तपस्या से अर्जित साधना का परिणाम है। ऋग्वेद का प्रथम मंत्र अग्नि को समर्पित है। वही अग्नि, जिसकी ज्वाला केसरिया है, भारतीय चिंतन में शुद्धि, समर्पण और तप की प्रतीक बनी। उपनिषदों ने संन्यासी को अग्नि के समान बताया है। जिसके लिए कहा गया कि वह स्वयं तपता है और समाज को प्रकाश देता है, इसलिए भगवा वस्त्र धारण करना अपने अहंकार का विसर्जन कर लोकमंगल के लिए स्वयं को समर्पित करने की प्रतिज्ञा है। महाभारत के अनुशासन पर्व में संन्यास को आत्मसंयम की सर्वोच्च अवस्था कहा गया है। परंपरा में संन्यास ग्रहण करने वाला व्यक्ति अपने सांसारिक जीवन का प्रतीकात्मक अंत करता है। उसके बाद उसे भगवा धारण करने का अधिकार मिलता है, इसलिए भारतीय समाज में भगवा वस्त्र किसी अभिनय का परिधान कभी नहीं हो सकता, यह त्याग का सार्वजनिक व्रत है। इसी कारण भारतीय जनमानस में भगवा के प्रति श्रद्धा धर्म से जुड़ी होने के साथ ही सांस्कृतिक भी है। भगवान श्रीराम के ध्वज से लेकर अर्जुन के कपिध्वज तक, आदि शंकराचार्य की दिग्विजय से लेकर स्वामी विवेकानंद के विश्वधर्म सम्मेलन तक, छत्रपति शिवाजी महाराज के जरिपटके से लेकर गुरु गोविंद सिंह के निशान साहिब तक ह्यकेसरिया रंगह्न भारतीय आत्मविश्वास, आत्मबल और आत्मत्याग का ध्वज रहता आया है। यह भारत की सभ्यतागत स्मृति जो चिरकाल तक रहनेवाली है, जब तक कि इस धरा पर सनातन हिन्दू धर्म को माननेवाले एक व्यक्ति भी जीवित है। वस्तुतः विश्व हिंदू परिषद और अनेक संतों ने आज इसी कारण इस प्रदर्शन पर तीखी आपत्ति जताई है। उनकी आपत्ति का मूल बिंदु यह है कि यदि किसी धार्मिक प्रतीक का उपयोग व्यंग्य या राजनीतिक आरोपों के मंचन के लिए किया जाएगा, तो इससे करोड़ों लोगों की आस्था प्रभावित होगी और यह सच भी है, इससे जुड़े आज हमारे सामने अनेक उदाहरण भी मौजूद हैं। धार्मिक प्रतीकों का राजनीतिक नाट्यरूपांतरण स्वाभाविक रूप से विवाद को जन्म देता है। अच्छा होता, इस तरह से भगवा का स्वांग करने के स्थान पर कथित सांसद पहले भगवा वस्त्र के भाव को समझने का प्रयास करते। वैसे अभी भी समय नहीं बीता है, वे इसे जानें, आखिर इसका महत्व क्या है? वे अपने भारतीय इतिहास के कठिनतम क्षणों में याद करें। विदेशी आक्रमणों के समय यही भगवा ध्वज प्रतिरोध का प्रतीक बना। संन्यासियों ने अनेक अवसरों पर समाज और संस्कृति की रक्षा के लिए संघर्ष भी किया और बड़ी संख्या में हुतात्मा भी हुए। इसी कारण यह रंग श्रद्धा और बलिदान दोनों का प्रतिनिधि है। यह भी ध्यान रखने योग्य है कि बौद्ध भिक्षुओं का काषाय चीवर, जैन तपस्वियों की परंपराएं और सिख पंथ का केसरिया निशान जैसी अनेक धाराएं हैं, सभी भारतीय आध्यात्मिक धारा में इसी रंग की प्रतिष्ठा को पुष्ट करते हैं। अर्थात यह किसी एक संगठन, संप्रदाय या राजनीतिक विचारधारा का प्रतीक न होकर संपूर्ण भारतीय आध्यात्मिक परंपरा की साझा विरासत है। संसद लोकतंत्र का मंदिर कही जाती है। मंदिर में प्रवेश करने वाला व्यक्ति अपने व्यवहार पर संयम रखता है; संसद में भी वही अपेक्षा होनी चाहिए। वहां विरोध हो, सरकार की कठोर आलोचना हो, किंतु तथ्यों पर आधारित हो। यह लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। पर यदि विरोध की भाषा इस सीमा तक पहुंच जाए कि वह किसी सभ्यता के पूज्य प्रतीकों को राजनीतिक अभिनय का उपकरण बना दे, तो लोकतंत्र का स्तर ऊंचा नहीं होता, बल्कि सार्वजनिक विमर्श की गरिमा घटती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि संसद स्वयं यह संदेश दे कि भारत की विविध आस्थाओं के पवित्र प्रतीकों को दलगत संघर्ष का हथियार नहीं बनने देंगे। सरकारें बदलती रहेंगी, विपक्ष भी बदलता रहेगा लेकिन भारत की सभ्यता और उसके प्रतीकों का सम्मान राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से ऊपर रहना चाहिए। यदि यह मयार्दा टूटती है तो क्षति किसी व्यक्ति, समाज, समूह या दल की नहीं होगी, वास्तव में यह क्षति उस राष्ट्रीय चेतना की होगी, जिसने हजारों वर्षों से इस देश को सिर्फ एक भू-भाग मानने तक कभी सीमित नहीं रखा है, यह वही राष्ट्रीय चेतना है जिसके लिए भारत एक सांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में सदैव प्राणवान रहता आया है ।

(लेखक के निजी विचार)

# बिहार में सुशासन की कसौटी पर भरत तिवारी प्रकरण

**डॉ. अरविंद नाथ तिवारी**

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति राज्य की दंडात्मक क्षमता नहीं बल्कि कानून का शासन होता है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता इस बात पर निर्भर करती है कि न्याय कानून की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार हो, न कि संदेह, शक्ति या दबाव के आधार पर। जब किसी पुलिस मुठभेड़ पर गंभीर प्रश्न उठने लगें, जब न्यायिक प्रक्रिया से पहले गोलियों की गूंज सुनाई दे और जब देश के सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सार्वजनिक मंच से गंभीर आरोप लगाएँ, तब वह घटना केवल एक व्यक्ति की मृत्यु का मामला नहीं रह जाती बल्कि शासन, प्रशासन और न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता की परीक्षा बन जाती है। भोजपुर जिले के बिलौटी गांव में हुए भरत तिवारी एनकाउंटर ने बिहार की राजनीति और प्रशासन के सामने ऐसे ही अनेक सवाल खड़े कर दिये हैं। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव कुमार सिंह ने मीडिया के समक्ष दावा किया है कि यह कोई सामान्य पुलिस मुठभेड़ नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे घटनाक्रम के पीछे जवइनिया गांव के विस्थापितों के लिए आई लगभग 1400 करोड़ रुपये की राशि से जुड़े कथित वित्तीय घोटाले को छिपाने का उद्देश्य था। आरोपों की सत्यता का निर्णय केवल सक्षम न्यायालय अथवा निष्पक्ष जांच एजेंसी ही कर सकती है। इसलिए किसी भी पक्ष को दोषी या निर्दोष घोषित करना अभी न्यायोचित नहीं होगा। लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि इतने गंभीर आरोपों को केवल सरकारी बयान या औपचारिक स्पष्टीकरण से खारिज नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र में पारदर्शिता केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास की आधारशिला होती है। यदि जनता के मन में संदेह पैदा हो जाय तो उस संदेह का समाधान निष्पक्ष जांच से ही संभव है। बिहार लंबे समय से ₹सुशासन₹ की राजनीति का दावा करता रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजनीतिक पहचान कानून-व्यवस्था, प्रशासनिक सुधार और जवाबदेह शासन के आधार पर बनी है। भारतीय जनता पार्टी भी सुशासन, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई को अपनी प्रमुख राजनीतिक प्रतिबद्धताओं में शामिल करती रही है। ऐसे में यदि किसी पुलिस मुठभेड़ पर व्यापक संदेह पैदा होता है तो उसका प्रभाव केवल पुलिस विभाग तक सीमित नहीं रहता बल्कि पूरी शासन व्यवस्था की साख पर पड़ता है। भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार देता है तथा यह सुनिश्चित करता है कि किसी भी व्यक्ति के अपराध का निर्धारण न्यायालय करेगा, पुलिस नहीं। यदि कोई व्यक्ति गंभीर अपराधों का आरोपी भी हो, तब भी उसे न्यायिक प्रक्रिया से गुजरने का अधिकार प्राप्त है। लोकतंत्र में पुलिस का दायित्व अपराधियों को कानून के समक्ष प्रस्तुत करना है, न कि स्वयं अभियोजन, न्यायाधीश और दंडाधिकारी की भूमिका निभाना। यही कारण है कि देश की सर्वोच्च अदालत भी विवादित पुलिस मुठभेड़ों की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता पर बार-बार बल देती रही है। भरत तिवारी प्रकरण में सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह नहीं है कि वह निर्दोष थे या दोषी। वास्तविक प्रश्न यह है कि क्या बिहार में कानून की प्रक्रिया पर जनता का भरोसा पहले जैसा बना हुआ है? यदि जनता को यह महसूस होने लगे कि न्यायिक प्रक्रिया के स्थान पर मुठभेड़ ही अंतिम रास्ता बनती जा रही है, तो लोकतंत्र की बुनियाद कमजोर होगी। कानून का शासन केवल अपराधियों को दंडित करने से नहीं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखने से मजबूत होता है। राजनीतिक दृष्टि से भी यह मामला अत्यंत महत्वपूर्ण है। विपक्ष स्वाभाविक रूप से इसे सरकार की जवाबदेही से जोड़ेगा। वहीं, सरकार के पास यह अवसर भी है कि वह निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच कराकर यह संदेश दे कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। यदि जांच निष्पक्ष होगी और दोषी पाये जाने वाले किसी भी व्यक्ति पर बिना भेदभाव कार्रवाई होगी, तो जनता का विश्वास और मजबूत होगा, लेकिन यदि जांच की निष्पक्षता पर ही प्रश्न उठते रहे, तो यह विवाद सरकार की राजनीतिक छवि पर दीर्घकालिक प्रभाव छोड़ सकता है। हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों, विशेषकर उपचुनावों के परिणामों को लेकर भी विभिन्न प्रकार के विश्लेषण सामने आ रहे हैं। कुछ विश्लेषक इन्हें जनता के बदलते राजनीतिक मूड से जोड़ रहे हैं। हालांकि किसी एक चुनाव परिणाम को सीधे इस प्रकरण से जोड़ना उचित नहीं होगा, क्योंकि चुनाव अनेक स्थानीय, सामाजिक और राजनीतिक कारणों से प्रभावित होते हैं। फिर भी इतना स्पष्ट है कि आज का मतदाता केवल विकास योजनाओं और घोषणाओं से संतुष्ट नहीं होता। वह न्याय, पारदर्शिता, संवैधानिक मूल्यों और जवाबदेही को भी उतना ही महत्व देता है। लोकतंत्र में सरकारें केवल चुनाव जीतने से मजबूत नहीं होतीं बल्कि जनता के विश्वास से होती हैं। यह विश्वास तभी कायम रहता है जब न्याय केवल किया ही न जाय, बल्कि निष्पक्ष रूप से होता हुआ दिखाई भी दे। भरत तिवारी प्रकरण का अंतिम सत्य जो भी हो, बिहार के हित में यही आवश्यक है कि पूरे मामले की स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच हो, यदि ऐसा होता है तो न केवल सच्चाई सामने आयेगी, बल्कि कानून के शासन और सुशासन की अवधारणा भी मजबूत होगी, यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी अपेक्षा है और यही बिहार की शासन व्यवस्था के सामने वास्तविक कसौटी भी।

(लेखक के निजी विचार)

# चार माह में टीबी मुक्त कोडरमा का लक्ष्य, स्वास्थ्य विभाग ने तेज की तैयारियां

## जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक, स्क्रीनिंग, गृह भ्रमण और जागरूकता अभियान पर दिया जोर

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**कोडरमा।** राज्य सरकार द्वारा कोडरमा जिले को अगले चार माह के भीतर टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी को लेकर शुक्रवार को जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रमन कुमार की अध्यक्षता में जिला यक्ष्मा केंद्र में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी प्रखंडों से जुड़े एनटीईपी कर्मियों ने भाग लिया। डॉ. रमन कुमार ने बताया कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर टीबी फोरम की बैठकें, इलाजरत मरीजों का गृह भ्रमण, मरीजों के संपर्क में आए लोगों की टीबी स्क्रीनिंग, आवश्यकतानुसार टीपीटी उपलब्ध कराना तथा प्रत्येक सप्ताह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में हैंडहेल्ड एक्स-रे के माध्यम से टीबी जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। समीक्षा के दौरान ओपीडी से टीबी संदिग्ध मरीजों के कम रेफरल पर चिंता जताते हुए संबंधित कर्मियों को चिकित्सकों के साथ समन्वय बढ़ाने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रत्येक सहिया द्वारा प्रतिमाह कम से कम पांच टीबी संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उनकी बलगम जांच सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि नए मरीजों की प्रविष्टि निक्षय पोर्टल एवं यक्ष्मा आरोग्य मित्र ऐप पर समय पर की जाए तथा एचआईवी, शुगर, बीएमआई, जियो-टैगिंग और अन्य लंबित विवरण 14 अगस्त तक पूर्ण किए जाएं। बैठक में निजी चिकित्सकों द्वारा टीबी मरीजों के कम नोटिफिकेशन पर भी चर्चा हुई। संबंधित अधिकारियों को निजी चिकित्सकों से समन्वय स्थापित कर लंबित प्रविष्टियां शीघ्र पूरी कराने तथा उन्हें टीबी उन्मूलन अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला यक्ष्मा कार्यक्रम से जुड़े सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### JPSC-JSSC भर्ती अनियमितताओं पर भाजपा का विधानसभा परिसर में प्रदर्शन, डॉ. नीरा यादव भी रहीं शामिल




**कोडरमा।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए के विधायकों ने खढरउ और खररउ भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा विधायक नौकरी के दुश्मन लिखे मास्क पहनकर सदन पहुंचे और राज्य सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन में शामिल कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि खढरउ-खररउ की भर्ती प्रक्रियाओं में हुई कथित अनियमितताओं की सीबीआई से जांच कराई जाए तथा विवादित परीक्षाओं को रद्द कर पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शीघ्र पुनर्परीक्षा आयोजित की जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताओं और नियुक्तियों में देरी के कारण राज्य के लाखों अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं। डॉ. नीरा यादव ने कहा कि युवाओं के अधिकारों और पारदर्शी भर्ती व्यवस्था के लिए भाजपा का संघर्ष जारी रहेगा तथा अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ी जाएगी।

## आज व 09 अगस्त को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष मतदाता शिविर, नाम जोड़ने, संशोधन व स्थानांतरण की मिलेगी सुविधा

**सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा शिविर, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने पात्र नागरिकों से अधिकाधिक भागीदारी की अपील की**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**कोडरमा।** झारखंड विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) - 2026 के तहत जिले के सभी मतदान केंद्रों पर 08 एवं 09 अगस्त 2026 को विशेष मतदाता शिविर आयोजित किया जाएगा। दोनों दिनों में सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची से संबंधित विभिन्न सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। इस दौरान नए मतदाताओं का पंजीकरण, मतदाता सूची में संशोधन तथा मतदान केंद्र परिवर्तन के लिए फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 भरे जाएंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जिले के सभी पात्र भारतीय नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निकटतम मतदान केंद्र पर पहुंचकर विशेष शिविर का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना आवश्यक है। इसलिए कोई भी पात्र नागरिक छूटे नहीं अभियान को सफल बनाने में सभी की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उपायुक्त ने बताया कि ऐसे भारतीय नागरिक, जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है अथवा 01 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेंगे और संबंधित मतदान क्षेत्र के सामान्य निवासी हैं, वे फॉर्म-6 एवं घोषणा-पत्र भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों पर दर्ज हैं या जिनका मतदान केंद्र वर्तमान निवास से काफी दूर है, वे फॉर्म-8 भरकर परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही निकटवर्ती मतदान केंद्र पर स्थानांतरित करा सकते हैं। इससे मतदान के दौरान सुविधा होगी और परिवार के सभी सदस्य एक ही केंद्र पर मतदान कर सकेंगे। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 की प्रक्रिया केवल पात्र भारतीय नागरिकों के लिए है। किसी भी विदेशी नागरिक को इस प्रक्रिया में भाग नहीं लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि मतदाता ईसीआईनेट (एउक्छी३) ऐप डाउनलोड कर या निर्वाचन आयोग के पोर्टल के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए वोटर हेल्पलाइन 1950 पर संपर्क किया जा सकता है। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि वे 08 एवं 09 अगस्त को अपने निकटतम मतदान केंद्र पर आयोजित विशेष शिविर में पहुंचकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, आवश्यक संशोधन कराने तथा परिवार के सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र पर स्थानांतरित कराने की प्रक्रिया समय पर पूरी करें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी से ही कोई भी पात्र नागरिक छूटे नहीं अभियान अपने उद्देश्य को प्राप्त कर सकेगा।

# नल-जल योजना के 65 पाइप चोरी करते दो गिरफ्तार, डीसीएम ट्रक समेत सामान जब्त

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**सतगावाँ पुलिस की कार्रवाई, पश्चिम बंगाल के दो आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा गया**

**कोडरमा।** सतगावाँ थाना क्षेत्र के दुमदुमा गांव में नल-जल योजना के लिए रखे गए पाइपों की चोरी का प्रयास पुलिस ने विफल कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल के दो आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया तथा चोरी किए गए 65 डीआई पाइप से लदे डीसीएम ट्रक को जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार, 6 अगस्त को सूचना मिली थी कि जलापूर्ति योजना के लिए रखे गए पाइपों को एक डीसीएम वाहन पर लोड कर चोरी की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सतगावाँ थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक आनन्दु कौर (थाना चुचरा, जिला हुगली, पश्चिम बंगाल) तथा उपचालक राहुल मंडल (थाना चंदननगर, जिला हुगली, पश्चिम बंगाल) को मौके से गिरफ्तार कर लिया। मौके से डीसीएम ट्रक (संख्या **WB15L** 1467) पर लदे 65 डीआई पाइप तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस ने वाहन को भी जब्त कर लिया। इस संबंध में जलापूर्ति योजना के ठेकेदार प्रदीप राम के लिखित आवेदन के आधार पर सतगावाँ थाना कांड संख्या 62/26 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा इस चोरी में शामिल अन्य लोगों की संलिप्तता का भी पता लगाया जा रहा है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### अगस्त में दो बड़े ग्रहण, लेकिन भारत में नहीं रहेगा सूतक; रक्षाबंधन पर बेफिक्र रहें बहनें

**कोडरमा।** अगस्त 2026 में 15 दिनों के भीतर दो प्रमुख ग्रहण पड़ेंगे। 12 अगस्त को हरियाली अमावस्या के दिन वर्ष का दूसरा एवं अंतिम पूर्ण सूर्य ग्रहण तथा 28 अगस्त को रक्षाबंधन के अवसर पर आंशिक चंद्र ग्रहण लगेगा। ज्योतिषाचार्य पं. कुंतलेश पाण्डेय के अनुसार दोनों ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देंगे, इसलिए इनका सूतक काल मान्य नहीं होगा और पूजा-पाठ, व्रत तथा रक्षाबंधन के शुभ कार्य सामान्य रूप से किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन 28 अगस्त, शुक्रवार को मनाया जाएगा। बहनें सुबह 5:57 बजे से 9:48 बजे तक शुभ मुहूर्त में भाइयों की कलाई पर राखी बांध सकती हैं। हालांकि राहुकाल सुबह 10:13 बजे से 11:49 बजे तक रहेगा, इसलिए इस अवधि में राखी बांधने से बचने की सलाह दी गई है। भद्रा 27 अगस्त की रात्रि में समाप्त हो जाएगी, इसलिए रक्षाबंधन पर कोई बाधा नहीं रहेगी। पं. पाण्डेय ने बताया कि वृष, कन्या, तुला और कुंभ राशि के जातकों के लिए यह ग्रहण शुभ माना गया है, जबकि कर्क, सिंह और धनु राशि वालों को स्वास्थ्य, खर्च और महत्वपूर्ण निर्णयों में सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## कोडरमा के कॉलेजों को वीबीयू से अलग नहीं करने की मांग, विधायक डॉ. नीरा यादव ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**छात्रहित में पूर्ववत संबद्धता बनाए रखने की अपील, कॉलेज संचालन और कानून-व्यवस्था के मुद्दे भी उठाए**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**कोडरमा।** कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर कोडरमा जिले के सभी महाविद्यालयों को पूर्ववत विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग से संबद्ध बनाए रखने की मांग दोहराई। इस दौरान बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव भी मौजूद रहे और दोनों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।
डॉ. नीरा यादव ने कहा कि वर्ष 1992 से कोडरमा के महाविद्यालय विनोबा भावे विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। इन्हें सर जे.सी. बोस विश्वविद्यालय, गिरिडीह से जोड़ने पर विद्यार्थियों को अनावश्यक दूरी तय करनी पड़ेगी। उन्होंने बताया कि कोडरमा से हजारीबाग की दूरी करीब 58 किलोमीटर, जबकि गिरिडीह की दूरी 120झ125 किलोमीटर है, जिससे छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक और समय का बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में विश्वविद्यालय स्तर पर नियमित शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेना आवश्यक है। ऐसे में अधिक दूरी के कारण विशेषकर ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। विधायक ने मुख्यमंत्री से कोडरमा इंजीनियरिंग कॉलेज तथा सतगावां, मरकच्चो, डोमचांच और चंदवारा में भवन बनकर तैयार डिग्री कॉलेजों का संचालन शीघ्र शुरू कराने की भी मांग की। साथ ही जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं और अन्य जनसमस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया। डॉ. नीरा यादव ने कहा कि यदि छात्रहित में सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वह सड़क से सदन तक इस मुद्दे को उठाती रहेंगी और आगामी विधानसभा सत्र में भी इसे प्रमुखता से रखेंगी।

## जिंदल स्टील में ओपी जिंदल की मनायी गई 96वीं जयंती

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का लिया गया संकल्प**

**पतरातू।** जिंदल स्टील एंड पावर पतरातू में संस्थापक एवं प्रख्यात उद्योगपति स्वर्गीय ओपी जिंदल की 96वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह और जनसेवा की भावना के साथ धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत जिंदल कैम्पस स्थित हनुमान मंदिर परिसर में पूजा अर्चना और बाबुजी ओपी जिंदल के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक डब्लूआरएम एंड सीजीपी संतोष कुमार ने अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ओपी जिंदल का संपूर्ण जीवन राष्ट्र निर्माण, उद्योग, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समाज सेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि ओपी जिंदल का मानना था कि मजबूत उद्योग केवल आर्थिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि रोजगार, शिक्षा, कौशल विकास और समाज के समग्र उत्थान की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि ओपी जिंदल की दूरदर्शी सोच आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और आधुनिक औद्योगिक विकास की दिशा में उनके विचार सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उद्योग के साथ शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय सेवा को उन्होंने सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी, जिसे जिंदल समूह आज भी निरंतर आगे बढ़ा रहा है। इसके बाद जिंदल क्लब में जिंदल आशा के बच्चों के साथ केक काटकर उनकी जयंती मनाई गई। उपस्थित सभी लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने तथा राष्ट्र और समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कुरसे गांव में सिंचाई हेतु सोलर पंप का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर संतोष कुमार ने कहा कि किसानों को आधुनिक संसाधनों से जोड़कर कृषि को आत्मनिर्भर बनाना ही ओपी जिंदल के ग्राम विकास के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।जयंती समारोह के दौरान जिंदल फाउंडेशन की गर्ल्स फुटबॉल टीम को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल सामग्री का वितरण किया गया तथा तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में स्थानीय लड़कियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं समाज के वरिष्ठ नागरिकों एवं बुजुर्गों के सम्मान में लंगर की विशेष व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। अपने संबोधन में संतोष कुमार ने कहा कि ओपी जिंदल का जीवन इस बात का संदेश देता है कि सफलता केवल उद्योग स्थापित करने में नहीं, बल्कि समाज में विश्वास, अवसर और विकास की नई संभावनाएं पैदा करने में है। उन्होंने युवाओं से ईमानदारी, कठिन परिश्रम, नवाचार और राष्ट्र सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समर्पण का वातावरण बना रहा। अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्रामीणों, महिलाओं एवं युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर ओपी जिंदल के आदर्शों को आत्मसात करने तथा उद्योग, शिक्षा और सेवा के समन्वय से विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता निभाने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### महाविद्यालयों की संबद्धता बदलने के प्रस्ताव व पेपर लीक के विरोध में अभाविप का तीन दिवसीय धरना शुरू

**झुमरी तिलैया (कोडरमा)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), कोडरमा जिला के तत्वावधान में छात्रहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर गुरुवार से जे.जे. कॉलेज, झुमरी तिलैया परिसर में तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन शुरू किया गया। धरने के माध्यम से अभाविप ने कोडरमा जिले के महाविद्यालयों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग से अलग कर सर जे.सी. बोस विश्वविद्यालय, गिरिडीह से संबद्ध करने के प्रस्ताव का विरोध जताया। परिषद के नगर मंत्री सुधांशु यादव ने कहा कि इससे विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक एवं शैक्षणिक बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय संबंधी कार्यों के लिए अधिक दूरी तय करनी पड़ेगी, जिससे समय और धन दोनों की हानि होगी। अभाविप ने झारखंड में खढरउ सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा अनियमितताओं पर भी चिंता व्यक्त की। परिषद के उपाध्यक्ष रोशन कुमार ने कहा कि ऐसी घटनाएं लाखों युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय हैं। उन्होंने सभी मामलों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। परिषद ने कहा कि परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीकी रूप से सुरक्षित बनाने के लिए उच्चस्तरीय समिति को सुझाव भी सौंपे जाएंगे। साथ ही चेतावनी दी कि यदि छात्रहित के मुद्दों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से और व्यापक बनाया जाएगा। धरना-प्रदर्शन में पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पप्पू कुमार सहित विनीत सिंह, अंकुश कुमार, राज कुमार, राजगुरु, लक्ष्मीकांत तिवारी, अजय कुमार, प्रीतम कुमार एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**कोडरमा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव सुने। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन एवं ज्ञापन उपायुक्त को सौंपे। जनता दरबार में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने, भूमि की मापी एवं पिलरिंग, जमीन विवाद, दाखिल-खारिज, पेंशन योजना, आवास योजना, बिजली आपूर्ति, राशन कार्ड सहित जनहित से जुड़े विभिन्न मामलों को उठाया गया। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को जांच कर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों के निष्पादन की नियमित समीक्षा करने तथा लंबित मामलों का जल्द निपटारा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### बाल विकास परियोजना के तहत डाड़ी प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया गया स्तनपान सप्ताह

**गिद्दी।** बाल विकास परियोजना के अंतर्गत डाड़ी प्रखंड के तमाम आंगनबाड़ी केंद्रों पर 01अगस्त से 07अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जीवन की स्थायी शुरूआत के लिए स्तनपान सबसे कारगर है, उसे मजबूत करने की जरूरत है। कार्यक्रम के तहत धात्रि माताओं, गर्भवती महिलाओं को इसके लिए जागरूक किया गया।मोबाइल आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत एवं पोषण ट्रेकर से छूटे सभी 0-5 के बच्चों का वजन एवं ऊंचाई लेते हुए चिन्हित कुपोषण बच्चों को उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए उनका समर ऐप पर इंट्री कर एमटीसी रेफर किया जा रहा है। इस अवसर पर बाल परियोजना पदाधिकारी केकेवर्मा, महिला पर्यवेक्षिका कुमारी ज्योति, जिला क्षेत्रीय प्रबंधक रंजीत कुमार सहित आंगनबाड़ी सेविकाए मौजूद थी।

### 12वें जेबीसीसीआई का गठन और लंबित मांगों को लेकर 10 अगस्त को बरका सयाल महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष सीटू का होगा महाप्रदर्शन

**भुरकुंडा।** नेशनल कोल ऑर्गेनाइजेशन एम्पलाइज एसोसिएशन की बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक रिवर साइड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित की गई। क्षेत्रीय अध्यक्ष बासुदेव साव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में आगामी आंदोलनों और संगठन की मजबूती को लेकर कई सर्वसम्मति से बड़े फैसले लिए गए। बैठक में आगामी 10 अगस्त को 12वें जेबीसीसीआई के तत्काल गठन की मांग को लेकर महाप्रबंधक कार्यालय बरका-सयाल क्षेत्र पर एक विशाल प्रदर्शन करने की बात कही गई। प्रदर्शन में सीटू के सैकड़ों कार्यकर्ता लाल झंडे के साथ हिस्सा लेंगे। बैठक में क्षेत्रीय सचिव रामनरेश सिंह ने कहा कि 12वें जेबीसीसीआई के गठन के साथ-साथ 11वें जेबीसीसीआई में हुए समझौतों की लंबित मांगों को लागू कराने के लिए उग्र आंदोलन की जरूरत है। उन्होंने जेबीसीसीआई गठन के मार्ग में आ रही बाधाओं से भी सदस्यों को अवगत कराया। बताया गया कि एनसीओईए सीटू वर्ष 2026 से चेक-ऑफ सिस्टम के तहत श्रमिकों का सदस्यता शुल्क काटेगी। क्षेत्र में संगठन को बुनियादी स्तर पर मजबूत करने के लिए पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर सुशील कुमार सिंह, संजय कुमार, राकेश प्रसाद, साकला महतो, विक्रमादित्य सिंह यादव, दिनेश कुमार, मनोज पांडेय, गणेश उरांव, एतवा मुंडा सहित यूनियन प्रतिनिधि और श्रमिक मौजूद थे।

### एक रुपये में हजारों शिवभक्तों को बाबा गौरीनाथ धाम के दर्शन कराएगी युवा लायंस फोर्स : देव शर्मा

**बोकारो।** युवा लायंस फोर्स की बैठक रविवार को जेल मोड़, कमलडीह स्थित सेवा शिविर परिसर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता देव शर्मा ने की। इस दौरान उन्होंने सेवा दल के साथ प्रस्तावित सेवा शिविर का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। देव शर्मा ने बताया कि संगठन पिछले 14 वर्षों से सावन माह में शिवभक्तों की सेवा करता आ रहा है। इसी कड़ी में 9 अगस्त (रविवार) को युवा लायंस फोर्स की ओर से महज एक रुपये के सहयोग राशि पर हजारों श्रद्धालुओं को बाबा गौरीनाथ धाम के दर्शन कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिवभक्तों को पोशाक, गमछा, कांवर, वाहन सुविधा, चिकित्सा सेवा, फल, मिठाई एवं अन्य खाद्य सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इस बार सभी पंजीकृत श्रद्धालुओं के घरों तक एक दिन पहले ही पोशाक और कांवर पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। देव शर्मा ने कहा कि इस वर्ष कार्यक्रम मूल रूप से बंगला सावन की अंतिम सोमवारी को आयोजित होना था, लेकिन चास के समाजसेवी एवं डाक बम सेवा समिति को राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले शिवभक्त अजय राय के असामयिक निधन के कारण कार्यक्रम की तिथि बदलकर 9 अगस्त कर दी गई। उनके सम्मान में केवल शोभायात्रा स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि पहली बार जेल मोड़ के समीप विशाल सेवा शिविर लगाया जाएगा, जहां बोकारो सहित पूरे झारखंड के प्रसिद्ध भक्ति गायक सुदेश सिंह अपनी प्रस्तुति देकर भक्तिमय वातावरण बनाएंगे।

### अनुशासन, ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारी से ही विद्यार्थी बनेंगे विकसित भारत का निमार्ता : उप महापौर पूजा

**बोकारो।** 'सपने देखिए और उन्हें पूरा करने के लिए जुनून के साथ मेहनत कीजिए, सफलता स्वयं आपके पास आएगी।' यह प्रेरणादायक संदेश डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, बोकारो द्वारा आयोजित माइलस्टोन अवॉर्ड 2026 में चास की उप महापौर पूजा कुमारी ने दिया। डी. वाई. पाटिल इंटरनेशनल स्कूल, बोकारो की मेजबानी में डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, बोकारो द्वारा वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह में बोकारो जिले के लगभग 25 सी.बी.एस.सी. सम्बद्ध विद्यालयों के कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा - 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 80 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# हस्तकरघा भारत की संस्कृति, परंपरा और आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रतीक : राज्यपाल

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम** : झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि हस्तकरघा केवल वस्त्र निर्माण का माध्यम नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति, परंपरा और आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रतीक है। राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस देश के उन लाखों बुनकरों के श्रम, कौशल और सृजनशीलता को सम्मान देने का अवसर है, जिन्होंने सदियों से अपनी कला के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक पहचान को समृद्ध किया है। राज्यपाल शुक्रवार को जमशेदपुर के माइकल जॉन सभागार में ह्यराष्ट्रीय हस्तकरघा दिवसह्न के अवसर पर विवर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च ऑगेर्नाइजेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस के अवसर पर वर्ष 1942 में शुरू हुए भारत छोड़ो आंदोलन को भी याद करना प्रासंगिक है। उस दौर में चरखा, खादी और हस्तकरघा केवल वस्त्र निर्माण के साधन नहीं थे, बल्कि स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय स्वाभिमान के सशक्त प्रतीक बन गए थे। महात्मा गांधी ने खादी और स्वदेशी को जनआंदोलन का स्वरूप देकर देशवासियों में आत्मनिर्भरता और आत्मगौरव की भावना पैदा की। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड की जनजातीय और ग्रामीण परंपराओं में हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प की समृद्ध विरासत मौजूद है। राज्य का तसर रेशम अपनी उत्कृष्ट गुणवत्ता के लिए देशभर में विशेष पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक, नवाचार, आकर्षक डिजाइन, बेहतर विपणन और डिजिटल माध्यमों से बुनकरों के उत्पादों को जोड़कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। अपने सार्वजनिक जीवन के अनुभवों का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उन्हें बुनकर समाज के बीच जाकर उनकी समस्याओं को करीब से समझने का अवसर मिला है। केंद्र सरकार में वस्त्र मंत्री के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने बुनकरों के हित में काम किया। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस मनाने की पहल शुरू हुई, जिसका उद्देश्य बुनकरों के श्रम, कौशल और योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान देना तथा हस्तकरघा क्षेत्र को नई पहचान दिलाना था। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ह्यवोकल फॉर लोकलह्न, ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न और ह्यपीएम विश्वकर्मा योजनाह्न जैसी पहलों के माध्यम से बुनकरों, शिल्पकारों और पारंपरिक कारीगरों को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की पारंपरिक कला और हस्तशिल्प केवल सांस्कृतिक विरासत नहीं, बल्कि विकसित भारत की आर्थिक शक्ति भी बन सकते हैं। राज्यपाल ने हस्तकरघा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए डिजाइन नवाचार, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, ब्रांडिंग, कौशल उन्नयन और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग जगत, स्वयंसेवी संगठनों और सरकार के संयुक्त प्रयासों से हस्तकरघा उद्योग को नई गति मिलेगी। इससे विशेष रूप से महिलाओं और ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार तथा आत्मनिर्भरता के नए अवसर पैदा होंगे।

## पुलिस ने बालू लदे आठ ट्रैक्टर किया जब्त

उज्जवल दुनिया संवाददाता





**पश्चिमी सिंहभूमः** पश्चिमी सिंहभूम जिले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की ओर से बालू उत्खनन पर रोक लगाए जाने के बावजूद अवैध बालू कारोबार थमता नजर नहीं आ रहा है। मनोहरपुर और गोइलकेरा क्षेत्र से बिना वैध अनुमति के बालू की ढुलाई लगातार जारी है। इसी क्रम में सोनुवा थाना पुलिस ने शुक्रवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बालू ले जा रहे आठ ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गोइलकेरा से चक्रधरपुर की ओर जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को बारी गांव के समीप वाहन जांच अभियान के दौरान रोका गया। जांच में किसी भी वाहन चालक के पास बालू परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज या परमिट नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने सभी वाहनों को जब्त कर लिया। सोनुवा थाना प्रभारी शशि बाला भेंगरा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। जब्त किए गए वाहनों को थाना लाया जा रहा था, तभी कच्ची सड़क पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उसमें लदा बालू सड़क किनारे बिखर गया। सभी वाहनों को आगे की कार्रवाई के लिए जिला खनन विभाग को सौंप दिया गया है। इधर, स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि अवैध बालू कारोबार लंबे समय से संगठित तरीके से संचालित हो रहा है। उनका कहना है कि रात के समय बड़ी संख्या में ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बिना चालान और आवश्यक अनुमति के इसी मार्ग से गुजरती हैं, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि जब्त वाहनों को छुड़ाने के लिए प्रभावशाली स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

## जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया सरल करने की मांग को लेकर तेली साहू महासंगठन ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूमः** जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही कथित परेशानियों को लेकर राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन, पूर्वी सिंहभूम के नेतृत्व में शुक्रवार को समाज के लोगों ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम संबोधित ज्ञापन उपायुक्त को सौंपकर जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया को सरल और व्यवहारिक बनाने की मांग की। महासंगठन के जिलाध्यक्ष राकेश साहू ने कहा कि वर्तमान नियमों के कारण ओबीसी और ईबीसी वर्ग से जुड़े तेली समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र बनवाने में अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों की जटिल प्रक्रिया के कारण कई छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित हो रहे हैं। वहीं, अनेक युवाओं को आरक्षण, सरकारी नौकरी और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी परेशानी हो रही है। संगठन की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि पहले परिवार के किसी एक सदस्य के पास जारी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर अन्य सदस्यों का प्रमाण पत्र भी आसानी से बन जाता था। वर्तमान व्यवस्था में इस आधार को स्वीकार नहीं किए जाने के कारण आवेदकों को बार-बार नए दस्तावेज प्रस्तुत करने पड़ रहे हैं। इसके अलावा पुराने खतियान और भूमि अभिलेखों में जाति का उल्लेख नहीं होने से बड़ी संख्या में आवेदन लंबित हैं। महासंगठन ने कहा कि जमशेदपुर जैसे शहरी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में परिवार टाटा स्टील की जमीन, सरकारी अथवा लीज की जमीन पर रह रहे हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में भी कई परिवारों के पास अपना खतियान उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में मौजूदा दस्तावेजी नियम हजारों लोगों के लिए है।

### बारिश से मकान ध्वस्त, प्रशासन ने पीड़ित परिवार को पहुंचाई राहत



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** :पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड में लगातार हो रही बारिश के बीच हल्दीपोखर निवासी विनोद गुप्ता का मकान बुधवार देर रात पूरी तरह ध्वस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन ने राहत कार्य शुरू करते हुए प्रभावित परिवार को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई। पोटका की अंचलाधिकारी निकिता बाला के निर्देश पर शुक्रवार को प्रशासनिक टीम प्रभावित स्थल पर पहुंची। अंचल निरीक्षक लिटा मारडी ने मौके का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी ली। प्रशासन की ओर से परिवार को अस्थायी रूप से रहने के लिए तिरपाल उपलब्ध कराया गया, ताकि खराब मौसम के बीच उन्हें तत्काल राहत मिल सके। अंचलाधिकारी निकिता बाला ने बताया कि क्षतिग्रस्त मकान का आकलन कराया जा रहा है। मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद सरकारी प्रावधानों के तहत पीड़ित परिवार को मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन प्रभावित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। राहत से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाएं जल्द पूरी की जाएंगी।

## डीसी कार्यालय से लेकर साकची-मानगो पुल तक जलजमाव से जनजीवन प्रभावित

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम** : मूसलाधार बारिश ने एक बार फिर जमशेदपुर की जलनिकासी व्यवस्था की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी। शुक्रवार दोपहर को हुई तेज कुछ ही देर की बारिश के बाद शहर के कई प्रमुख इलाके जलमग्न हो गए, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में उपायुक्त कार्यालय के सामने की सड़क, जमशेदपुर प्रेस क्लब परिसर के आसपास का इलाका और साकची से मानगो को जोड़ने वाला छोटा पुल शामिल रहा। उपायुक्त कार्यालय के सामने सड़क पर इतना पानी जमा हो गया कि वाहन चालकों को आवाजाही में काफी दिक्कत हुई। वहीं, जमशेदपुर प्रेस क्लब के पास खड़े कई वाहनों का आधा हिस्सा पानी में डूब गया। जलजमाव के कारण सड़क और नालियों का अंतर खत्म हो गया, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रही। सडक पर पानी भर जाने से पुल से गुजरने वाले स्कूली छात्र-छात्राएं, कार्यालय जाने वाले कर्मचारी, व्यवसायी और अन्य राहगीर घुटने भर गंदे पानी से होकर निकलने को विवश हो गए। दोपहर में स्कूलों की छुट्टी के समय स्थिति और गंभीर हो गई, जब छोटे-छोटे बच्चों को अभिभावकों के साथ जलभराव के बीच होकर घर लौटना पड़ा। जलजमाव के कारण कई दोपहिया वाहन बीच रास्ते में बंद हो गए। बाइक सवारों को अपने वाहन धक्का देकर निकालने पड़े, जबकि कुछ स्थानों पर चारपहिया वाहनों की रफ्तार भी बेहद धीमी हो गई। इससे पुल और आसपास के मार्गों पर लंबा जाम लग गया और लोगों को काफी देर तक फंसे रहना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के मौसम में यही स्थिति देखने को मिलती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई प्रभावी पहल नहीं की जाती। उनका आरोप है कि नालों की नियमित सफाई नहीं होने और ड्रेनेज सिस्टम की क्षमता कम होने के कारण थोड़ी देर की बारिश में भी सड़कें तालाब में बदल जाती हैं। मानगो और साकची के लोगों ने प्रशासन के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि जलजमाव की समस्या अब आम लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन चुकी है। लोगों ने मांग की कि शहर की जलनिकासी व्यवस्था को आधुनिक बनाया जाए, नालों की समय पर सफाई सुनिश्चित हो और संवेदनशील इलाकों में स्थायी समाधान के लिए ठोस योजना लागू की जाए, ताकि हर बारिश में लोगों को इस तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# सीएसआईआर-एनएमएल में जिज्ञासा कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने जाना वैज्ञानिक अनुसंधान का संसार

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूमः** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनएमएल), जमशेदपुर में शुक्रवार को सीएसआईआर-जिज्ञासा पहल के तहत जेवियर इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना, अनुसंधान एवं नवाचार के प्रति रुचि बढ़ाना और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम में विद्यालय के 66 विद्यार्थियों और तीन शिक्षकों ने हिस्सा लिया। पंजीकरण के बाद सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए जिज्ञासा और सीखने की इच्छा सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने संस्थान में चल रही विभिन्न अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों क जानकारी देते हुए कहा कि देश के औद्योगिक और तकनीकी विकास में सीएसआईआर-एनएमएल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस अवसर पर वैज्ञानिक-जी एवं आईएमडीसी प्रभाग के प्रमुख डॉ. के. गोपाला कृष्ण ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने धातुकर्म और सामग्री विज्ञान के क्षेत्र में संस्थान में किए जा रहे अनुसंधान कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और अनुसंधान के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी की रचनात्मक सोच देश के भविष्य को नई दिशा दे सकती है। इसके बाद वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं जिज्ञासा कार्यक्रम की सह-परियोजना प्रमुख डॉ. पी. श्रीदा ने सीएसआईआर-जिज्ञासा पहल पर प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को वैज्ञानिक संस्थानों से जोड़ना, उन्हें प्रयोगात्मक विज्ञान से परिचित कराना और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में करियर के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण प्रयोगशालाओं का भ्रमण रहा। विद्यार्थियों ने सीएसआईआर-एनएमएल की अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने क्रीप लैब, एडवांस्ड एनालिटिकल कैरेक्टराइजेशन (एएसी) प्रयोगशाला, ई-वेस्ट रीसाइक्लिंग सेंटर और मेल्टिंग डेमोंस्ट्रेशन सुविधा का भ्रमण किया। वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आधुनिक उपकरणों, अनुसंधान तकनीकों, सतत प्रौद्योगिकी और सामग्री विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रयोगों की जानकारी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला से सोने की चेन और कानबाली की छिनतई



**पूर्वी सिंहभूम** : एमजीएम थाना क्षेत्र के तुरियाबेड़ा शौचालय के समीप गुरुवार रात सोने की चेन और कान बाली छिनतईका मामला प्रकाश में आया है। दवा लेकर पैदल घर लौट रही एक महिला से तीन युवकों ने सोने की चेन और कान की बाली छीन ली। महिला की ओर से विरोध किए जाने पर बदमाशों ने उन्हें धक्का देकर झाड़ियों में गिरा दिया और गला दबाने का भी प्रयास किया। वारदात के बाद तीनों आरोपित मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों से। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता मंजू देवी शंकोसाई रोड नंबर-1 स्थित रामनगर की रहने वाली हैं। वह गुरुवार रात दवा लेकर गाजाडीह की ओर अपने घर लौट रही थीं। रास्ते में उन्हें तीन-चार युवक पीछा करते हुए दिखाई दिए। जैसे ही वह तुरियाबेड़ा शौचालय के पास पहुंचीं, तीन युवकों ने उन्हें घेर लिया और उनके गले से सोने की चेन तथा कान की बाली छीन ली। विरोध करने पर आरोपितों ने उन्हें झाड़ियों में धकेल दिया और गला दबाने की कोशिश की, जिससे वह घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही एमजीएम थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर नाराजगी जताते हुए पुलिस के समक्ष विरोध भी दर्ज कराया। घायल महिला को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़िता के बेटे ने एमजीएम थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी सचिन दास ने बताया कि घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। आरोपितों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है और जल्द ही सभी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### अंधविश्वास और अशिक्षा के खिलाफ युवा बने बदलाव के वाहक : डालसा सचिव



**पलामूः** समाज में बढ़ते अंधविश्वास, अशिक्षा और कानूनी अनभिज्ञता को दूर करने के लिए युवाओं को आगे आने की जरूरत है। प्रत्येक विद्यार्थी को कानून का बुनियादी ज्ञान होना चाहिए, ताकि वह न केवल अपने अधिकारों की रक्षा कर सके, बल्कि समाज में न्याय और जागरूकता का भी वाहक बन सके। यह बातें जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के सचिव राकेश रंजन ने शुक्रवार को मेदिनीनगर के जीएलए कॉलेज में आयोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों को संविधान, विधिक अधिकारों, कर्तव्यों एवं निःशुल्क कानूनी सहायता संबंधी प्रावधानों से अवगत कराना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षित समाज वही है, जो अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी ईमानदारी से निर्वहन करे। उन्होंने विद्यार्थियों से संविधान के मूल्यों को आत्मसात कर न्याय, समानता, अनुशासन और संवैधानिक संस्कृति को मजबूत बनाने का आह्वान किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ जसबीर बग्गा ने कहा कि विधिक जागरूकता प्रत्येक नागरिक की मूल आवश्यकता है। डालसा सचिव राकेश रंजन ने कहा कि सोशल जस्टिस का वास्तविक अर्थ न्याय को हर घर तक पहुंचाना है। गरीबी कभी भी न्याय पाने में बाधा नहीं बननी चाहिए। इसी उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार आर्थिक रूप से कमजोर, वंचित और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराता है। उन्होंने महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, अनुसूचित जाति-जनजाति, दिव्यांगजनों के अधिकारों, साइबर अपराध से बचाव, घरेलू हिंसा, महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण, उपभोक्ता अधिकार और लोक अदालत की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि डालसा गांव-गांव तक सुलभ न्याय पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। इस अवसर पर डॉ लीना कुमारी, डॉ विभा शंकर, डॉ कुंदन कुमार, विकास तोपनो, अयाना एमएस सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पुलिस मुठभेड़ मामले में सुमित चंद्रवंशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज




**पलामू** : पलामू के सदर थाना क्षेत्र के बजराहा इलाके में पुलिस और सुमित चंद्रवंशी के बीच हुई मुठभेड़ के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। मेदिनीनगर शहर थाना के सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह के आवेदन पर सदर थाना में भट्ठी मुहल्ला निवासी सुमित चंद्रवंशी, पिता अशोक राम उर्फ विजय चंद्रवंशी उर्फ बिरजू, के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है। गुरुवार को हुई मुठभेड़ के दौरान सुमित चंद्रवंशी के दाहिने पैर में गोली लगी थी। छापामारी में शामिल पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए थे। घायल सुमित का इलाज मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में चल रहा है। मामले का अनुसंधान सदर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर अफजल अंसारी कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को बताया कि सुमित के खिलाफ पुलिस अभिरक्षा से भागने का प्रयास करने, पुलिसकर्मी की सरकारी पिस्टल छीनने और जान से मारने की नीयत से छापामारी दल पर गोली चलाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है और घटनास्थल को सील कर दिया गया है। 29 जुलाई के गोलीकांड से जुड़ा है मामला मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के अग्रसेन भवन के सामने कोयल रिवर फ्रंट पर 29 जुलाई को हुई फायरिंग के मामले में पुलिस जांच कर रही थी। इस घटना में भुइयां मुहल्ला स्थित देवी मंदिर के पास रहने वाले दिनेश कुमार और रामगढ़ के पतरातू निवासी निखिल कुमार को गोली लगी थी। पुलिस के अनुसार, हमलावर बेलवाटिका निवासी सूरज चंद्रवंशी की हत्या करने आए थे। सूरज चंद्रवंशी के आवेदन पर लक्की पासवान उर्फ देवा, सुमित चंद्रवंशी, आनंद रवि, अनुराग चंद्रवंशी और जरार खां के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वहीं, साजिश रचने के आरोप में शहरयार अली, इमरान कुरैशी, हैदर और हिकमतयार अली को आरोपित बनाया गया था। गोलीकांड की जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित सुमित चंद्रवंशी शहर थाना क्षेत्र के निमिया इलाके में छिपा हुआ है। पुलिस टीम ने वहां पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में सुमित ने बताया कि गोलीकांड में इस्तेमाल हथियार बिस्फुटा से आगे रेलवे लाइन के किनारे छिपाया गया है।

# 8 दिनों बाद खत्म हुई नगर निगम कर्मियों की हड़ताल, मेयर ने लड्डू खिलाकर कराया मुंह मीठा

एजेंसी



**भागलपुर :** बीते आठ दिनों से अपनी मांगों को लेकर अड़े भागलपुर नगर निगम के सफाई कर्मियों और अन्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आखिरकार शुक्रवार को समाप्त हो गई है। नगर विकास एवं आवास विभाग के साथ हुई उच्चस्तरीय सफल वार्ता के बाद कर्मचारियों ने काम पर लौटने का फैसला किया। हड़ताल टूटने की आधिकारिक घोषणा के बाद नगर निगम परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखा गया। नगर निगम परिसर में भागलपुर की मेयर डॉ. बसुंधरा लाल और सशक्त स्थाई समिति के सदस्यों ने हड़ताली कर्मचारियों को अपने हाथों से लड्डू खिलाकर उनका अनशन और हड़ताल खत्म करवाया। हड़ताल समाप्त होने की खुशी में सफाई कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और जमकर जश्न मनाया। इसके तुरंत बाद सभी कर्मचारी अपने काम पर लौट गए और पिछले कई दिनों से शहर की सड़कों पर लगे कचरे के अंबार को हटाने तथा कचरा उठाव का काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया। है कि बिहार राज्य नगर निकाय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर शुरू हुई इस हड़ताल को समाप्त करने के लिए विभागीय स्तर पर बैठक हुई, जिसमें कर्मचारियों की निम्नलिखित मांगों पर सहमति बनी है। जिसमें आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों के दैनिक मानदेय में बढ़ोतरी, ड्यूटी के दौरान जोखिम को देखते हुए कर्मचारियों को स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा का लाभ, संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मियों की सेवाशर्तों को बेहतर किया जाएगा और मानदेय की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। कर्मियों को नियमित करने और अन्य जटिल मांगों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी बनाई गई है, जो एक महीने में अपनी रिपोर्ट देगी। हड़ताल के दौरान जिन कर्मियों पर प्रशासनिक या दंडात्मक कार्रवाई की गई थी, उसे तुरंत वापस ले लिया गया है। इधर पिछले 8 दिनों से सफाई व्यवस्था ठप होने के कारण शहर के सभी 51 वार्डों में कचरे का ढेर लग गया था और बारिश के कारण सड़कों पर बदबू फैल रही थी। जलापूर्ति बाधित होने से भी लोग परेशान थे। अब हड़ताल खत्म होने से भागलपुर वासियों ने बड़ी राहत की सांस ली है। नगर निकाय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष विकास कुमार हरि ने बताया कि सरकार द्वारा मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाने के बाद जनहित को ध्यान में रखते हुए हड़ताल वापस ली गई है।

## 21 हजार करोड़ रुपए के दीर्घकालिक वित्त पोषण के लिए पथ निर्माण विभाग और नाबार्ड के बीच समझौता

एजेंसी




**पटना :**बिहार में सड़क और पुल अवसंरचना के विकास को गति देने के लिए राज्य सरकार और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के बीच 21 हजार करोड़ रुपये के दीर्घकालिक वित्त पोषण को लेकर शुक्रवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में लोक सेवक आवास स्थित ह्यसंकल्पह्न सभागार में आयोजित समारोह में पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल और नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी कृष्णन वी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास में नाबार्ड का महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है और आगे भी इसी तरह सहयोग मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि राज्य में सड़क और पुल अवसंरचना को मजबूत करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। एमओयू से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क एवं पुल निर्माण के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन उपलब्ध होंगे और विकास परियोजनाओं को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर सड़क और पुल किसी भी राज्य के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत सड़क संपर्क विकसित होने से लोगों का आवागमन सुगम होगा और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि 21 हजार करोड़ रुपये के दीर्घकालिक वित्त पोषण से सड़क एवं पुल परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए वित्तीय व्यवस्था और मजबूत होगी। नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी कृष्णन वी ने कहा कि बिहार तेजी से विकास कर रहा है। राज्य के विकास के लिए जिस भी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता होगी, नाबार्ड उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। उन्होंने आधारभूत संरचना के विकास में नाबार्ड की सहभागिता आगे भी जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

## भारत-नेपाल सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए एसएसबीएवं एपीएफ नेपाल के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक

एजेंसी



**पश्चिम चम्पारण :** भारत-नेपाल सीमा पर शांति, सौहार्द एवं आपसी समन्वय बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को 21वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) समवाय रामपुरवा के कार्य क्षेत्र में पड़ने वाले स्टेटस क्वो एरिया, सुस्ता पर सशस्त्र सीमा बल एवं एपीएफ नेपाल के वरिष्ठ अधिकारियों के मध्य एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान भारत-नेपाल सीमा पर वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। दोनों पक्षों ने पाया कि सीमा क्षेत्र में स्थिति पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं सामान्य है। बैठक के दौरान यह भी अवलोकन किया गया कि सुस्ता क्षेत्र के स्थानीय निवासी नेपाल की ओर जेसीबी मशीन एवं सैंड बैग की सहायता से तटबंध को सुदृढ़ करने का कार्य कर रहे हैं। गोबिन्द बहादुर खाती, पुलिस अधीक्षक, 26 वीं वाहिनी, नवलपरासी, एपीएफ नेपाल, ने पुनः अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि स्टेटस क्वो का किसी भी प्रकार से उल्लंघन नहीं होने दिया जायेगा तथा सीमा पर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए एपीएफ नेपाल का पूर्ण सहयोग निरंतर जारी रहेगा। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। दोनों देशों के सीमा सुरक्षा बलों ने आपसी समन्वय, नियमित संवाद एवं सहयोग के माध्यम से भारत-नेपाल सीमा पर शांति, सुरक्षा एवं मैत्रीपूर्ण संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने का संकल्प को दोहराया। इस बैठक में सशस्त्र सीमा बल की ओर से नंदन सिंह मेहरा, कमांडेंट, 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, श्री सुरेश शर्मा, द्वितीय कमान अधिकारी, 21वीं वाहिनी, एस.एस.बी. बगहा, तथा अवधेश कुमार, कंपनी कमांडर, रामपुरवा उपस्थित रहें।

## बापू इंटर विद्यालय के छात्रावास में छात्रों के बीच वितरित की गई पठन सामग्री



एजेंसी

**नवादा :**नवादा जिले के बापू इंटर विद्यालय, पाण्डेयगंगौट से सम्बद्ध नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय छात्रावास में शुक्रवार को वर्ग प्रथम से लेकर दसवीं तक के छात्रों के बीच पठन सामग्री का वितरण किया गया । जिसमे स्कूल ड्रेस, जूता, मौजा, चप्पल, तौलिया सहित अन्य आवश्यक उपयोगी सामग्री शामिल है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह छात्रावास के संचालक अजय कुमार ने बताया कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार छात्रावास में अध्यनरत सभी विद्यार्थियों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है,ताकि उन्हें शिक्षा के साथ-साथ बेहतर रहन-सहन की सुविधाएं भी मिल सकें। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में छात्र-छात्राओं को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है, जिससे उन्हें पढ़ाई के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से अनुशासन का पालन करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने और विद्यालय एवं छात्रावास की सुविधाओं का सदुपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बेहतर भविष्य की सबसे मजबूत नींव है और सभी विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए।

## जमीन की रजिस्ट्री नहीं करने पर विवाहिता से मारपीट, दहेज उत्पीड़न का केस दर्जजमीन की रजिस्ट्री नहीं करने पर विवाहिता से मारपीट, दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

एजेंसी



**किशनगंज :**जिले में दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि जमीन की रजिस्ट्री नहीं करने पर पति और ससुराल वालों ने विवाहिता के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। स्थानीय स्तर पर न्याय नहीं मिलने के बाद पीड़िता ने महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, दिघलबैंक थाना क्षेत्र के जनता हाट निवासी ब्युटी कुमारी साह की शादी 21 फरवरी को कुम्हार टोली तुलसिया निवासी मनीष पुर्वे के साथ सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार हुई थी। पीड़िता के पिता का पहले ही निधन हो चुका है। शिकायत के अनुसार, उसकी मां सोनिया देवी ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार विवाह में दो भरी सोना, 20 भरी चांदी के आभूषण, फर्नीचर तथा अन्य घरेलू सामान उपहार स्वरूप दिए थे। पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद ही पति और ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी मां के नाम दर्ज जनता हाट स्थित जमीन का आधा हिस्सा अपने नाम रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना की जाने लगी। विरोध करने पर मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया। शिकायत में कहा गया है कि सामाजिक स्तर पर समझौते के बाद पति उसे दोबारा ससुराल ले गया, लेकिन जमीन की रजिस्ट्री की मांग लगातार जारी रही।जनवरी माह में मांग पूरी नहीं होने पर एक बार फिर उसके साथ मारपीट की गई और उसे घर से बाहर निकाल दिया गया। इसके बाद से वह अपने मायके में रह रही है। पीड़िता ने बताया कि उसने न्याय के लिए कई स्तरों पर प्रयास किए, लेकिन समाधान नहीं निकला। अंततः उसने महिला थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शुक्रवार को महिला थाना अध्यक्ष सुनीता कुमारी ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भूमि-अर्जन मामलों के त्वरित निस्तारण को नौ प्रमंडलों में पीठासीन पदाधिकारियों की नियुक्ति

एजेंसी



**किशनगंज:** बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भूमि-अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन से जुड़े मामलों के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के लिए राज्य के सभी नौ प्रमंडलीय मुख्यालयों में संचालित प्राधिकरणों के लिए नए पीठासीन पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। विभाग की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने बताया कि नियुक्ति का उद्देश्य भूमि-अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन से संबंधित विवादों का शीघ्र निपटारा कर प्रभावित लोगों को समय पर न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि राज्य के पटना, मुजफ्फरपुर, सारण, दरभंगा, भागलपुर, मुंगेर, पूर्णिया, गया और कोशी (सहरसा) प्रमंडल स्थित प्राधिकरणों में सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों तथा अन्य न्यायिक अधिकारियों को पीठासीन पदाधिकारी बनाया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार अली अहमद को मुजफ्फरपुर, सम्पूर्णानंद तिवारी को सारण, देवराज त्रिपाठी को दरभंगा, विजय आनंद तिवारी को भागलपुर, विनोद कुमार तिवारी को गया, राकेश मालवीय को मुंगेर, राधे श्याम शुक्ला को पूर्णिया, हसमुद्दीन अंसारी को कोशी (सहरसा) तथा हेमंत कुमार त्रिपाठी को पटना प्रमंडल के भूमि-अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण में पीठासीन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। मंत्री ने बताया कि सभी पीठासीन पदाधिकारियों का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु पूरी होने तक, जो भी पहले हो, रहेगा। सभी अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर संबंधित कार्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि नियुक्त अधिकारी भूमि-अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन से जुड़े विवादों की सुनवाई, मुआवजा संबंधी मामलों के निस्तारण तथा संबंधित अधिनियम के तहत संदर्भित मामलों पर निर्णय लेने के लिए अधिकृत होंगे। सरकार का मानना है कि इन नियुक्तियों से भूमि-अर्जन से जुड़े लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी आएगी, मुआवजा वितरण की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और समयबद्ध होगी तथा प्रभावित किसानों एवं भूमि मालिकों को शीघ्र न्याय मिल सकेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### 52वीं जूनियर राज्य कबड्डी प्रतियोगिता में चैंपियन बने सारण टीम को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित




**सारण :** 52वीं बिहार राज्य जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता में सारण जिले की टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम कर लिया है। फाइनल प्रतियोगिता में सारण की टीम ने बक्सर को हराकर पहली बार इस प्रतियोगिता की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस सफलता पर सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने विजेता टीम को अपने कार्यालय कक्ष में आमंत्रित कर सम्मानित किया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर भारतीय कबड्डी महासंघ के कोषाध्यक्ष रमाकांत सिंह सोलंकी ने खुशी जताते हुए कहा कि यह सारण के लिए गर्व का क्षण है। बच्चों की कड़ी मेहनत से टीम पहली बार चैंपियन बनी है। उन्होंने बताया कि इस टीम के कई प्रतिभावान खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए बिहार राज्य की टीम में चयनित होकर खेलेंगे। साथ ही, उन्होंने जिले में खिलाड़ियों के बेहतर अभ्यास हेतु एक समर्पित खेल मैदान की आवश्यकता भी जताई। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जिले के युवा खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की खेल नीति के तहत खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग और प्रोत्साहन दिया जा रहा है। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में खेल के मैदान विकसित किए जा रहे हैं तथा कई प्रखंडों में स्टेडियम का निर्माण कार्य जारी है। जिलाधिकारी ने युवाओं से अपील की कि वे सकारात्मक गतिविधियों से जुड़कर अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर सारण कबड्डी टीम के खिलाड़ी एवं पदाधिकारी शुभम कुमार कप्तान, आदित्य कुमार, अंकित कुमार, रितेश कुमार, अनुराग कुमार, हर्ष कुमार, गोविंद कुमार, रितिक कुमार, आर्यन कुमार, हिमांशु प्रशिक्षक, रमाकांत सिंह सोलंकी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, देव कुमार सिंह, डॉक्टर हरेंद्र कुमार सिंह, सभापति बैठा, सुरभि दत्त, राकेश कुमार सिंह शैलेंद्र कुमार, दीपक कुमार, रितेश कुमार, दीपू कुमार उपस्थित थे।

### किशनगंज लोकसभा क्षेत्र में 10 नए पुलों के निर्माण की पहल, सांसद डॉ. जावेद ने मांगी प्रशासनिक स्वीकृति

**किशनगंज:** किशनगंज लोकसभा क्षेत्र में वर्षों से लंबित पुल निर्माण की मांगों को लेकर सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री को पत्र भेजकर 10 महत्वपूर्ण पुल योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति देने का अनुरोध किया है। सांसद ने कहा है कि इन पुलों के निर्माण से सीमावर्ती और नदी बहुल क्षेत्रों में आवागमन की समस्या काफी हद तक दूर होगी तथा हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। अपने पत्र में सांसद ने उल्लेख किया है कि किशनगंज लोकसभा क्षेत्र का बड़ा हिस्सा नदियों से घिरा हुआ है। विशेषकर मानसून और बाढ़ के दौरान कई गांवों एवं पंचायतों का संपर्क जिला, अनुमंडल और प्रखंड मुख्यालय से कट जाता है। पुलों के अभाव में लोगों को नाव के सहारे जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ता है। इससे मरीजों, विद्यार्थियों, किसानों और व्यापारियों को सबसे अधिक परेशानी होती है। सांसद ने पोठिया प्रखंड के निस्तीपुर घाट पर महानंदा नदी, बायसी प्रखंड के आसजा-मबैधा एवं सौती टोला-मथुरापुर के पास परमान नदी, बैसा प्रखंड के रियाज अली धार, दिघलबैंक के पलसा घाट पर कनकई नदी, टेढ़ागाछ क्षेत्र के सुहिया घाट पर रतवा नदी, किशनगंज प्रखंड के कनफलिया पंचायत स्थित महानंदा नदी, बायसी के नवाबगंज-चटंगी हाट मार्ग, बायसी के गोपालपुर घाट, टेढ़ागाछ के फुलवरिया पंचायत तथा डगरूआ प्रखंड के गौरिया घाट सहित कुल 10 स्थानों पर पुल निर्माण का प्रस्ताव भेजा है। उन्होंने पथ निर्माण विभाग से इन सभी योजनाओं की तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति शीघ्र प्रदान करने का आग्रह करते हुए कहा कि पुल बनने से ग्रामीण संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी और शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, व्यापार तथा रोजगार से जुड़ी गतिविधियों को नई गति मिलेगी। साथ ही बाढ़ के समय राहत एवं बचाव कार्यों को भी मजबूती मिलेगी। सांसद ने पत्र की प्रतिलिपि पथ निर्माण विभाग के सचिव, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक तथा संबंधित अभियंताओं को भी भेजी है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि सरकार इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृति देकर लंबे समय से चली आ रही पुल निर्माण की मांग को पूरा करेगी।

### भागलपुर पुलिस ने लौटाए 60 मोबाइल, 14 लाख रुपये के फोन मालिकों को किए सुपुर्द



**भागलपुर :**भागलपुर पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए गुम और चोरी हुए 60 मोबाइल फोन बरामद कर शुक्रवार को उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंप दिए। बरामद मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत करीब 14 लाख रुपये बताई गई है। अपने खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई और उन्होंने भागलपुर पुलिस का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भागलपुर के निर्देश और पुलिस अधीक्षक (नगर) की निगरानी में डीआईयू टीम तथा साइबर थाना भागलपुर ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। अभियान के दौरान तकनीकी जांच और साइबर ट्रैकिंग की मदद से विभिन्न स्थानों से 60 मोबाइल फोन बरामद किए गए। एसएसपी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। पुलिस के अनुसार, सभी मोबाइल की कुल कीमत लगभग 14 लाख रुपये है। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने भागलपुर पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका खोया हुआ मोबाइल दोबारा मिल जाएगा। इस अभियान में साइबर थाना और डीआईयू (जिला आसूचना इकाई) की टीम ने अहम भूमिका निभाई। टीम ने तकनीकी विश्लेषण और ट्रैकिंग के माध्यम से मोबाइल फोन का पता लगाकर उन्हें बरामद किया। भागलपुर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर तत्काल नजदीकी थाना या साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराएं तथा सीईआईआर पोर्टल पर भी मोबाइल ब्लॉक कराने की प्रक्रिया पूरी करें। इससे मोबाइल की ट्रैकिंग और बरामदगी की संभावना बढ़ जाती है पुलिस ने कहा कि आगे भी ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# सीमा पार आतंकवाद खत्म होने पर ही पाकिस्तान से सामान्य द्विपक्षीय संबंध संभव : सरकार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि पाकिस्तान के साथ सामान्य द्विपक्षीय संबंध तभी संभव हैं, जब वह सीमा पार आतंकवाद, शत्रुता और हिंसा से मुक्त माहौल सुनिश्चित करे। सरकार ने स्पष्ट किया कि सीमा पार आतंकवाद और उससे जुड़ा ढांचा समाप्त करना भारत की स्पष्ट और अटल नीति है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि पाकिस्तान के साथ भारत के संबंध आतंकवाद, शत्रुता और हिंसा से मुक्त माहौल में ही आगे बढ़ सकते हैं। हालांकि, पाकिस्तान से प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद अब भी जारी है और आतंकवाद का इस्तेमाल भारत के विरुद्ध आधिकारिक नीति के रूप में किया जा रहा है। सरकार ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान से 'मोस्ट फेवर्ड नेशन' (एमएफएन) का दर्जा वापस ले लिया था तथा पाकिस्तान से आयातित सभी वस्तुओं पर सीमा शुल्क बढ़ाकर 200 प्रतिशत कर दिया गया था। इसके बाद पाकिस्तान ने भी भारत के साथ राजनयिक संबंधों को कम करने और द्विपक्षीय व्यापार निलंबित करने जैसे एकपक्षीय कदम उठाए। उत्तर में कहा गया कि 22 अप्रैल 2025 को पाकिस्तान प्रायोजित पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने कई राजनयिक कदम उठाए। इनमें सिंधु जल संधि को स्थगित करना, अटारी में चेक पोस्ट को बंद करना, वीजा सेवाओं पर रोक लगाना तथा दोनों देशों के राजनयिक मिशनों में अधिकारियों की संख्या कम करना शामिल है। इसके साथ ही पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) में स्थित आतंकी ठिकानों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई भी की गई। सरकार ने बताया कि वर्तमान में दोनों देशों में एक-दूसरे की राजधानियों में सीमित स्तर पर राजनयिक मिशन कार्यरत हैं। दोनों देशों के बीच केवल आवश्यक कार्यात्मक संपर्क जारी हैं, जिनमें महानिदेशक सैन्य संचालन (डीजीएमओ) स्तर की वार्ता, बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षणों की पूर्व सूचना का आदान-प्रदान, परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान तथा एक-दूसरे की हिरासत में मौजूद मछुआरों और नागरिक कैदियों की जानकारी साझा करना शामिल है। सरकार ने कहा कि भारत ने सीमा पार आतंकवाद और उससे जुड़े ढांचे के प्रति अपनी नीति स्पष्ट कर दी है तथा नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। सरकार ने कहा कि सामान्य द्विपक्षीय संबंधों की बहाली के लिए सीमा पार आतंकवाद का पूर्णतः समाप्त होना अनिवार्य शर्त है।

## एक नजर

### ईरान की चेतावनी, अमेरिकी हमले नहीं रुके तो खाड़ी क्षेत्र के ऊर्जा ढांचे पर होगी जवाबी कार्रवाई

**तेहरान।** ईरान ने खाड़ी देशों से आग्रह किया है कि वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर दबाव बनाकर ईरान पर संभावित सैन्य हमलों को रुकवाएं। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका ने ईरान के ऊर्जा एवं अन्य महत्वपूर्ण ढांचे पर हमला किया, तो तेहरान खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा प्रतिष्ठानों और अन्य रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाएगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने हाल के दिनों में खाड़ी देशों के साथ उच्चस्तरीय राजनयिक संपर्कों के दौरान यह संदेश दिया। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि संभावित जवाबी कार्रवाई में तेल एवं गैस प्रतिष्ठान, रिफाइनरी, बिजली और जल आपूर्ति नेटवर्क, परिवहन ढांचा तथा अन्य महत्वपूर्ण अवसंरचनाएं शामिल हो सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने खाड़ी देशों से अमेरिका के साथ अपने प्रभाव का उपयोग कर सैन्य कार्रवाई के बजाय बातचीत और कूटनीतिक समाधान का रास्ता अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ईरान क्षेत्र में व्यापक संघर्ष से बचना चाहता है, लेकिन यदि उस पर हमला हुआ तो वह जवाबी कार्रवाई करने के लिए तैयार है।

### यमन के सरकारी सैन्य शिविरों पर हूती ने बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, हाहाकार, सैकड़ों जवानों के हताहत होने का दावा



**सना (यमन)।** यमन में हूती (अंसार अल्लाह) विद्रोहियों के गुरुवार को किए गए भीषण हमले में कम से कम 30 से 45 सैनिक मारे गए। हूती विद्रोहियों ने मारिब और हद्रमौत प्रांतों में सरकारी सैन्य ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन दागकर हमलों को अंजाम दिया। इन हमलों में घायल सैनिकों की संख्या 50 से ज्यादा बताई जा रही है। हूती ने हताहत सरकारी सैनिकों की संख्या सैकड़ों में बताई है। हूती यमन का चरमपंथी, राजनीतिक और सैन्य संगठन है। यह मुख्य रूप से यमन के उत्तरी हिस्से के जैदी शिया मुसलमानों का प्रतिनिधित्व करता है। इसे ईरान का सीधा समर्थन प्राप्त है। अमेरिका, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात हूती को आतंकी संगठन घोषित कर चुके हैं। यमन की न्यूज एजेंसी 'सबा' के एक्स हैंडल और अल जजीरा की वेबसाइट की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी अधिकारी हताहत सैनिकों की संख्या 45 से अधिक बता रहे हैं। अप्रैल 2022 के युद्धविराम के बाद इसे यमन में सबसे घातक सैन्य तनाव माना जा रहा है। यमन में हूती विद्रोहियों और सरकारी सेना के बीच लंबे समय से संघर्ष चल रहा है। पिछले कुछ वर्षों में हूती विद्रोहियों का प्रभाव तेजी से बढ़ा है। कहा जा रहा है कि हूती विद्रोहियों ने सरकारी सेना के शिविरों पर ताबड़तोड़ आठ बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन दागे। इससे सैन्य शिविरों में हाहाकार मच गया। शुरूआती रिपोर्ट में कहा गया कि हूती के हमले में 30 सैनिक मारे गए। बाद में बताया गया कि जान गंवाने वाले सैनिकों की संख्या लगभग 38 है। यह संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। हूती ने आधिकारिक रूप से इस हमले की जिम्मेदारी भी ली है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, हूती के हमले में घायल 50 से ज्यादा सैनिकों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कई घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी का दावा है कि स्थानीय समयानुसार गुरुवार लगभग दो बजे किए गए उनके हमले में सैकड़ों सरकारी सैनिक मारे गए हैं। उनके हमले में यमन की सरकारी सेना के शिविरों, हथियार डिपो और वाहनों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। यमन की सरकारी सेना ने इन हमलों की पुष्टि की। सरकारी सैन्य सूत्रों के अनुसार, हूती विद्रोहियों ने मारिब के उत्तर में स्थित अल-जौफ प्रांत से आठ मिसाइलें दागीं। इससे जानमाल की भारी क्षति हुई। हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। हूती ने यमन की सरकारी होमलैंड शील्ड फोर्सेज, इमरजेंसी फोर्सेज और हदरमौत में फर्स्ट मिलिट्री रीजन के शिविरों को निशाना बनाया। होमलैंड शील्ड फोर्सेज का गठन 2022 में सऊदी अरब के सहयोग से किया गया था। यह फोर्स मारिब-हदरमौत सीमा और सऊदी सीमा की सुरक्षा करती है।

### नेपाल-चीन व्यापार मार्ग के सीमा क्षेत्र में भूस्खलन, सशस्त्र पुलिस की बीओपी को नुकसान

**काठमांडू।** नेपाल-चीन सीमा के सबसे व्यस्त व्यापारिक नाका सिंधुपालचोक जिले की भोटेकोशी तातोपानी क्षेत्र में भूस्खलन होने से सशस्त्र प्रहरी बल (एपीएफ) के सीमा सुरक्षा बेस (बीओपी) को नुकसान पहुंचा है। हालांकि, इस घटना में किसी भी प्रकार की मानवीय क्षति नहीं हुई है। सशस्त्र प्रहरी बल के अनुसार, गुरुवार देररात करीब 1:15 बजे बीओपी के उत्तर-पश्चिम दिशा में स्थित लगभग 200 से 300 मीटर ऊंची पहाड़ी से भूस्खलन हुआ। भूस्खलन के साथ बड़े-बड़े पत्थर बीओपी परिसर तक आ पहुंचे, जिससे वहां की विभिन्न संरचनाओं को नुकसान पहुंचा। भूस्खलन के कारण पहली पंक्ति की बैरक की एक खिड़की का शीशा टूट गया, जबकि दूसरी पंक्ति की बैरक की दीवार और टीन की छत में कई जगह छेद हो गए। इसके अलावा, एक ड्यूटी पोस्ट पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि दूसरी ड्यूटी पोस्ट को आंशिक नुकसान पहुंचा है। परिसर में लगा राष्ट्रीय ध्वज का पोल भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सशस्त्र प्रहरी बल ने बताया कि इस दौरान बाथरूम, भंडार स्टोर भवन तथा मुख्य प्रवेश द्वार के सामने बनी सीढ़ियों को भी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी सुरक्षाकर्मी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है।

### नेपाल की संसद में काला चश्मा पहनकर पहुंचने पर रोक , स्पीकर का सभी से पालन करने का आग्रह

**काठमांडू।** नेपाल की संसद में कुछ समय से सदस्यों के पहनावे और खासतौर पर काले चश्मे को लेकर चल रही बहस अब औपचारिक निर्देश तक पहुंच गई है। प्रतिनिधिसभा के स्पीकर डोल प्रसाद अर्याल ने प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह, गृहमंत्री सुधन गुरूंग, भौतिक पूवार्धार मंत्री सुनिल लम्साल और अन्य सांसदों सहित सभी सदस्यों से संसद की बैठकों में काला चश्मा न पहनने और निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करने को कहा है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के निर्वाचित कई सांसद और मंत्री संसद की बैठकों में काला चश्मा पहनकर पहुंचते रहे हैं। विपक्षी सांसदों ने कई बार इसे संसदीय गरिमा और मयार्दा के प्रतिकूल बताया है। स्पीकर के निजी सचिव नवराज पाण्डे के अनुसार, निर्देश में कहा गया है कि सांसद निर्धारित पोशाक पहनें, सांसद का आधिकारिक लोगो लगाएं, लेकिन काला चश्मा लगाकर सदन में उपस्थित न हों। यह कदम संसद की गरिमा बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। बुधवार को कार्यव्यवस्था परामर्श समिति की बैठक में सांसदों के अनुशासन, उपस्थिति, पोशाक और संसदीय आचरण पर विस्तृत चर्चा हुई। स्पीकर ने विभिन्न दलों के मुख्य सचेतकों और सचेतकों से ड्रेस कोड लागू कराने में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। इसी दौरान नेपाली कांग्रेस की सांसद वासना थापा ने सवाल उठाया कि जब प्रधानमंत्री स्वयं काला चश्मा पहनकर सदन में आते हैं, तब नियमों का पालन कैसे सुनिश्चित होगा। इस पर सभापति ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री भी किसी राजनीतिक दल से जुड़े हैं और संबंधित दल के मुख्य सचेतक तथा सचेतक उन्हें आवश्यक निर्देश दे सकते हैं। बैठक में आरएसपी की सचेतक क्रान्तिशिखा धिताल ने कोट और आधिकारिक लोगो को अनिवार्य बनाने की बात रखी। राष्ट्रपति की उपस्थिति वाले दिन या अन्य विशेष समारोहों में ड्रेस कोड पहले से लागू होने का उदाहरण भी दिया गया।

## सावन में हरिद्वार से ऋषिकेश तक तेजस्वी सूर्या ने उठाई कांवड़, हरिद्वार से वीरभद्र तक निकली यात्रा

**ऋषिकेश।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बेंगलुरु दक्षिण से लोकसभा सांसद तेजस्वी सूर्या ने शुक्रवार को सावन मास के पावन अवसर पर हरिद्वार स्थित हर की पौड़ी में विधिवत पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इसके बाद उन्होंने सैकड़ों युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं और युवाओं के साथ हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़ यात्रा का शुभारंभ किया, जो ऋषिकेश के वीरभद्र में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर तेजस्वी सूर्या ने प्रदेशवासियों को सावन मास की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और अटूट आस्था का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी यह दशार्ती है कि नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता, भाईचारे और एकजुटता की भावना को भी मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। भाजयुमो की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी ने तेजस्वी सूर्या की कांवड़ यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे युवाओं को सकारात्मक संदेश मिला है। उन्होंने कहा कि जिस देश के युवाओं के पास आध्यात्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) दोनों की शक्ति होगी, वह हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर सकता है।

## मुख्यमंत्री कार्यालय, मुंबई मेयर को बम से उड़ाने की धमकी के बाद सुरक्षा बढ़ाई गई

एजेंसी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय, मुंबई की महापौर रितु तावड़े और शहर के प्रमुख ठिकानों को बम से उड़ाने की धमकीभरा ई-मेल मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। पुलिस, बम निरोधक दस्ता और फायर ब्रिगेड की टीमों ने ई-मेल में उल्लेखित सभी प्रमुख स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया, लेकिन कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। इस मामले की छानबीन साइबर पुलिस की टीम कर रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि धमकी भरा ई-मेल सुबह करीब 9.21 बजे महापौर की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजा गया था। ई-मेल में महापौर की आधिकारिक गाड़ी और कार्यालय के केबिन, मुंबई मेट्रो, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएससी), महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) मुख्यालय और अन्य कई कार्यालयों का भी उल्लेख करते हुए 15 अगस्त से पहले हमले की धमकी दी गई थी। ई-मेल में खलिस्तान समर्थक नारे और कुछ व्यक्तियों के नाम भी लिखे गए थे। इसमें अभिभावकों को बच्चों को स्कूल न भेजने और लोगों को मेट्रो से यात्रा नहीं करने की चेतावनी भी दी गई थी। धमकी देने वाले ने दावा किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से महापौर के कार्यालय और बीएससी में दोपहर 1.11 बजे, मुख्यमंत्री कार्यालय में 2.11 बजे तथा कई बीएमसी कार्यालयों में 3.11 बजे आईईडी विस्फोट किए जाएंगे। पिछले कुछ महीनों में महापौर के कार्यालय को मिला यह तीसरा धमकी भरा ई-मेल है। यह संदेश मिलने के बाद मुंबई पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए अलर्ट जारी किया है। पुलिस, फायर ब्रिगेड और बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वाड की टीमों ने बीएमसी मुख्यालय सहित सभी संवेदनशील स्थानों की गहन तलाशी ली। एहतियात के तौर पर कुछ इमारतों को खाली भी कराया गया। तलाशी के दौरान कोई विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री बरामद नहीं हुई।

## उत्तराखंड में अगले पांच दिन बारिश का दौर रहेगा जारी, भागीरथी और मंदाकिनी का जलस्तर बढ़ा

एजेंसी



**देहरादून।** उत्तराखंड में अगले पांच दिनों तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के अनुसार सात से 13 अगस्त तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है। नौ से 11 अगस्त के दौरान वर्षा की गतिविधियों में और तेजी आने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने कई जिलों में भारी वर्षा, भूस्खलन और आकाशीय बिजली की चेतावनी जारी करते हुए लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। लगातार बारिश के बीच चारधाम यात्रा मार्गों सहित अधिकांश राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात सुचारू है।

शुक्रवार को मौसम विभाग की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार अगले 24 घंटे में उत्तरकाशी,देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग और बागेश्वर जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। पर्वतीय क्षेत्रों में गरज-चमक, आकाशीय बिजली और तीव्र से अति तीव्र वर्षा के दौर की भी चेतावनी दी गई है। हरिद्वार जिले में भी कहीं-कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका व्यक्त की गई है। आठ अगस्त को रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी और बागेश्वर में, नौ अगस्त को देहरादून, नैनीताल, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, चमोली,बागेश्वर और चंपावत में और 10 और 11 अगस्त को देहरादून, पौड़ी, नैनीताल, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, चंपावत और उत्तरकाशी में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने का पूवार्नुमान है।

मौसम विभाग ने लगातार वर्षा के मद्देनजर संवेदनशील पर्वतीय क्षेत्रों में हल्के से मध्यम भूस्खलन, चट्टान गिरने, सड़कों एवं राष्ट्रीय राजमार्गों पर मलबा आने,नदी-नालों के उफान और निचले इलाकों में जलभराव की आशंका जताई है। लोगों को भूस्खलन संभावित क्षेत्रों और नदी-नालों के आसपास विशेष सावधानी बरतने तथा यात्रा के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी गई है। आकाशीय बिजली के दौरान घरों के भीतर रहने, खिड़की-दरवाजे बंद रखने और पेड़ों के नीचे शरण नहीं लेने की भी अपील की गई है।

मौसम विभाग के नवीनतम फ्लैश फ्लड गाइडेंस बुलेटिन के अनुसार फिलहाल उत्तराखंड के किसी भी क्षेत्र को फ्लैश फ्लड के लिहाज से चिंता वाले क्षेत्र की श्रेणी में नहीं रखा गया है। देहरादून में शुक्रवार सुबह से आसमान पर काले बादलों का डेरा छाया हुआ है। राजधानी समेत राज्य के कई हिस्सों में रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है।

इस बीच राज्य में चारधाम यात्रा मार्गों सहित अधिकांश राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात सामान्य बना हुआ है। ऋषिकेश-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग-134, ऋषिकेश-गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग-34,ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग-07, कर्णप्रयाग-थराली-ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग-109 के और तवाघाट-जुंजी राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात सुचारू रूप से संचालित हो रहा है।

हालांकि धारचूला-तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग कुलागाड़ के पास मलबा आने के कारण बंद है और उसे खोलने का कार्य जारी है। ऋषिकेश-केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग-107 पर तिलवाड़ा तथा बिजनौर-नजीबाबाद-कोटद्वार-सतपुली राष्ट्रीय राजमार्ग-119 पर दुगड्डा के पास मलबा हटाकर यातायात बहाल कर दिया गया है। राज्य मार्गों में कालसी-चकराता मार्ग भी खोल दिया गया है, जबकि मचूर्ला-सैरियाखेत-बैजरो-पोखरा-सतपुली-पौड़ी राज्य मार्ग के एक हिस्से पर यातायात अभी बाधित है और मार्ग खोलने का कार्य जारी है। केंद्रीय जल आयोग की शुक्रवार सुबह 10 बजे की रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखंड की कई प्रमुख नदियों का जलस्तर चेतावनी सीमा के करीब बना हुआ है। रिपोर्ट में अलकनंदा, मंदाकिनी, भागीरथी, गंगा और अन्य नदियों के विभिन्न निगरानी स्थलों पर जलस्तर दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक रुद्रप्रयाग में अलकनंदा का जलस्तर 626.50 मीटर दर्ज किया गया, जबकि चेतावनी स्तर 626 मीटर और खतरे का स्तर 627 मीटर है। इसी तरह रुद्रप्रयाग में मंदाकिनी का जलस्तर 622.70 मीटर दर्ज किया गया। देवप्रयाग में भागीरथी का जलस्तर 625.40 मीटर रहा, जबकि चेतावनी स्तर 625 मीटर निर्धारित है। वहीं टिहरी क्षेत्र में भागीरथी का जलस्तर 604.85 मीटर दर्ज किया गया।

## मध्य प्रदेश के धार में भोजशाला परिसर के पीछे निर्धारित स्थान पर ही हुई जुमे की नमाज

एजेंसी

**धार।** मध्य प्रदेश के धार जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर में शुक्रवार को हिंदू पक्ष ने हनुमान चालीसा का पाठ किया, जबकि मुस्लिम समाज ने परिसर के पिछले हिस्से की दाहिनी ओर पूर्व निर्धारित स्थान खसरा नंबर 612 पर जुमे की नमाज अदा की। नमाज और पूजा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। भोजशाला परिसर के पास नमाज के लिए स्थान को लेकर मुस्लिम पक्ष की अंतरिम याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई नहीं होने के बाद जिला प्रशासन ने खसरा नंबर 612 पर नमाज के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की थीं। शुक्रवार को दोपहर एक से तीन बजे के बीच निर्धारित स्थल पर जुमे की नमाज अदा की गई। पिछले शुक्रवार की तुलना में इस बार नमाज के लिए अधिक संख्या में लोग पहुंचे। प्रशासन की ओर से नमाज स्थल पर सुरक्षा, आवागमन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। पिछली बार बारिश के कारण मार्ग पर हुए कीचड़ को देखते हुए नगर पालिका ने रास्ते पर गिट्टी डालकर उसे समतल कराया था। पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। नमाज स्थल और भोजशाला परिसर के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल की तैनाती के साथ लगातार निगरानी रखी गई। उन्होंने बताया कि पूरे शहर में करीब एक हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत बैरिकेडिंग कर बिसलेरी मार्ग को बंद रखा गया और भोजशाला परिसर के आसपास आवाजाही नियंत्रित की गई। वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूर्व में चिन्हित अन्य स्थानों पर सहमति नहीं बन सकी थी। उन्होंने जिलेवासियों से शांति और सौहार्द बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने का भी आग्रह किया। उच्चतम न्यायालय में सुनवाई टली भोजशाला को लेकर लंबे समय से चल रहे कानूनी विवाद के बीच 15 मई 2026 को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने भोजशाला को वाग्देवी का मंदिर माना था।

# ईरान के केशम द्वीप के आसपास धमाके, होर्मुज में हालात नाजुक

एजेंसी



**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान के केशम द्वीप के आसपास हुए ताजा धमाकों से होर्मुज जलडमरूमध्य में हालात फिर से नाजुक हो गए हैं। यह धमाके एक तरह से तेहरान के लिए चेतावनी हैं। ईरान इस समय दुश्मन के जहाजों पर रोक लगाने के लिए विधेयक तैयार कर रहा है। ईरानी संसद ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण मजबूत करने के लिए प्रस्तावित विधेयक पर चर्चा की है। प्रस्तावित विधेयक के अनुसार, अमेरिका और इजराइल जैसे देशों के जहाजों के इस जलमार्ग से गुजरने पर रोक लगाई जाएगी। इस नियम का उल्लंघन करने पर जुमार्ना वसूला जाएगा।

गल्फ न्यूज और अल जजीरा की रिपोर्ट में ईरान की समाचार एजेंसी तस्नीम के हवाले से यह जानकारी दी गई है। इस बीच ईरानी संसद के अध्यक्ष और मुख्य वातार्कार मोहम्मद बागेर गालिबफ ने सोशल मीडिया पर ईरान और अमेरिका के बीच भरोसे की कमी के मुद्दे पर फिर से टिप्पणी की है। उन्होंने वाशिंगटन पर कभी सैन्य धमकी देने तो कभी कूटनीति की बात करने का आरोप लगाया है। ईरान के खुफिया मंत्रालय ने घोषणा की है कि किरमान प्रांत में इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए काम करने के आरोप में 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार रात ईरान के होर्मोजगन प्रांत में स्थित दक्षिणी केशम द्वीप पर दो धमाके हुए हैं। यह धमाके होर्मोज जलडमरूमध्य के प्रवेश द्वार पर किए गए। बताया गया है कि इससे पहले ईरानी सशस्त्र बलों की दुश्मन की सेना के साथ मुठभेड़ हई। होर्मोजगन के राजनीतिक, सुरक्षा और सामाजिक मामलों के डिप्टी गवर्नर अहमद नफीसी के हवाले से कहा गया है कि अधिकारी धमाकों की वजह पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं। इससे पहले गुरुवार दिन में सऊदी अरब के अल-हदाथ और अल-अरबिया न्यूज चैनल ने खबर दी कि ईरान और ओमान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को 60 दिनों के लिए फिर से खोलने के समझौते की रूपरेखा पर सहमति बन गई है। चीन की शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, इस समझौते को अभी ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की मंजूरी मिलनी बाकी है। इस समझौते के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य में प्रवेश करने वाले जहाज ईरान के पास वाले रास्ते का इस्तेमाल करेंगे। बाहर निकलने वाले जहाज ओमान के नजदीक वाले रास्ते से गुजरेंगे। इनसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। परिषद की मंजूरी मिलने के बाद अमेरिका और ईरान अपने शांति समझौते पर लौटते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य से कमर्शियल जहाजो की सुरक्षित आवाजाही और उसे फिर से खोलने की घोषणा करेंगे। कहा जा रहा है कि ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थों के जरिए संपर्क बना हुआ है। यह बातचीत अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उम्मीद जताई है कि ईरान के साथ जंग जल्द खत्म हो जाएगी। इस बीच ईरान ने तेहरान में आंतरिक सुरक्षा बढ़ा दी है।